CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 26°C
न्यूनतम : 16°C


लखनऊ, बुधवार 8 अप्रैल 2026 लखनऊ संस्करण: वर्ष 17 अंक 151 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com बैसाख कृष्ण पक्ष 6 विक्रमी सम्वत् 2083 19 शव्वाल 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



खड़गे का हिमंत पर हमला, लगाए भ्रष्टाचार के आरोप पेज 2



गुजरात को जीत की तलाश, दिल्ली की नजरें जीत की हैट्रिक पर खेल टाइम्स




क्यों कम हुई हेल्थ इंश्योरेंस कंपनियों की विश्वसनीयता सम्पादकीय



ईरान समर्थित समूहों का अमेरिकी ठिकानों पर ड्रोन हमला पेज 12



केरल विधानसभा चुनाव से पहले, वायनाड जिले के पदिनजरथारा में कांग्रेस महासचिव और वायनाड सांसद प्रियंका गांधी ने एक नुक्कड़ सभा को संबोधित किया।

# लैंगिक समानता के चश्मे से नहीं देखी जा सकती जरूरी धार्मिक प्रथाएं: केंद्र

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में सबरीमाला मंदिर में महिलाओं के प्रवेश से जुड़े 2018 के फैसले की समीक्षा याचिकाओं पर अंतिम सुनवाई शुरू हो गई है। केंद्र सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने दलील दी कि सभी संवैधानिक प्रश्नों को केवल लैंगिक समानता के दृष्टिकोण से नहीं देखा जा सकता और 10 से 50 वर्ष आयु वर्ग की महिलाओं के प्रवेश पर प्रतिबंध का बचाव किया।

मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता में नौ न्यायाधीशों की पीठ इस मामले की सुनवाई कर रही है। पीठ में न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना, एमएम सुंद्रेश, अहसानुद्दीन अमानुल्लाह, अरविंद कुमार, ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह, प्रसन्ना बी. वराले, आर. महादेवन और जॉयमाल्या बागची शामिल हैं। केन्द्र और केरल सरकार ने अपने पक्ष में कहा कि यह प्रतिबंध मंदिर के देवता की प्रकृति से जुड़ा एक आवश्यक धार्मिक आचरण है, जो न्यायिक समीक्षा के दायरे से बाहर है। सॉलिसिटर जनरल ने कहा कि भारत में धार्मिक विविधता है और विभिन्न धर्मों तथा संप्रदायों की अपनी-अपनी परंपराएं हैं, जिन्हें समझते हुए अदालत को निर्णय करना चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि अदालत धार्मिक सिद्धांतों की जांच नहीं कर रही है बल्कि संवैधानिक व्याख्या कर रही है और इसमें विविधता को ध्यान में रखना जरूरी है। गौरतलब है कि 28 सितम्बर 2018 को सुप्रीम कोर्ट की पांच न्यायाधीशों की पीठ ने 4:1 के बहुमत से मंदिर में महिलाओं के प्रवेश पर आयु संबंधी प्रतिबंध हटा दिया था।



■ सुप्रीम कोर्ट में सबरीमाला मंदिर में महिलाओं के प्रवेश से जुड़े 2018 के फैसले की समीक्षा याचिकाओं पर अंतिम सुनवाई शुरू

## जस्टिस नागरत्ना बोलीं: महिला को महीने के तीन दिन 'अछूत' मानें, चौथे दिन नहीं, ऐसा क्यों

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट की जस्टिस नागरत्ना ने कहा कि इस मामले में 'अनुच्छेद 17' यानी छुआछूत के खिलाफ अधिकार पर दलील किस तरह पेश की जाए, यह मेरी समझ से बाहर है। एक महिला होने के नाते मैं यह कहना चाहूंगी कि ऐसा नहीं हो सकता कि हर महीने 3 दिन तक तो महिला को अछूत माना जाए और चौथे दिन अचानक कोई अछूतपन न रह जाए। जस्टिस नागरत्ना ने कहा कि अगर कोई सामाजिक बुराई है, जिसे धार्मिक प्रथा का नाम दे दिया गया हो, तो अदालत उनके बीच फर्क कर सकती है कि वह एक सामाजिक बुराई है या कोई अनिवार्य धार्मिक प्रथा है। इस पर केंद्र ने कहा कि संवैधानिक दृष्टि से इसका जवाब यह होगा कि इसका समाधान अनुच्छेद 25(2)(इ) में है, यानी संसद इस पर कानून बना सकती है।



## संक्षिप्त समाचार

### अमरावती को आंध्र की राजधानी बनाने वाले अधिनियम को राष्ट्रपति की मंजूरी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अमरावती को आंध्र प्रदेश की नई राजधानी बनाने से संबंधित आंध्र प्रदेश पुनर्गठन (संशोधन) अधिनियम, 2026 को मंजूरी दे दी है। विधि और न्याय मंत्रालय ने एक अधिसूचना जारी कर कहा है कि राष्ट्रपति ने इस अधिनियम को मंजूरी दे दी। अधिसूचना में कहा गया है कि इस अधिनियम को आंध्र प्रदेश पुनर्गठन (संशोधन) अधिनियम, 2026 कहा जा सकता है और यह आगामी 2 जून से लागू माना जाएगा। दो जून से अमरावती विधिवत रूप से आंध्र प्रदेश की राजधानी बन जाएगी।

### मणिपुर: बम हमले में दो बच्चों की मौत के बाद हिंसा

**इंफाल।** मणिपुर के बिष्णुपुर जिले में मोइरांग ट्रोंगलाओबी इलाके में सोमवार देर रात उग्रवादियों ने एक घर में बम फेंक दिया। जिसमें 5 साल के एक लड़के और छह महीने की बच्ची की मौत हो गई। पुलिस ऑफिसर ने बताया कि जब घर में बम फटा, तब बच्चे अपनी मां के साथ बेडरूम में सो रहे थे। मां घायल है। स्थानीय लोगों ने घटना के विरोध में मंगलवार सुबह प्रोटेस्ट किया। इलाके में एक पेट्रोल पंप के पास दो ऑयल टैंकर और एक ट्रक में आग लगा दी। उन्होंने मोइरांग पुलिस स्टेशन के सामने टायर जलाए और एक पुलिस चौकी को तोड़ दिया। इसके बाद भीड़ ने घटनास्थल से 100 मीटर दूर सीआरपीएफ कैंप पर भी हमला कर दिया। जवाबी फायरिंग में 2 की मौत हो गई, पांच घायल हो गए।

### लश्कर के अंतर राज्यीय आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने प्रतिबंधित संगठन लश्कर-ए-तैयबा के एक अंतर-राज्यीय आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ करते हुए पांच लोगों को गिरफ्तार किया है, जिनमें दो संदिग्ध पाकिस्तानी आतंकवादी भी शामिल हैं। पुलिस ने इस मॉड्यूल के पकड़े जाने के संबंध में अभी तक आधिकारिक तौर पर कोई बयान जारी नहीं किया है। पिछले कई हफ्तों से चल रहे एक अभियान के दौरान पुलिस ने जम्मू-कश्मीर के बाहर से लश्कर-ए-तैयबा के दो पाकिस्तानी आतंकवादियों को गिरफ्तार किया।

# ईरान में आज रात पूरी सभ्यता होगी खत्म: ट्रम्प

## कहा: ईरान की सभ्यता को फिर कभी वापस नहीं लाया जा सकेगा

वाशिंगटन, वार्ता

**अमेरिकी** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने मंगलवार रात ईरान की पूरी सभ्यता खत्म करने की धमकी दी है। उन्होंने कहा कि मंगलवार रात एक पूरी सभ्यता खत्म हो जाएगी, जिसे फिर कभी वापस नहीं लाया जा सकेगा।

उन्होंने कहा कि मैं नहीं चाहता कि ऐसा हो, लेकिन शायद ऐसा ही होगा। हालांकि, अब वहां सत्ता पूरी तरह बदल चुकी है, जहां अलग, ज्यादा समझदार और कम कट्टर सोच वाले लोग मौजूद हैं। कौन जानता है कि शायद कुछ बहुत शानदार और क्रांतिकारी हो सकता हो? ट्रम्प ने दावा किया कि मंगलवार रात हम दुनिया के लंबे और जटिल इतिहास के सबसे अहम पल के गवाह बनेंगे। 47 सालों की ज्यादती, भ्रष्टाचार और मौत का सिलसिला आखिरकार खत्म हो जाएगा। ईश्वर ईरान के लोगों की रक्षा करे। अमेरिका और इजरायल ने मंगलवार को ईरान में कई जगहों पर हमला किया। सबसे बड़ा हमला खर्ग आइलैंड पर हुआ, जहां आयल टर्मिनल को निशाना बनाया गया। ईरान का करीब 80 से 90 फीसदी कच्चा तेल यहीं से एक्सपोर्ट होता है। इसी दौरान कोम और कशान में भी पुलों को निशाना बनाया गया। काशान के पास यहयाबाद रेलवे पुल पर हमले में 2 लोगों की मौत हो गई और 3 लोग घायल हुए हैं। इसके अलावा उत्तर-पश्चिम ईरान में तबरीज-जंजान हाईवे के पुल पर भी हमला किया गया। इससे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने चेतावनी दी थी कि अगर ईरान ने मंगलवार को रात 8 बजे (अमेरिका समयानुसार) तक होर्मुज स्ट्रेट नहीं खोला, तो उसके जरूरी ठिकानों पर हमला किया जाएगा। इन हमलों के बाद ईरान ने जवाबी कार्रवाई करते हुए यूएई के शारजाह में हमला किया। ईरान पहले ही कह चुका था कि अब वह चुप नहीं बैठेगा। अमेरिका और उसके सहयोगियों के ठिकानों को निशाना बनाएगा। अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने कहा है कि ईरान के साथ चल रहे युद्ध में अमेरिका ने अपने ज्यादातर सैन्य टारगेट हासिल कर लिए हैं।






■ खर्ग द्वीप-पुल को बनाया निशाना, एक साथ 50 ठिकाने तबाह
■ IRGC ने अमेरिका को लक्ष्मण रेखा पार न करने की चेतावनी दी



**तेहरान।** ईरान के खर्ग द्वीप पर मंगलवार को ताबड़तोड़ हमले किए गए हैं। कोम शहर के पास एक पुल को भी निशाना बनाया गया। आईआरजीसी ने अमेरिका को लक्ष्मण रेखा पार न करने की चेतावनी दी है। प्रांत के डिप्टी गवर्नर मोर्तेजा हेदरी ने जानकारी दी कि मंगलवार को अमेरिका और इजरायल ने ईरान के कोम शहर के पास एक पुल पर हमला किया। वॉल स्ट्रीट जर्नल की रिपोर्ट के मुताबिक, खर्ग द्वीप पर 50 ठिकानों को निशाना बनाया गया है। सरकारी टेलीविजन चैनल के अनुसार, तेहरान के दक्षिण में स्थित कोम के बाहर यह हमला हुआ। डिप्टी गवर्नर मोर्तेजा हेदरी ने कहा कि कुछ मिनट पहले कोम की संपर्क लाइनों में आने वाले एक पुल को निशाना बनाया गया। उन्होंने कहा कि यह हमला अमेरिकी और जायनिस्ट दुश्मनों के प्रोजेक्टाइल से किया गया। हमले के बाद इलाके में तनाव बढ़ गया है। ईरान के पूर्वोत्तरी शहर मशहद में रेल सेवाएं अचानक रोक दी गई हैं। यह फैसला सुरक्षा कारणों से लिया गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, शहर के गवर्नर ने केंद्रीय रेल स्टेशन से चलने वाली सभी ट्रेनों को तत्काल प्रभाव से रद्द कर दिया है। मेहर न्यूज एजेंसी के अनुसार, यह एक एहतियाती कदम है। अगले आदेश तक यह फैसला लागू रहेगा।

# शिक्षामित्रों-अनुदेशकों का मानदेय बढ़ा

## योगी सरकार ने दी 49 नए बस अड्डों को मंजूरी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई कैबिनेट बैठक में 22 अहम प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। बैठक के बाद मंत्रिमंडल के फैसलों की जानकारी देते हुए मंत्रियों ने शिक्षा, परिवहन, औद्योगिक विकास समेत कई क्षेत्रों में बड़े निर्णयों की घोषणा की।

कैबिनेट के सबसे महत्वपूर्ण फैसलों में अंशकालिक शिक्षामित्रों और अनुदेशकों के मानदेय में वृद्धि शामिल है। बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह ने बताया कि शिक्षामित्रों का मानदेय 10,000 रुपये से बढ़ाकर 18,000 रुपये किया गया है। उन्होंने बताया कि अनुदेशकों का मानदेय 9,000 रुपये से बढ़ाकर 17,000 रुपये कर दिया गया है। यह बढ़ोतरी एक अप्रैल से लागू मानी जाएगी और मई से बढ़ा हुआ भुगतान खातों में आना शुरू होगा। प्रदेश में लगभग 1.42 लाख शिक्षामित्र और करीब 24 हजार अनुदेशक कार्यरत हैं। इस निर्णय से राज्य सरकार पर करीब 217 करोड़ रुपये से अधिक का अतिरिक्त वित्तीय भार पड़ेगा। परिवहन क्षेत्र में भी बड़ा फैसला लिया गया है। पीपीपी मॉडल पर 49 नए बस अड्डों के निर्माण को मंजूरी मिली है। पहले चरण में 23 बस अड्डों की प्रक्रिया जारी थी, अब कुल 52 जनपदों को इससे जोड़ा जाएगा। बस अड्डों को एयरपोर्ट जैसी आधुनिक सुविधाओं से लैस किया जाएगा। इसके अलावा हाथरस (सिकंदराराऊ), बुलंदशहर (डिबाई) और बलरामपुर (तुलसीपुर) में विभिन्न विभागों की जमीन बस अड्डा निर्माण के लिए हस्तांतरित करने को भी स्वीकृति दी गई। मंत्री असीम अरुण ने बताया कि 'डा. बीआर अंबेडकर मूर्ति विकास योजना' के तहत समाज सुधारकों की मूर्तियों के आसपास छतरी, बाउंड्री और सौंदर्यकरण का कार्य कराया जाएगा। इसमें डा. भीमराव अंबेडकर सहित अन्य महापुरुषों के स्थल शामिल होंगे। कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि औद्योगिक विकास विभाग से जुड़े 8 निवेश प्रस्तावों को मंजूरी दी गई, जिनमें, शाहजहांपुर में एग्रो केमिकल्स प्लांट (589 करोड़), गोरखपुर में एथेनॉल उत्पादन क्षमता विस्तार (669 करोड़) और बुंदेलखंड व यमुना अथॉरिटी क्षेत्र में सोलर प्लांट (3805 करोड़) शामिल है।

■ शिक्षामित्रों का मानदेय 10,000 से बढ़ाकर 18,000 रुपये किया गया

# रसोई गैस के बाद अब पीएनजी भी महंगी

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया संकट के कारण रसोई गैस (एलपीजी) के बाद अब पाइपलाइन के जरिये किचन तक आने वाली प्राकृतिक गैस (पीएनजी) के दाम भी बढ़ गए हैं।

दिल्ली-एनसीआर के साथ कानपुर, मेरठ, अजमेर जैसे कई शहरों में घरों में पीएनजी की आपूर्ति करने वाली कंपनी इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड (आईजीएल) ने एक अप्रैल से पीएनजी की कीमत बढ़ाकर दिल्ली में 49.59 रुपये प्रति मानक घन मीटर (एससीएम) कर दिया है। इससे पहले एक जनवरी 2026 से इसकी कीमत 47.89 रुपये प्रति एससीएम थी। इस प्रकार राष्ट्रीय राजधानी में पीएनजी 1.70 रुपये प्रति एससीएम महंगी हो गई है। एनसीआर के दूसरे शहरों में भी कीमत 1.70 रुपये प्रति एससीएम बढ़ाई गई है, जबकि दूसरे शहरों में पीएनजी एक रुपये महंगी की गई है। नोएडा, ग्रेटर नोएडा और गाजियाबाद में एक एससीएम पीएनजी की कीमत 47.76 रुपये से बढ़ाकर 49.46 रुपये कर दी गई है। मुजफ्फरनगर, मेरठ और शामली में 48.35 रुपये, किए गए।

■ IGL ने बढ़ाए दाम

## एयर इंडिया के टिकट आज से होंगे महंगे

**नई दिल्ली।** टाटा समूह की विमान सेवा कंपनी एयर इंडिया और उसकी सहायक कंपनी एयर इंडिया एक्सप्रेस ने बुधवार 8 अप्रैल से टिकट पर ईंधन शुल्क बढ़ाने की घोषणा की है। एयरलाइंस ने मंगलवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि देश में और वैश्विक स्तर पर विमान ईंधन की कीमतों में पिछले कुछ समय में आई तेजी को देखते हुए ईंधन शुल्क बढ़ाना अनिवार्य हो गया था। घरेलू मार्गों पर 8 अप्रैल या उसके बाद बुक कराई गई टिकटों पर पांच सौ किमी तक की दूरी के लिए 299 रुपये ईंधन शुल्क लगेगा।

# मथुरा में सीएम योगी के कार्यक्रम का टेंट आंधी में उड़ा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** देश के 20 से ज्यादा राज्यों में आज से आंधी-तूफान और बारिश की संभावना है। मंगलवार से नया वेस्टर्न डिस्टर्बेंस सक्रिय हो गया है। बैक-टु-बैक दो सिस्टम एक्टिव होने से मौसम में बदलाव है। यूपी के लखनऊ, मेरठ और गाजियाबाद में मंगलवार दोपहर बारिश हुई।

मथुरा में तेज आंधी से सीएम योगी के कार्यक्रम का टेंट उड़ गया। वहीं राजस्थान के रेगिस्तानी जिले नागौर में बारिश के साथ ओले गिरे। जयपुर, बीकानेर और टोंक में भी तेज बारिश हुई। इधर, मध्य प्रदेश में अगले 3 दिन आंधी-बारिश और ओले गिरने की संभावना रहेगी। ग्वालियर में मंगलवार को बारिश हुई, जबकि 34 जिलों में अलर्ट है। हिमाचल प्रदेश के चंबा में मंगलवार सुबह लैंडस्लाइड से एक निर्माणाधीन पुल टूट गया। भरमौर और होली क्षेत्र को जोड़ने वाला सिंयूर पुल रावी नदी में समा गया। इसके बाद क्षेत्र के कई गांवों का जिला मुख्यालय से संपर्क टूट गया है। उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग, पिथौरागढ़ और चमोली में मंगलवार को बर्फबारी हुई। दिल्ली-एनसीआर में भी मंगलवार को बारिश हुई।

■ राजस्थान के रेगिस्तान में ओले गिरे, मप्र में बारिश, हिमाचल में लैंडस्लाइड से पुल नदी में गिरा



नई दिल्ली: इंडिया गेट पर हल्की बूंदाबांदी के बीच बदले मौसम का लुत्फ उठाते पर्यटक।

# कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा के घर पहुंची असम पुलिस

**नई दिल्ली।** असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा की पत्नी रिनिकी भुइयां सरमा की ओर से कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता पवन खेड़ा के खिलाफ दर्ज कराई गई प्राथमिकी के सिलसिले में पूछताछ के लिए असम पुलिस की एक टीम श्री खेड़ा के राष्ट्रीय राजधानी स्थित आवास पर पहुंची है।

श्री खेड़ा ने हाल ही में यह आरोप लगाया था कि श्रीमती सरमा के पास तीन विदेशी पासपोर्ट और अमेरिका और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में अघोषित संपत्तियां हैं। मुख्यमंत्री और उनकी पत्नी ने इन आरोपों को पूरी तरह गलत और निराधार बताया था। श्रीमती सरमा ने इन आरोपों पर श्री खेड़ा के खिलाफ असम की क्राइम ब्रांच में प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

■ हिमंत सरमा की पत्नी की प्राथमिकी के बाद जांच के सिलसिले में होगी पूछताछ

CMYK



## संक्षिप्त समाचार

### अचानक गोलीबारी में सीआरपीएफ जवान की मौत

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में मंगलवार को दुर्घटनावश गोलीबारी की घटना में केंद्रीय रिजर्व पुलिस फोर्स (सीआरपीएफ) के एक जवान की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों ने बताया कि जम्मू-कश्मीर के सांबा जिले के चक दयाला गांव के रहने वाले सीआरपीएफ जवान अब्दुल गनी की पुंछ जिले के कामसर स्थित सीआरपीएफ यूनिट मुख्यालय में अपनी ही सर्विस राइफल (आईएनएसएएस) से दुर्घटनावश गोलीबारी में मौत हो गई। पुलिस ने कहा कि गोलीबारी की घटना के कारणों का पता लगाया जा रहा है और मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### पवन खेड़ा मामले में कांग्रेस का हमला

**नई दिल्ली।** कांग्रेस संचार विभाग प्रभारी जयराम रमेश ने मीडिया विभाग चेयरमेन पवन खेड़ा के घर मंगलवार दिल्ली पुलिस और असम पुलिस के पहुंचने पर असम सरकार पर जमकर हमला बोला। रमेश ने सोशल मीडिया के माध्यम से कहा कि एक जनहित के मुद्दे पर सवाल उठाने के लिए पुलिस की पूरी फौज लगाना इस बात का प्रमाण है कि असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा घबराए, परेशान और बौखलाए हुए हैं। उन्होंने इसे कानून की उचित प्रक्रिया नहीं, बल्कि राजनीतिक प्रतिशोध बताया। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य की मशीनरी का इस्तेमाल विपक्ष की आवाज को दबाने और डराने के लिए किया जा रहा है, क्योंकि विपक्ष सरकार के 'काले कारनामों' को उजागर कर रहा है। कांग्रेस नेता ने कहा कि जो लोग डराने-धमकाने की राजनीति करते हैं, वही सबसे ज्यादा डरे हुए होते हैं और उनके पास छिपाने के लिए बहुत कुछ होता है।

# बारिश: यूपी के 50 जिलों में ऑरेंज अलर्ट

## अगले 48 घंटे में बरसात और ओलावृष्टि की संभावना

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** यूपी में अगले 48 घंटे पश्चिमी और पूर्वी दोनों संभागों के लिए भारी हो सकते हैं। प्रदेशभर में आज तेज आंधी के साथ बारिश, बिजली गिरने और ओलावृष्टि की चेतावनी दी गई है। मंगलवार सुबह से नोएडा, गाजियाबाद मेरठ समेत प्रदेश के कई जिलों में काले बादल छाए हुए हैं। कई जगहों पर बादलों की तेज गड़गड़ाहट हो रही है, तो कहीं बारिश भी देखने को मिल रही हैं।

मौसम विभाग के अनुसार यूपी में अगले 48 घंटे किसानों के लिए बहुत भारी होने वाले हैं। बुधवार 8 अप्रैल को भी पश्चिमी और पूर्वी दोनों ही संभाग में लगभग सभी जगहों पर मेघ गर्जन, वज्रपात, आंधी और तेज बारिश होने का ऑरेंज अलर्ट दिया गया है। दोनों ही संभागों में ओलावृष्टि की भी चेतावनी है, जिससे किसानों की फसलों को नुकसान हो सकता है। यूपी में आज आगरा, मथुरा, हाथरस, अलीगढ़, कासगंज, एटा, मैनपुरी, फिरोजाबाद, इटावा, औरेया और जालौन में



तेज आंधी-तूफान के साथ बारिश और ओले गिरने की चेतावनी दी गई है। कहीं-कहीं बिजली गिरने की भी आशंका है।

### इन जिलों में आंधी-बारिश की येलो अलर्ट

नोएडा, गाजियाबाद, मेरठ, हापुड़, बागपत, शामली, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, महोबा, अमरोहा, सम्भल, बदायूं, फर्रुखाबाद, हरदोई, कानपुर और उन्नाव में

**■ नोएडा, गाजियाबाद, मेरठ, हापुड़, बागपत, शामली, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर समेत 43 जिलों में अलर्ट जारी**

आज कुछ स्थानों पर आंधी-बारिश का अलर्ट है, जबकि मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, लखीमपुर खीरी, लखनऊ, सीतापुर, बाराबंकी, गोंडा, बहराइच, श्रावस्ती, अयोध्या, अमेठी, सुल्तानपुर, रायबरेली, प्रतापगढ़, चित्रकूट, बांदा, हमीरपुर, महोबा, झांसी और ललितपुर में एक या दो जगहों पर बारिश हो सकती हैं। प्रदेश के बाकी हिस्से में आज मौसम सामान्य रहेगा। इन जिलों के लिए कोई चेतावनी नहीं दी गई है। मौसम विभाग के मुताबिक अगले 24 घंटों में प्रदेश के अधिकतम तापमान में 2.4 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी होगी। इसके बाद 6.8 डिग्री की अचानक बढ़ोतरी हो सकती हैं। 9 और 10 अप्रैल को बारिश का सिलसिला थम जाएगा।

# मंत्री की करतूतों पर चले बुलडोजर: सपा

शाह टाइम्स ब्यूरो



**बस चालकों की ओर से वेतन उठाए जाने के मामले में अखिलेश यादव का सीएम योगी पर हमला, सड़कें धंसी हुई हैं, परिवहन विभाग में भ्रष्टाचार का हुआ खुलासा**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के परिवहन विभाग में बगैर बस चलाए चालकों द्वारा वेतन उठाए जाने का मामला सामने आने के बाद समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने योगी सरकार हमला बोलते हुए कहा कि मुख्यमंत्री को बसों पर बुलडोजरष चलाने का नाटक करने के बजाय मंत्री की भ्रष्ट करतूतों पर चलवाने चाहिए।

यादव ने मंगलवार को एक्स पर लिखा कि सब जानते हैं चलेगा (बुलडोजर) नहीं, क्योंकि इस गोरखधंधे का सबसे बड़ा हिस्सा तो 'मुख्य-दान पेटी' में ही आता है। इसीलिए मंत्री पर उनकी 'दया-दृष्टि' आमदनी के आगमन के अनुपात में बनी रहेगी। उन्होंने कहा कि इधर गर्मियों की छुट्टियों में जनता आने-जाने के लिए परेशान है और उधर भाजपाई और उनके संगी-साथी परिवहन विभाग के पहिए खोलकर बेचने में लगे हैं। यही वो कारण है जिसकी वजह से उप्र के विकास की गाड़ी भाजपा के भ्रष्टाचार की मारी धंसी सड़क में धंसकर पूरी तरह ठहर गई है। अखिलेश यादव ने कहा कि यातायात और आवागमन की व्यवस्था का बाधित होना सीधे तौर पर अर्थव्यवस्था पर असर डालता है। उन्होंने कहा कि भाजपाई ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था नहीं, ट्रिलियन डॉलर की अपनी व्यवस्था बनाने में लगे हैं। भाजपा को आम जनता से न कोई मतलब था, न है, न कभी रहेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा जाए तो बस चल पाए, पर चिंता न करें बुरे दिन जानेवाले हैं। गौरतलब है कि परिवहन विभाग में भ्रष्टाचार को लेकर एक बड़ा खुलासा सामने आया है। जानकारी के अनुसार, 1671 ड्राइवर ऐसे पाए गए हैं जो बिना बस चलाए ही वेतन उठा रहे हैं, जबकि करीब 50 प्रतिशत चालकों का रिकॉर्ड शून्य किलोमीटर का दर्ज हुआ है। फिलहाल, इस पूरे मामले पर सरकार या परिवहन विभाग की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

# प्रीपेड या पोस्टपेड स्मार्ट मीटर का खुद करें चुनाव

शाह टाइम्स ब्यूरो

**केंद्र सरकार और केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण ने जारी किया आदेश**

**लखनऊ।** सरकार ने प्रीपेड स्मार्ट मीटर की अनिवार्यता खत्म कर दी है। अब उपभोक्ता अपनी सुविधा के अनुसार प्रीपेड या पोस्टपेड मीटर चुन सकेंगे, जिससे लाखों लोगों को राहत मिली है। लखनऊ में बिजली बिल और मीटर को लेकर लंबे समय से चल रही बहस में अब उपभोक्ताओं के पक्ष में फैसला आया है।

केंद्र सरकार ने प्रीपेड स्मार्ट मीटर की अनिवार्यता पूरी तरह खत्म कर दी है। अब सिर्फ स्मार्ट मीटर लगाए जाएंगे, लेकिन वे प्रीपेड हों या पोस्टपेड, यह फैसला पूरी तरह उपभोक्ता पर निर्भर करेगा। केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (सीईए) ने यह आदेश जारी किया है। आदेश के मुताबिक जहां संचार नेटवर्क उपलब्ध है, वहां सभी नए और पुराने बिजली कनेक्शनों पर स्मार्ट मीटर लगाए जाएंगे, लेकिन प्रीपेड मोड अब अनिवार्य नहीं रहेगा। उत्तर प्रदेश पावर कॉर्पोरेशन के आंकड़ों के अनुसार प्रदेश में अभी 78 लाख से अधिक स्मार्ट मीटर लग चुके हैं, जिनमें 70 लाख प्रीपेड स्मार्ट मीटर हैं। नए कनेक्शनों पर अब तक अनिवार्य रूप से प्रीपेड मीटर ही लगाए जा रहे थे। राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने इस अनिवार्यता का लगातार विरोध किया था। संसद में उठे सवालों के जवाब में केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने स्पष्ट कहा था कि प्रीपेड मीटर लगाना अनिवार्य नहीं है। यह पूरी तरह उपभोक्तराओं की इच्छा पर निर्भर करता है।

## सचिव ने यूपी के डीआईओएस व बीएसए को जारी किए आदेश

# अवैध स्कूलों और कोचिंगों पर लगेगा अंकुश

शाह टाइम्स ब्यूरो



**■ अभियान 18 अप्रैल तक चलाया जाएगा, बिना मान्यता स्कूल चलाना पूरी तरह प्रतिबंधित, कठोर कार्रवाई का प्रावधान**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद ने प्रदेश भर में अमान्य विद्यालयों और नियम विरुद्ध चल रही निजी कोचिंग की गतिविधियों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

मंगलवार को परिषद के सचिव भगवती सिंह आदेश जारी कर सभी जिला विद्यालय निरीक्षकों (डीआईओएस), जिला बेसिक शिक्षा अधिकारियों (बीएसए) और खंड शिक्षा अधिकारियों (बीईओ) को 18 अप्रैल तक विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। परिषद के सचिव भगवती सिंह के स्तर से जारी निर्देश के अनुसार, प्रदेश के विभिन्न जिलों में बिना मान्यता प्राप्त विद्यालयों के संचालन और शिक्षकों के निजी कोचिंग संस्थानों में संलग्न होने की शिकायतें लगातार मिल रही हैं। जबकि इसे शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009, परिषद के विनियमों और कोचिंग नियमन से जुड़े नियमों का उल्लंघन माना गया है। परिषद ने स्पष्ट किया है कि बिना मान्यता विद्यालय चलाना पूरी तरह प्रतिबंधित है और ऐसे मामलों में आर्थिक दंड सहित कठोर कानूनी कार्रवाई का प्रावधान है। साथ ही, मान्यता प्राप्त विद्यालयों के शिक्षकों द्वारा निजी कोचिंग में पढ़ाना भी नियमों के विरुद्ध है, जिस पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। परिषद ने उच्च न्यायालय के निर्देशों के अनुपालन में कहा है कि शासन स्तर पर पहले ही जिला विद्यालय निरीक्षक की अध्यक्षता में एक समिति गठित की जा चुकी है, जिसमें बीएसए और बीईओ सदस्य हैं। सचिव भगवती सिंह ने कहा कि अभियान के बाद सभी जनपदों को 30 अप्रैल 2026 तक विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करनी होगी। रिपोर्ट में अवैध विद्यालयों की संख्या, उनके खिलाफ की गई कार्रवाई, निजी कोचिंग में शिक्षकों की संख्या व उनके विरुद्ध कदमों का विवरण देना अनिवार्य होगा।

### आबकारी विभाग में 722 पदों पर बंपर भर्ती

**लखनऊ।** यूपी के बेरोजगारों के लिए आबकारी विभाग में सिपाही बनने का सुनहरा मौका है। विभाग ने बंपर वेकेंसी निकाली है। उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग ने आबकारी सिपाही मुख्य परीक्षा के लिए आवेदन मांगे हैं। आबकारी सिपाही के 722 पदों के लिए विज्ञापन निकाला गया है। सिपाही बनने के लिए इच्छुक इन पदों के लिए आवेदन कर सकते हैं। आबकारी सिपाही मुख्य परीक्षा के लिए केवल वही अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं, जो विज्ञापन में दी गई शर्तों को पूरा करते हैं। प्रारंभिक क्वालीफिकेशन परीक्षा 2025 प्रिलिमनरी एलिजिबिलिटी टेस्ट (पेट 2025) में सम्मिलित हुए हों और उन्हें आयोग की ओर से प्रारंभिक एलिजिबिलीटी परीक्षा 2025 का स्कोर कार्ड जारी किया गया हो। मुख्य परीक्षा के लिए अभ्यर्थी की शॉर्ट लिस्टिंग उनके प्रीलिमनरी एलिजिबिलिटी टेस्ट पेट 2025 के नॉर्मलाइज्ड स्कोर के आधार पर मेरिट के अनुसार की जाएगी।

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

## अर्थ व्यापार



सेंसेक्स 74616.58
निफ्टी 23123.65



सोना 147000
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)



चांदी रु. 231000
प्रति किलो



# शेयर बाजारों में तेजी जारी सेंसेक्स 510 अंक चढ़ा

मुंबई, वार्ता

घरेलू शेयर बाजारों में मंगलवार को लगातार चौथे दिन तेजी देखी गई और बीएसई का सेंसेक्स 509.73 अंक (0.69 प्रतिशत) चढ़कर 74,616.58 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 155.40 अंक यानी 0.68 प्रतिशत की बढ़त में 23,123.65 अंक पर पहुंच गया।

शुरुआती गिरावट के बाद बाजार में तेजी लौट आई। सुबह के कारोबार में सेंसेक्स एक समय 800 अंक से ज्यादा लुढ़क गया था, लेकिन दोपहर बाद कम कीमत पर हुई लिवाली से यह हरे निशान में लौट गया। मझौली कंपनियों में तेजी रही जबकि छोटी



कंपनियों में बिकवाली हावी रही। निफ्टी मिडकैप.50 सूचकांक 0.43 प्रतिशत ऊपर बंद हुआ। वहीं, स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.06 प्रतिशत फिसल गया। आईटी कंपनियों में दोपहर बाद लिवाली तेज होने से बाजार को समर्थन मिला। धातु, रियलटी, एफएमसीजी, निजी बैंकों और मीडिया कंपनियों के समूहों में भी तेजी रही। वहीं, सार्वजनिक बैंक और टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद समूह गिरावट में रहे। सेंसेक्स की कंपनियों में एचसीएल टेक्नोलॉजीज का शेयर पौने तीन फीसदी ऊपर बंद हुआ।

टीसीएस, इंफोसिस और भारती एयरटेल में भी दो प्रतिशत से अधिक की तेजी दर्ज की गई। सनफार्मा, टेक महिंद्रा, हिंदुस्तान यूनीलिवर, आईटीसी, आईसीआईसीआईआई बैंक और मारुति सुजुकी के शेयर भी एक से दो प्रतिशत चढ़ गए। टाटा स्टील, एनटीपीसी, बजाज फिनसर्व, कोटक महिंद्रा बैंक, बजाज फाइनेंस और एक्सिस बैंक के शेयर भी हरे निशान में रहे। इंडिगो, अडानी पोर्ट्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा और टाइटन के शेयरों में गिरावट दर्ज की गई।

# सोना और चांदी की कीमतों में गिरावट

**नई दिल्ली।** सोने-चांदी की कीमतों में मंगलवार को गिरावट दर्ज की गई है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के मुताबिक 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 2 हजार रुपए घटकर 1.47 लाख रुपए आ गया है। इससे पहले यह 1.49 लाख रुपए पर था। एक किलो चांदी 3 हजार रुपए घटकर 2.31 लाख रुपए रह गई।

साल की शुरुआत में सोने में तेजी थी, लेकिन हाल के हफ्तों में मुनाफावसूली और ईरान जंग से गिरावट आई है। अपने उच्चतम स्तर से सोना अब तक 29 हजार सस्ता हो चुका है। चांदी में सोने के मुकाबले ज्यादा उतार-चढ़ाव रहा और यह ऑल टाइम हाई से तेजी से नीचे आई है। चांदी ऑल टाइम हाई से 1.54 लाख सस्ती हो चुकी है। हमेशा ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड का हॉलमार्क लगा हुआ सर्टिफाइड गोल्ड ही खरीदें। सोने का सही वजन और खरीदने के दिन उसकी कीमत कई सोर्सेज (जैसे इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन की वेबसाइट) से क्रॉस चेक करें। सोने का भाव 24 कैरेट, 22 कैरेट और 18 कैरेट के हिसाब से अलग-अलग होता है। चांदी असली सिल्वर चुंबक से नहीं चिपकती।

# मॉर्गन स्टेनली ने भारत की वृद्धि का अनुमान घटाया

नई दिल्ली, वार्ता

पश्चिम एशिया और पश्चिमी देशों की कठिन परिस्थितियों के मद्देनज वित्त और निवेश के कारोबार में लगे वैश्विक संगठन मॉर्गन स्टेनली ने वित्त वर्ष 2026.27 के लिए भारत के वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में वृद्धि के अनुमान को प्रतिशत 0.30 अंक घटाकर 6.2 प्रतिशत कर दिया है।

इससे पहले संगठन ने 6.5 प्रतिशत की वृद्धि होने का अनुमान लगाया था। मॉर्गन स्टेनली का अनुमान है कि 2026.27 में कच्चे तेल की औसत कीमत 95 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल रहेगी तथा गैस की उपलब्धता एक अतिरिक्त बाधा होगी। मॉर्गन स्टेनली की ताजा रिपोर्ट में कहा गया है कि ईंधन की बढ़ती कीमत और औद्योगिक आपूर्ति में कमी से उत्पादन के संसाधनों की लागत बढ़ रही हैं और चुनिंदा वस्तुओं के उत्पादन में कटौती करनी पड़ रही है। रुपये की कमजोरी के बीच आयातित महंगाई बढ़ रही है। मॉर्गन स्टेनली ने आगे कहा कि उत्पादन की उच्च लागत, मुद्रा की कमजोरी और खाद्य/मुख्य वस्तुओं की कीमतों में मजबूती के कारण वित्त वर्ष 27 में औसत खुदरा मुद्रास्फीति साल-दर-साल आधार पर बढ़कर 5.1 प्रतिशत तक पहुंच जाएगी। तेल की ऊंची कीमतों के कारण वित्त वर्ष 2026.27 में चालू खाते का घाटा (कैड) प्रतिशत लगभग 1.50 अंक बढ़कर जीडीपी के लगभग 2.5 प्रतिशत तक पहुंच सकता है। मॉर्गन स्टेनली के विश्लेषकों ने कहा है, हाल के वर्षों में पूंजी प्रवाह वित्तपोषण की जरूरतों से पीछे रहा है, इसलिए हमें उम्मीद है कि भुगतान संतुलन लगातार तीसरे वर्ष घाटे में रहेगा, जिससे रुपये पर दबाव बढ़ने की आशंका बढ़ जाएगी। मॉर्गन स्टेनली की भारत संबंधी मामलों की मुख्य अर्थशास्त्री उपासना चाचरा ने बानी गंभीर और श्रेया सिंह के साथ मिलकर लिखा है, इस पृष्ठभूमि में, हमने वित्त वर्ष 2026.27 के लिए अपने वास्तविक जीडीपी अनुमान को प्रतिशत 0.30 अंक घटाकर 6.2 प्रतिशत कर दिया है।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

# दलित वोट पर टिकी भाजपा सपा-बसपा की उम्मीदें

शाह टाइम्स ब्यूरो

**■ सवर्ण वोटों की नाराजगी के बीच सभी दलों ने कसी कमर**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में 2027 के विधानसभा चुनाव से पहले सियासी तपिश अभी से देखी जा रही है। यूजीसी के नए नियमों को लेकर सवर्ण वोटों की नाराजगी के बीच इस बार सत्ता के केंद्र में दलित वोट बैंक बना हुआ है। प्रदेश की करीब 21 प्रतिशत दलित आबादी न सिर्फ आरक्षित सीटों बल्कि सामान्य सीटों पर भी निर्णायक भूमिका निभाती है। यही कारण है कि भाजपा, सपा और बसपा तीनों ही दल इस वर्ग को अपने पक्ष में करने के लिए पूरी ताकत झोंक रहे हैं।

वर्तमान में यूजीसी के नए नियमों को लेकर सवर्ण समाज के बीच भाजपा के प्रति असंतोष देखा जा रहा है। हालांकि भाजपा इस तरह की नाराजगी से इंकार कर रही है, लेकिन जमीनी स्तर पर यह मुद्दा बातचीत का हिस्सा बन चुका है। इसी बीच विकल्प के तौर पर बसपा सुप्रीमो मायावती के बयान और उनके शासनकाल के कानून-व्यवस्था की चर्चाएं ग्रामीण इलाकों में फिर सुनाई देने लगी हैं। हालांकि चुनाव अभी दूर हैं और राजनीतिक समीकरण समय के साथ बदल रहते हैं। भाजपा ने पिछले कुछ वर्षों में अपनी रणनीति बदलते हुए गैर-जाटव दलितों जैसे पासी, वाल्मीकि और अन्य समुदायों पर खास फोकस किया है। केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं, जैसे मुफ्त राशन, आवास, शौचालय और आयुष्मान योजना के जरिए भाजपा ने लाभार्थी वर्ग तैयार किया है, जिसे वह वोट में बदलने की कोशिश में है। साथ ही डा. भीमराव अंबेडकर के विचारों और स्मारकों को प्रमुखता देकर पार्टी सामाजिक संदेश भी दे रही है। एक दिन पूर्व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तरफ से पार्टी के स्थापना दिवस के दिन राज्य में डा. अंबेडकर की सभी प्रतिमाओं पर सुरक्षात्मक छत्र देने की घोषणा को इसी रूप से जोड़कर देखा जा रहा है। हालांकि जाटव वोट बैंक में भाजपा की पकड़ अभी भी सीमित मानी जाती है।

# यूपी में जाम से निजात पाने के लिए 20 जिलों में सी-आरटीसी योजना लागू

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) राजीव कृष्णा ने कहा है कि प्रदेश में तेजी से बढ़ते ट्रैफिक जाम की समस्या से निपटने के लिए यातायात निदेशालय द्वारा सी-आरटीसी (सिटी रेड्यूसिग ट्रैफिक कंजेशन) योजना लागू की गई है। इस योजना के तहत पहले चरण में प्रदेश के 20 जिलों के 172 प्रमुख मार्गों को चिन्हित कर उन्हें जाम मुक्त बनाने का लक्ष्य रखा गया है।

पुलिस राज्य मुख्यालय के सिग्नेचर बिल्डिंग में मंगलवार को आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में श्री कृष्णा ने कहा कि समस्या के समाधान के लिए योजना के तहत प्रदेश में उन मार्गों को चिन्हित किया गया है, जहां पीक आवर्स में सबसे अधिक जाम लगता है। चिन्हित मार्गों में आगरा, अयोध्या, बरेली, गोरखपुर, कानपुर, लखनऊ,



मेरठ, वाराणसी, प्रयागराज सहित 20 जिले शामिल हैं। इन मार्गों पर यातायात को सुचारू बनाने के लिए विशेष कार्ययोजना तैयार की गई है। उन्होंने कहा कि योजना की सबसे अहम कड़ी 'रूट मार्शल' प्रणाली है। 'एक रूट, एक रूट मार्शल' के सिद्धांत पर प्रत्येक मार्ग के लिए एक जिम्मेदार अधिकारी नियुक्त किया जाएगा, जो उस मार्ग पर यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए पूरी तरह उत्तरदाई होगा। आवश्यकता अनुसार एक अधिकारी को एक से अधिक मार्गों की जिम्मेदारी भी दी जा सकती है। डीजीपी राजीव कृष्णा ने कहा कि इस योजना में एआई आधारित आधुनिक तकनीक का उपयोग किया जा रहा है, जिससे चिन्हित मार्गों पर न्यूनतम, अधिकतम और औसत ट्रैवल टाइम का विश्लेषण किया जाएगा। यह प्रणाली रियल टाइम में जाम की स्थिति को मैप पर प्रदर्शित करेगी, जिससे नोडल अधिकारी अपने स्मार्टफोन के माध्यम से किसी भी समय ट्रैफिक की स्थिति की निगरानी कर सकेंगे। इसके साथ ही पिछले दो माह तक का डेटा भी उपलब्ध रहेगा, जिससे बेहतर रणनीति बनाई जा सकेगी। योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए '5ई मॉडल' एजुकेशन (जागरूकता), इंफोर्समेंट (प्रवर्तन), इंजीनियरिंग (तकनीकी हस्तक्षेप), इंक्रोचमेंट रिमूवल (अतिक्रमण हटाना) और ई-रिक्शा संचालन पर विशेष जोर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि पहले चरण में पीक आवर्स के दौरान अधिकतम ट्रैवल टाइम में 20 प्रतिशत तक कमी लाने का लक्ष्य तय किया है।

# खड़गे का हिमंता पर हमला लगाए भ्रष्टाचार के आरोप

**नई दिल्ली।** असम विधानसभा चुनाव मतदान से पहले कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने प्रेस वार्ता कर भारतीय जनता पार्टी सरकार पर निशाना साधा। श्री खड़गे ने राज्य की जनता से अपील की कि वे अपने वोट के जरिए ष्सबसे भ्रष्ट सरकारष को सत्ता से बाहर का रास्ता दिखाएं। उन्होंने आरोप लगाया कि हिमंता बिस्वा सरमा के नेतृत्व में असम में भ्रष्टाचार बढ़ा है और मुख्यमंत्री केवल अपने निजी हितों को साध रहे हैं।



उन्होंने कहा कि राज्य में षसिडिकेट राजष चल रहा है, जिसमें जमीन उनके करीबी लोगों और कॉरपोरेट्स को सौंपी जा रही है। कांग्रेस अध्यक्ष ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि एक तरफ भाजपा नेता भ्रष्टाचार के खिलाफ होने का दावा करते हैं, जबकि दूसरी ओर असम में कथित भ्रष्टाचार पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही। उन्होंने कांग्रेस नेताओं गौरव गोगोई और पूर्व मुख्यमंत्री तरुण गोगोई का जिक्र करते हुए कहा कि उनका रिकॉर्ड साफ रहा है और उन्होंने कभी इस तरह के आरोपों का सामना नहीं किया। श्री खड़गे ने असम के गायक जुबिन गर्ग से जुड़े मामले में न्याय में देरी का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने कहा कि फास्ट ट्रैक कोर्ट बनाने में देरी हुई और सवाल उठाया कि आखिर मुख्यमंत्री किसे बचाना चाहते हैं। कांग्रेस अध्यक्ष ने वादा किया कि यदि राज्य में कांग्रेस की सरकार बनती है, तो 100 दिनों के भीतर इस मामले में न्याय सुनिश्चित किया जाएगा और दोषियों को सजा दिलाई जाएगी।

CMYK

# महिलाओं ने उठाईं जमीनी समस्याएं

शाह टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर काकोरी क्षेत्र के ग्राम पंचायत मुबारकपुर में आयोजित सामुदायिक जागरूकता कार्यक्रम में 50 से अधिक महिलाओं, किशोरियों एवं समुदाय के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और स्वास्थ्य से जुड़े अपने अनुभव व चुनौतियां खुलकर साझा कीं।




संवाद के दौरान महिलाओं और किशोरियों ने बताया कि अस्पतालों की दूरी, समय पर डाक्टरों की अनुपलब्धता, तथा बाहर से दवाएं लिखे जाने जैसी समस्याएं उन्हें नियमित स्वास्थ्य सेवाओं से दूर कर देती हैं। कई प्रतिभागियों ने यह भी साझा किया कि ग्रामीण स्तर पर पोषण की कमी, विशेषकर महिलाओं और किशोरियों में, एक गंभीर चिंता का विषय है। इसके साथ ही सस्ती या नि:शुल्क सेनेटरी पैड की उपलब्धता का अभाव और नियमित स्वास्थ्य जांच शिविरों की कमी भी प्रमुख मुद्दों के रूप में सामने आए। चर्चा में यह मांग भी उठी कि बढ़ती आबादी को देखते हुए ग्राम पंचायत स्तर पर सरकारी स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार किया जाए, ताकि लोगों को समय पर और सुलभ उपचार मिल सके। सभी ने जोर देकर कहा कि

**सामुदायिक जागरूकता कार्यक्रम में महिलाओं, किशो. रियों एवं समुदाय के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया**

महिलाओं और किशोरियों का स्वास्थ्य सरकार की प्राथमिकता में होना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान संस्थान के प्रोग्राम को-आर्डिनेटर ने कहा स्वास्थ्य केवल इलाज का विषय नहीं है, यह मानव अधिकार से जुड़ा मुद्दा है। जब तक ग्रामीण समुदाय, खासकर महिलाएं और किशोरियां, अपने स्वास्थ्य अधिकारों के प्रति जागरूक नहीं होंगी, तब तक बदलाव अधूरा रहेगा। स्वास्थ्य अधिकार कार्यकर्ता मिथिलेश और सुनिता ने अपने विचार रखते हुए कहा कि जमीनी स्तर पर जो समस्याएं सामने आ रही हैं, वे केवल सेवाओं की कमी नहीं, व्यवस्था में सुधार की आवश्यकता हैं। समुदाय की आवाज को नीति स्तर तक पहुंचाना जरूरी है। अंत में वैभवी कम्युनिटी मोबेलाईजर हेमा, राबिया, कम्युनिटी लीडर सुरभि, दिव्या, वालेंटियर लक्ष्मी, मिथिलेश, सुनिता सहित सभी प्रतिभागियों ने जागरूकता रैली निकाली, जिसके माध्यम से पूरे गांव में स्वस्थ समाज-शसक्त समाज और स्वास्थ्य और स्वच्छता के प्रति संदेश पहुंचाया गया।

## महिला की बाइक से गिरकर मौत

**बाजार शुकुल, अमेठी।** बाइक फिसलने से बाइक सवार महिला गिरकर गम्भीर रूप से घायल हो गई।घायल महिला को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने महिला को मृत घोषित कर दिया।महिला की मौत से परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया है और आगे की कार्रवाई में जुट गई है। बाजार शुकुल थानाक्षेत्र के दूधाधारी किशनी निवासी हितलाल मंगलवार को अपनी पत्नी करिश्मा 27 वर्ष व अपने दो माह के मासूम बच्चे को बाइक से लेकर किसी काम से खेममऊ जा रहे थे कि बाइक अनियंत्रित होकर फिसलकर गिर गई जिससे बाइक पर सवार महिला करिश्मा 27 वर्ष गिरकर गम्भीर से घायल हो गई।

# पावर कारपोरेशन निविदा संविदा कर्मचारी संघ देगा अप्रैल को धरना

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** मध्यांचल प्रबन्धन द्वारा मानक समिति कि रिपोर्ट आने से पहले ही वर्टिकल व्यवस्था के नाम पर बिजली आउटसोर्स कर्मचारियों कि छंटनी किया जा रहा है।

उप्र पावर कारपोरेशन निविदा/ संविदा कर्मचारी संघ लखनऊ द्वारा मानक समिति कि रिपोर्ट आने तक कर्मचारियों कि छंटनी न करने व पावर कार्पोरेशन के आदेश दिनांक 15 मई 2017 व मध्यांचल प्रबन्धन के आदेश दिनांक 6 फरवरी 2025 का उलंघन कर हटाए गए कर्मचारियों को कार्य पर वापस लेने एवं संघ के 11 सूत्रीय मांग पत्र में वर्णित समस्याओं का समाधान करने हेतु निवेदन किया गया था तथा कहा गया था कि दिनांक 7 अप्रैल 2026 तक समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो संगठन द्वारा 8 अप्रैल 2026 को डक मध्यांचल कार्यालय पर धरना प्रदर्शन किया जाएगा। प्रदेश महामंत्री देवेन्द्र कुमार पाण्डेय नें कहा जिसका संज्ञान मध्यांचल प्रबन्धन द्वारा नहीं लिया गया जिसको ध्यान में रखकर संगठन द्वारा कल दिनांक 8 अप्रैल 2026 को मध्यांचल कार्यालय पर धरना प्रदर्शन किया जाएगा।बताते चलें कि पावर कार्पोरेशन प्रबन्धन एवं अन्य उर्जा निगमों द्वारा पावर कार्पोरेशन के आदेश दिनांक 15 मई 2017 व मध्यांचल प्रबन्धन के आदेश का उल्लंघन किया।

## संक्षिप्त समाचार

### सड़क दुर्घटना में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

**बांगरमऊ।** सड़क दुर्घटना में घायल युवक की लखनऊ में इलाज के दौरान मौत हो गई। युवक की मौत से घर परिवार में कोहराम मच गया । कोतवाली क्षेत्र के ग्राम आसत मोहिउद्दीनपुर निवासी बब्लू उर्फ आदित्य राठौर 35 पुत्र कुंदन राठौर मोमोज का ठेला लगाकर परिवार का भरण पोषण करता है। प्रतिदिन की भांति बीते 31 मार्च को भी वह गांव के सामने बांग. रमऊ लखनऊ मार्ग पर मोमोज का ठेला लगाकर खड़ा था। इसी दौरान तेज रफ्तार बाइक ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बब्लू गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे यहां के साम. दायिक स्वास्थ्य केंद्र लाये स यहां के चिकित्सक ने उसकी हालत गंभीर बताकर उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया था ।

### वन माफियाओं का कहर जारी

**जगदीशपुर, अमेठी।** सरकार द्वारा जहां प्रतिबंधित पेड़ों की कटान रोकने के कड़े निर्देश जारी किए जा रहे हैं तो वहीं आजाद वन माफियाओं द्वारा हरे भरे वृक्षों पर कहर बरसाया जा रहा है आला अफसर बेखबर है।जगदीशपुर विकास खण्ड के अंतर्गत ग्राम पिछूती बरमदेव बाबा स्थान के निकट बन माफियाओं ने आधा दर्जन सागौन व गूलर के हरे भरे पेड़ काट कर ठिकाने लगा दिया। जिम्मेदार सब जानते हूए भी अंजान बने हुए हैं इस बाबत ग्रामीणो ने उच्च अधिकारियों से जांच पडताल के उपरांत कार्यवाई की मांग किया है। इस संबंध में बन क्षेत्राधिकारी ने बताया कि वनकर्मियों को मोके पर भेजा गया है मामला सही पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी।

### बेटी के साथ छेड़छाड़ का आरोप

**गोंडा।** जिले के नवाबगंज थाना क्षेत्र के एक गांव युवक ने मंगलवार को थाने पर दी गई तहरीर में बताया कि मैं अपने एक रिश्तेदार के यहां गया था और मेरी 13 वषईय नाबालिग बेटी घर पर थी। सोमवार - मंगलवार की रात्रि करीब 12रू10 बजे गांव का ही एक युवक मेरे घर में घुस गया और मेरी नाबालिग बेटी का हाथ पकड़ लिया। मेरी बेटी ने जब शोर मचाया तो आरोपी युवक ने उसकी पिटाई कर दी और जान से मारने की धमकी भी दी है।

# गायब बालक को बरामद कर लौटाई परिजनों की मुस्कान

**गोंडा।** जिले की वजीरगंज पुलिस की तत्परता ने एक परिवार को उसकी मुस्कान वापस लौटा दी। बता दें कि,थानाक्षेत्र के जलालपुर गांव के रहने वाली महिला ने अपने पुत्र की गुमशुदगी की सूचना दर्ज कराई थी।

जिसपर थानाध्यक्ष विपुल कुमार पाण्डेय और उनकी सहयोगी पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुये दूसरे जनपद के इलाके में गुमशुदा लड़के को बरामद कर उसे उसके परिजनो को सौंप दिया।जलालपुर चड़ौवा गांव की रहने वाली असरेखा मौर्य पत्नी सुरेंद्र मौर्य वजीरगंज पुलिस को सूचना दी कि,बंधवा के ऐक्सीलेंट पब्लिक स्कूल की कक्षा 7 में पढ़ने वाला 13 वषईय शिवांस मौर्य एक्सीलेंट स्कूल बधवा में पढ़ाई करता है। वह दिनांक 06 अप्रैल को करीब 04 बजे सायं घर से साइकिल लेकर कहीं चला गया है और वापस नहीं आया है। जिसके बाद हरकत में आई वजीरगंज पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुये सभी संभावित स्थानों पर खोजबीन की। जिसके बाद महज कुछ घंटों में शिवांस को बस्ती जनपद के विक्रमजोत स्थित पवन सिंह आमई ढाबा, के पास से सकुशल बरामद कर उसे उसके परिजनों को सौंप दिया। जिसके बाद परि. जनो के चेहरे पर मुस्कान लौट आई।

# नार्थ जोन मुरादाबाद सुपर ओवर में जीता

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उप्र परिवहन निगम द्धयूपीएसआरटीसीऋ का तीन दिवसीय अंतर-जोनल क्रिकेट टूर्नामेंट 3 से 5 अप्रैल 2026 तक एनआर स्टेडियम रेलवे, लखनऊ में बड़ी धूमधाम से आयोजित हुआ। पूरे टूर्नामेंट में सभी जोनों की टीमों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, लेकिन रोमांचक फाइनल मुक. ाबला नार्थ जोन मुरादाबाद और बेस्ट जोन बनारस के बीच हुआ। मैच बेहद कांटे का रहा।



नार्थ जोन मुरादाबाद की टीम ने अंतिम क्षणों में कमाल का धैर्य और फाइटिंग स्पिरिट दिखाते हुए बेस्ट जोन बनारस को सुपर ओवर में 6 रन से हराकर विजेता ट्राफी अपने नाम कर ली। यह मुकाबला पूरे टूर्नामेंट का सबसे बड़ा आकर्षण रहा कृ हर गेंद पर रोमांच, हर रन पर जोश और अंत तक सस्पेंस बना रहा। कप्तान अनुराग यादव की अगुवाई में शानदार जीत। नार्थ जोन मुरादाबाद की टीम को कप्तान श्री अनुराग यादव ने पूरी लगन और मेहनत से तैयार किया। उनकी नेतृत्व क्षमता और टीम वर्क ने साबित कर दिया कि मुरादाबाद जोन सड़कों पर तो अव्वल है ही, खेल के मैदान पर भी किसी से कम नहीं। मैन ऑफ द मैच और टूर्नामेंट फाइनल में दीपक चौधरी ने तूफानी प्रदर्शन किया। उन्होंने 46 गेंदों में 8 चौकों की मदद से 52 रनों की आक्रामक पारी खेली और मैच को टाई करा दिया। इसके बाद सुपर ओवर में दीपक चौधरी ने एक ओवर में 18 रन ठोक दिए, जबकि बनारस की टीम मात्र 13 रन ही बना सकी। दीपक चौधरी को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

मैन ऑफ द टूर्नामेंट का खिताब रवि मेसी को मिला। टूर्नामेंट के दौरान बड़ी संख्या में अधिकारी और कर्मचारी मैच का रोमांच लेने मैदान पर पहुंचे। अपर प्रबंध निदेशक, वित्त नियंत्रक, प्रधान प्रबंधक टेक्निकल, प्रधान प्रबंधक द्धआईएमएसऋ, क्रीड़ा अधिकारी, लेखा अधिकारी सहित परिवहन निगम के सभी अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

# लखनऊ में प्रिवेंटिव हेल्थ सेंटर का शुभारंभ

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ ।** प्रोएक्टिव और प्रिवेंटिव हेल्थकेयर के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत करते हुए, मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हास्पिटल, लखनऊ, ने वर्ल्ड हेल्थ डे के अवसर पर सेंटर फॉर प्रिवेंटिव हेल्थ की शुरुआत की।

इस सेंटर का उद्घाटन श्री योगेश शुक्ला, मा. विधायक, बख्शी का तालाब विधानसभा क्षेत्र, लखनऊ ने किया, जिन्होंने शुरुआती पहचान और लाइफस्टाइल आधारित बीमारियों की रोकथाम के महत्व पर जोर दिया। एडवांस्ड डायग्नोस्टिक टेक्नोलॉजी और ि डाक्टरों की मल्टीडिसिप्लिनरी टीम के सहयोग से यह नया सेंटर पर्सनलाइज्ड प्रिवेंटिव केयर,



रिस्क असेसमेंट और लाइफस्टाइल गाइडेंस उपलब्ध कराएगा, जिससे लोग अपने स्वास्थ्य को पहले से बेहतर तरीके से मैनेज कर सकेंगे। लॉन्च के दौरान डा. नकुल सिन्हा, चेयरमैन - कार्डियोलाजी, मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, लखनऊ, ने कहा कि प्रिवेंटिव हेल्थकेयर अब विकल्प नहीं, बल्कि जरूरत बन चुका है। हाई ब्लड प्रेशर और हार्ट से जुड़ी बीमारियों जैसे लाइफस्टाइल डिजीज के बढ़ते मामलों के बीच, समय पर स्क्रीनिंग से लंबे समय की जटिलताओं को काफी हद तक कम किया जा सकता है। अधिक. ांश जीवनशैली संबंधी रोग एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं और उनकी प्रोग्रेस व काप्लिकेशन एक-दूसरे को प्रभावित करते हैं। व्यापक जांच से हमें उन शुरुआती संकेतों की चेतावनी मिलती है, जो भविष्य में गंभीर रूप ले सकते हैं। यह सेंटर लोगों को उनके रिस्क प्रोफाइल को समझने और समय रहते कदम उठाने में मदद करेगा। डा. हृदयनाथ त्रिपाठी, डायरेक्टर एवं एचओडी इंटरनल मेडिसिन, मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, लखनऊ, ने इस पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कई गंभीर बीमारियां समय के साथ बिना लक्षण के विकसित होती हैं। स्ट्रक्चर्ड हेल्थ चेक-अप और विशेषज्ञ परामर्श के माध्यम से हमारा फोकस शुरुआती पहचान और मरीजों को लंबे समय तक स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए मार्गदर्शन देना है।

# शिक्षा चौपाल का आयोजन

**बांगरमऊ।** क्षेत्र के ग्राम पुरह. निया स्थित प्राथमिक विद्यालय में न्याय पंचायत स्तरीय शिक्षा चौपाल का आयोजन किया गया । चौपाल में मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम प्रधान संत कुमार दिवाकर उपस्थित रहे। श्री दिवाकर ने मां सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।कार्यक्रम में उपस्थित एआरपी राजकुमार द्विवेदी ने स्कूल चलो अभियान और निपुण भारत मिशन की जानकारी अभिभावकों को दी। एआरपी अनुज विश्वकर्मा ने अधिक से अधिक नामांकन बढ़ाने पर जोर दिया। कार्यक्रम में वार्षिक परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं को ग्राम प्रधान संत कुमार दिवाकर ने पुरस्कृत किया। न्याय पंचायत में उत्कृष्ट कार्य कर रहे शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र भी वितरित किए गए। नोडल संकुल बलराम सिंह द्वारा स्कूल चलो अभियान और संचारी रोग अभियान की जानकारी साझा करते हुए बच्चो को स्कूल प्रतिदिन भेजने की अपील की गई।



इस अवसर पर विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष शिवप्रताप सिंह, ए आर पी आलोक कुशवाहा, अजय पाल सिंह ,करन सिंह , अंशिका सिंह,शिवम सिंह, कोमल, उमा सिंह,नितेश कुमार कुलदीप एहतिशाम अहमद सहित बच्चे व अभिभावक मौजूद रहे।

# रेनू यादव बनी महिला सभा की जिला उपाध्यक्ष, सपा कार्यकर्ताओं ने दी बधाई

**अमेठी।** जिले की समा. जवादी पाटई की महिला सभा इकाई की जिलाध्यक्ष वैष्णव आनंद सिंह उर्फ गुंजन सिंह द्वारा ब्लाक सिंहपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत कोटवा के डिघिया निवा. सनी पूर्व जिला पंचायत सदस्य समाजसेवी रेनू यादव को महिला सभा इकाई का जिला उपाध्यक्ष मनोनीत किया है इस आशय की जानकारी मिलते ही तिलोई विधानसभा क्षेत्र के सैकड़ों सपा कार्यकर्ताओं ने मनोनीत महिला जिला उपाध्यक्ष रेनू यादव को बधाई दी है। पूर्व जिला पंचायत सदस्य रेनू यादव ने पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया कि उन्हें जो भी जिम्मेदारी संगठन द्वारा सौंपी गई है उसका बखूबी निर्वाहन करेंगी ध्और पाटई को मजबूत करने में पूरी मेहनत और लगन से कार्य करेंगी उन्होंने कहा कि अब पीडीए मजबूत हो गया है आने वाले 2027 में श्री अखिलेश यादव की सरकार बनने जा रही है। बधाई देने वालों में सोनू यादव, सपा जिला सचिव लालता यादव, सपा विधान सभा अध्यक्ष तिलोई राम प्रसाद यादव, कैलाश यादव तथा पूर्व सपा विधान सभा अध्यक्ष तिलोई छेदीलाल साथी ने रेनू यादव को बधाई दी।

## समर्थन मूल्य पर किसानों से गेहूं की खरीद शुरू

**बांगरमऊ।** नगर के संडीला मार्ग स्थित राज्य कृषि उत्पादन मंडी समिति यार्ड में स्थापित पीसीएफ बीपैक्स जसरा मारूफ पुर द्वारा आज सरकारी समर्थन मूल्य पर किसानों से गेहूं की खरीद शुरू कर दी गई। क्षेत्रीय विधायक श्रीकांत कटियार की धर्मपत्नी विभा कटियार ने आज सरकारी गेहूं क्रय केंद्र का उद्घाटन किया। केंद्र प्रभारी बालेश कनौजिया ने बताया कि सरकार द्वारा गेहूं का समर्थन मूल्य 2585 रुपए प्रति क्विंटल तय किया गया है। आज क्षेत्र के पूर्व पंजीकृत अजयपाल , रघुबीर, अवधेश व प्रमेश सिंह आदि की उपज 280 क्विंटल गेहूं सरकारी दर पर खरीदा गया है।

# पीर शाह बाबा का सालाना उर्स शुरू

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बांगरमऊ।** नगर के लखनऊ रोड स्थित हजरत पक्के पीर शाह बाबा का 136 वां परंपरागत सालाना उर्स मुबारक अकीदत और एहतराम के साथ मनाया जा रहा है।

उर्स में दूर-दराज़ से आए जायरीन और अकीदतमंदों की भारी भीड़ उमड़ रही है। मजार शरीफ पर लोगों ने हाजिरी देकर मुल्क में अमन-ओ-अमान, खुशहाली और तरक्की की दुआ मांगी। उर्स के मौके पर आयोजित जवाबी कव्वाली मुकाबले का आगाज समाजवादी पाटई के जिला सचिव सलीमुर्रहमान ने फीता काटकर किया। इस मौके पर सपा नेता गुलिस्तान खान व मेराज खान प्रमुख रूप से मौजूद रहे। इसके बाद महफिल-ए-कव्वाली में मशहूर रेडियो सिंगर शरीफ परवाज ने अपनी शानदार आवाज और सूफियाना कलाम से समां बांध दिया। उनके मुकाबले में लेडीज कव्वाल द्वारा पेश की गई जवाबी कव्वाली ने देर रात तक श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया।



पण्डाल वाह-वाह और माशाअल्लाह की सदाओं से गूंज उठा। उर्स में हवाई झूले, रंग-बिरंगे खिलौने, बर्तन, क्राकरी, चाट-पकौड़ी और मिठाई की सजी दुकानों पर देर रात तक रौनक बनी रही। उर्स कमेटी के सदस्यों ने बताया कि हजरत पक्के पीर शाह बाबा का यह सालाना उर्स सिर्फ एक मजहबी तकरीब नहीं, बल्कि गंगा-जमुनी तहजीब

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 21, स्टेशन रोड, शाह टावर लखनऊ-226001 (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0522-4041004
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
RNI No. UPHIN/2009/31463
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# खेल महोत्सव में दयानंद कॉलेज का उत्कृष्ट प्रदर्शन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** दयानंद इंटर कॉलेज, लखनऊ के विद्यार्थियों ने उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा आयोजित 'सांसद खेल महोत्सव' में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का गौरव बढ़ाया।

यह प्रतियोगिता दिनांक 6 मार्च 2026 को चौक स्टेडियम, लखनऊ में आयोजित की गई। आशुतोष जायसवाल सर के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 4 स्वर्ण पदक एवं 2 रजत पदक प्राप्त किए।स्वर्ण पदक विजेता शादमा कक्षा 11 , अभय सिंह कक्षा 9 ,




तसीम अली कक्षा 9, अजीत शर्मा कक्षा 9 व रजत पदक विजेता में प्रियांशी शर्मा कक्षा 6,प्रियांशु मिश्रा कक्षा 9, रहे। विद्यालय परिवार ने इन सभी विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर हार्दिक बधाई दी एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना दी व भविष्य में उत्साह बनाए रखने को कहा।

## शौकत ने की योगी की तारीफ

**लखनऊ।** असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी ऑल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के उत्तर प्रदेश प्रदेश अध्यक्ष हाजी शौकत अली मंगलवार को अम्बेडकरनगर पहुंचे, पार्टी के एक स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होने के दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तारीफ कर दी। उन्होंने कहा कि सीएम अच्छे आदमी हैं।

# 'धुरंधर' फिल्म के पोस्टर के बहाने सियासी जंग तेज

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजनीति में इन दिनों एक फिल्म के बहाने सियासी जंग तेज हो गई है। 'धुरंधर' थीम पर लगे पोस्टरों ने राजधानी लखनऊ में राजनी. तिक माहौल गरमा दिया है। भारतीय जनता पार्टी द्धभाजपाऋ समर्थित संगठनों द्वारा लगाए गए इन होर्डिंग्स के जरिए मुख्य विपक्षी दल समाजवादी पार्टी पर सीधा हमला बोला गया है। राजधानी के प्रमुख चौराहों और वीवीआईपी इलाकों में लगे इन पोस्टरों में एक ओर सपा प्रमुख अखिलेश यादव की तस्वीर के साथ 'ल्यारी राज' लिखा गया है, जबकि दूसरी ओर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को 'धुरंधर सीएम' के रूप में प्रस्तुत किया गया है। पोस्टर में सवाल पूछा गया है, ष्आपको क्या चाहिए।ष इन होर्डिंग्स को 'यूथ अगेंस्ट माफिया' नामक समूह के बैनर तले लगाया गया है। पोस्टरों में सपा शासनकाल के दौरान मुजफ्फरनगर, मेरठ और शामली में हुए दंगों का जिक्र करते हुए विपक्ष को घेरने की कोशिश की गई है

# हत्या में वांछित आरोपी सोनू गिरफ्तार

## लम्बे समय से चल रहा था फरार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** थाना पुलिस ने हत्या के मामले में लंबे समय से फरार चल रहे एक वांछित आरोपी को मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी को पत्थर कुटी तिराहे से नौगांवा फाटक रोड पर कृष्णापुरम गेट के पास से दबोचा और न्यायालय में पेश किया।

प्रभारी निरीक्षक अमरपाल सिंह पुलिस टीम के साथ वांछितों की तलाश में थे। इसी दौरान वांछित चल रहे आरोपी सोनू पुत्र धन्नू सिंह उर्फ नरेश निवासी ग्राम हरिनगर, थाना हीमपुर दीपा, जिला बिजनौर को मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने बताया कि आरोपी काफी समय से फरार चल रहा था। उसके खिलाफ गांव इब्राहिमपुर माफी में घर में घुसकर मारपीट और जानलेवा हमला करने का मुकदमा दर्ज है। आरोप है कि 19 दिसंबर 25 को आरोपी ने अपने साथियों के साथ मिलकर मोनू के घर में घुसकर मोनू और उसके भाई रवि पर लाठी-डंडों व धारदार हथियारों से हमला किया था।हमले में गंभीर रूप से घायल रवि को इलाज के लिए मेरठ मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया था, जहां 29 दिसंबर की रात उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई थी। इसके बाद पुलिस ने मुकदमे में हत्या की धाराएं बढ़ाते हुए आरोपी की तलाश तेज कर दी थी।गिरफ्तारी करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक के साथ कांस्टेबल विशाल और शुभम कटारिया शामिल रहे। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# धूमधाम से मनाई जाएगी बाबा साहेब की जयंती




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** संविधान को खत्म कर दलितो को गुलाम बनाने का प्रयास किया जा रहा है। बसपा ही दलितों पिछड़ों वंचितों दलितों एवं अल्पसंख्यकों की सच्ची हितेषी पार्टी है।

मंगलवार को नगर के बाईपास मार्ग स्थित एक वेंकट हॉल में बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती को मनाने के लिए आयोजित विचार संगोष्ठी को संबोधित करते हुए बसपा जिला अध्यक्ष सोमपाल सिंह एडवोकेट ने कहा कि इस बार 14 अप्रैल को बाबा साहब की जयंती लखनऊ में मनाई जायेगी। उसके बाद वहां से लौटकर अपने-अपने क्षेत्र में बाबा साहब की जयंती को बहुत ही धूमधाम के साथ मनाया जायेगा। समाजसेवी एवं बसपा नेता मुमताज अली उर्फ हाजी भुट्टो ने कहा कि जनता बहन जी के शासन काल को याद कर रही है। बाबा साहब की जयंती को बड़े ही धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया जायेगा। उन्होंने कहा कि बाबा साहब ने देश को एक ऐसा संविधान दिया है जिसमें सभी को बराबर का दर्जा दिया गया है। उन्होंने कहा कि बसपा सरकार में पूरे प्रदेश का विकास कराया गया है। इस दौरान विधानसभा क्षेत्र में अंबेडकर जयंती को मानने वाली कमेटियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार गौतम, आमान चौधरी, मोमिन प्रधान, कैलाश प्रधान, कैलाश सिंह, अफसर खान, कैलाश गौतम, बबलू गौतम, नाजिम अंसारी, सुनील सागर, आरिफ गाजी, सुरेश चंद, राज. ेंद्र सिंह उर्फ गुड्डू, नौशाद सलमानी, अशोक गौतम नरेश कुमार, अशोक मौर्य आदि मौजूद थे। संचालन चंद्रभान सिंह ने किया।

# संगत ने श्रद्धा से निकाली प्रभात फेरी

## गुरु तेग बहादुर प्रकाश पर्व पर निकाली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** नगर में श्री गुरु तेग बहादुर जी के पावन प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में मंगलवार तड़के गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा की ओर से प्रभात फेरी निकाली गई। प्रभात फेरी श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के माहौल में निकली, जिसमें बड़ी संख्या में सिख संगत और नगरवासी शामिल हुए।

प्रभात फेरी की शुरुआत गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा से अरदास के साथ हुई। इसके बाद संगत कंचन बाजार, हरदेव बाजार, सब्जी मंडी और बछरायूं चुंगी होते हुए नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरी। रास्ते भर संगत ने शब्द-कीर्तन किया और 'धन्न-धन्न श्री गुरु तेग बहादुर' के जयकारे लगाए, जिससे पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। नगर के लोगों ने कई स्थानों पर प्रभात फेरी का फूल बरसाकर स्वागत किया। छोटे-बड़े, महिला-पुरुष सभी ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। यात्रा के दौरान अनुशासन और सेवा भाव साफ नजर आया। इस दौरान मनजीत सिंह, राजेन्द्र सिंह, बलजीत सिंह, त्रिवेन्द्र सिंह, सुरजीत सिंह, ज्ञानी वीर सिंह, हैप्पी सिंह, रसमीत कौर, परमजीत कौर, हरजोत कौर, करिश्मा सिद्धू और गगन चोपड़ा समेत बड़ी संख्या में संगत मौजूद रही। नगर भ्रमण के बाद प्रभात फेरी वापस गुरुद्वारे पहुंचकर संपन्न हुई। यहां गुरु महाराज की महिमा का गुणगान किया गया और विश्व शांति व मानवता की भलाई के लिए अरदास की गई। अंत में संगत को प्रसाद वित. रित किया गया। गुरुद्वारा कमेटी के पदाधिकारियों ने बताया कि प्रकाश पर्व के मुख्य दीवान की तैयारियां भी श्रद्धा के साथ की जा रही हैं।

# शहर को जाम से मुक्ति दिलाने की मांग



## आरटीआई एसोसिएशन ने एसपी को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** आरटीआई एसोसिएशन ऑफ इंडिया की जिला इकाई ने मंगलवार को नवागत पुलिस अधीक्षक लखन सिंह यादव को छह सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। एसोसिएशन ने जन समस्याओं और अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर त्वरित कार्रवाई की मांग की है। एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष मनु शर्मा एडवोकेट के नेतृत्व में संगठन के पदाधिकारियों ने एसपी से मुलाक. ात की। इसमें जन समस्याओं के निदान में संगठन का सहयोग लेने का भी आग्रह किया गया। ज्ञापन में भारतीय संविधान के अनुच्छेद 21, बीएनएस की धारा 77 और आईटी एक्ट की धारा 66 ई का हवाला देते हुए निजता के उल्लंघन पर चिंता जताई गई। एसोसिएशन ने मांग की कि कुछ लोगों द्वारा पड़ोसियों की निगरानी के लिए लगाए गए सीसीटीवी कैमरों के संबंध में एक जिला स्तरीय स्पष्ट नीति बनाई जाए। इस नीति में किसी व्यक्ति या परिवार की निजता का उल्लंघन न हो और शिकायत पर ऐसे कैमरों को तत्काल हटाने की कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करें। पुलिस अधीक्षक लखन सिंह यादव ने एसोसिएशन को सभी मांगें शीघ्र पूरी करने का आश्वासन दिया। इस दौरान एसोसिएशन के जिला महासचिव संजीव जिंदल, दिनेश सिंह, उम्मे उमारा, जगदीश सिंह पाल, अखिलेश शर्मा, चंद्रगुप्त मौर्य, विनोद मौर्य, नीलम सिंह, सैयद जामिन हुसैन, शकील पाशा और शानू कुरैशी सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# श्रद्धालुओं ने मां ललिता से मांगा सुख-स्मृद्धि का आशीर्वाद

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** चैत्र माह के पांचवे मंगलवार को बस्ती स्थित मां ललिता देवी मंदिर सिद्धपीठ पर श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ा। श्रद्धालुओं ने आस्था व श्रद्धा के साथ मां के दरबार में माथा टेका और मनोकामना मांगी। बच्चों का मुंडन संस्कार भी कराया।



### चैत्र माह के अंतिम मेले को उमड़े श्रद्धालु

मां ललिता देवी के मंदिर पर इस वर्ष के चैत्र माह के पाचवें व अंतिम मेले में श्रद्धालुओं का पहुंचना सुबह से ही प्रारंभ हो गया था। अंतिम मेला होने के कारण श्रद्धालुओं की अच्छी खासी संख्या रही। हल्की सी बारिश और ठंडी हवाओं के कारण श्रद्धालुओं को पिछली बार की तरह गर्मी से नहीं जूझना पड़ा। मां के दरबार में चुनरी, नारियल, अनाज आदि के साथ साथ श्रद्धालुओं ने नकद धनराशि और आभूषण भी चढ़ाए। श्रद्धालुओं ने अपने बच्चों का मुंडन कराया। मेले में लगी दुकानों से श्रद्धालुओं ने बच्चों के लिए खिलौने भी खरीदे। मेला परिसर में सुरक्षा के द्रष्टिगत पुलिस बल तैनात रहा। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने मय फोर्स के मेला स्थल का भ्रमण करके सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। सभी मेले शांतिपूर्वक सम्पन्न होने पर ललिता मंदिर सिद्धपीठ के मुख्य पंडा प्रदीप कुमार ने पुलिस प्रशासन और श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया।

## शिविर में 132 रोगियों का परीक्षण



**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** विश्व स्वास्थ्य दिवस पर जुबिलेंट भरतिया फाउंडेशन के मेडिकल सेंटर पर मुफ्त स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में132 रोगियों ने पंजीकरण कराया। यहां ईसीजी एवं शुगर की निशुल्क जांच की गई। मंगलवार को हाईवे किनारे स्थित मेडिकल सेंटर पर आयोजित शिविर में लोग सुबह से ही स्वास्थ्य परीक्षण कराने पहुंचने लगे थे। यहां अत्याधुनिक मशीनों से ईसीजी एवं शुगर की निशुल्क जांच की गई। जुबिलेंट इंग्रेविया लिमिटेड में निदेशक जनसंपर्क सुनील दीक्षित ने बताया कि जुबिलेंट स्वास्थ्य के साथ ही शिक्षा, पर्यावरण संरक्षण, महिला सशक्तिकरण, खेल, शिक्षा, स्वरोजगार आदि के क्षेत्र में भी सक्रिय रहती है। जेबीएफ में चिकित्सक डॉ.नितिन राय समेत स्टॉफ के सदस्य मौजूद रहे।

# विश्व स्वास्थ्य दिवस पर स्टैंड विद साइंस का दिया संदेश

## वैंक्टेश्वर विश्वविद्यालय में निकाली जागरूकता रैली



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर वेंक्टेश्वरा एवं विम्स मेडिकल कॉलेज में टूगेदर फॉर हेल्थ-स्टैंड विद साइंस विषय पर शपथ समारोह और जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डॉक्टरों व छात्र-छात्राओं ने स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया। राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित श्री वेंक्टेश्वरा संस्थान कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। डॉक्टरों व छात्र-छात्राओं ने परिसर में जागरूकता रैली निकालकर लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया और स्वस्थ रहने के टिप्स दिए। संस्थापक अध्यक्ष सुधीर गिरि ने कहा कि स्वास्थ्य और शिक्षा मानव जीवन की बुनियादी आवश्यकताएं हैं। प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी ने कहा कि स्वास्थ्य किसी एक सरकार या संस्था की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की व्यक्तिगत जिम्मेदारी है। सभी को "स्वस्थ भारत-स्वच्छ भारत" अभियान से जुड़कर राष्ट्र निर्माण में योगदान देना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान आयोजित डिबेट व क्विज प्रतियोगिता के विजेता छात्र-छात्राओं और हाल ही में नौकरी पाने वाले नर्सिंग व पैरामेडिकल छात्रों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. पीयूष कुमार पांडेय, डॉ. गुरदीप कल्याण, डॉ. बी.एस. त्यागी, डॉ. सची अहलावत, मेरठ परिसर निदेशक डॉ. पंकज सिंह, मीडिया प्रभारी विश्वास राणा सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से मोहा मन



**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** उच्च प्राथमिक विद्यालय कमेलपुर में मंगलवार को वार्षिक उत्सव एवं परीक्षाफल वितरण समारोह उत्साह और उल्लास के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर मौजूद अभिभावकों और अतिथियों का मन मोह लिया। बच्चों की कविता, समूह नृत्य, देशभक्ति गीत और नाटक की प्रस्तुतियों पर खूब तालियां बजीं। समारोह के दौरान वार्षिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को परीक्षाफल वितरित कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में हरिओम त्रिवेदी, मुनेन्द्र प्रताप, स्वाति नागर और संतोष देवी आदि मौजूद रहे।

# जनगणना कार्य में लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्त

## कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी ने ली बैठक, गणना कर्मियों को दिया 16 से मिलेगा प्रशिक्षण



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** कलेक्ट्रेट सभागार में जनगणना की ट्रेनिंग को लेकर बैठक हुई। जिसमें जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने कहा कि इस काम में लाप. रवाही किसी भी स्तर पर सहन नहीं की जायेगी।

जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने जनगणना समन्वय समिति के सदस्य, सभी उप जिलाधिकारी, खंड शिक्षा अधिकारी एवं जनगणना 2027 के लिए बनाए गए 13 चार्ज अधिकारी के साथ-साथ जनगणना कार्य निदेशालय के जिला प्रभारी व्यास नंदन उपस्थित रहे। जनगणना में कोई क्षेत्र छूटे नहीं, इसके लिए सम्पूर्ण जिले को कुल 3682 गणना ब्लॉक में विभाजित किया गया है। गणना ब्लॉक में कुल 3520 प्रगणकों द्वारा घर घर जाकर जनगणना संबंधी आंकड़ों को इकत्र किया जाएगा। जनगणना कर्मचरियों का पर्यवेक्षण 590 पर्यवेक्षकों द्वारा किया जाएगा। प्रशिक्षित करने के लिए 64 फील्ड ट्रेनरों द्वारा जनगणना कर्मचारियों को दिनांक 16 अप्रैल से 06 मई की अवधि में ट्रेनिग दी जाएगी। पहले चरण में मकान का सूचीकरण का कार्य 22 मई से 20 जून के मध्य किया जाना है। इससे पहले स्वगणना 07 मई से 21 मई तक होगी। फिर दूसरे चरण की जनगणना फरवरी 2027 से शुरू होगी। जनगणना कर्मचारियों को प्रशिक्षित करने के लिए कुल 96 बैच बनाए गए है, हरेक बैच में अधिकतम 50 कर्मचारी रहेंगे। प्रत्येक बैच की प्रशिक्षण अवधि 3 दिन होगी। जिलाधिकारी ने सभी पर्यवेक्षक और प्रगणक को निर्देश दिए हैं कि वे निर्धारित तिथि और समय पर प्रशिक्षण स्थल पर उपस्थित होकर प्रशिक्षण प्राप्त करें, ताकि जनगणना-2027 का कार्य जनपद में प्रभावी और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराया जा सके। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अश्वनी कुमार मिश्र, जिला जनगणना अधिकारी गरिमा सिंह, समस्त उप जिला जनगणना अधिकारी, चार्ज अधिकारी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### डिजिटल आधार पर होगी जनगणना

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** जनगणना कर्मचारियों की निगरानी एवं प्रबंधन का कार्य सीएमएमएस पोर्टल के माध्यम से किया जाएगा। इस बार की जनगणना मोबाइल एप के माध्यम से की जानी है। ऐसे में एक गणना ब्लाक के अधीन 700-800 की जनसंख्या को रखा गया है। जनगणना पेपर लेस होगी। इसको लेकर एप कार्य करेगा। जहां स्वगणना का विकल्प मौजूद रहेगा, वहां के लोगों से हिंदी, अंग्रेजी सहित 16 भाषाओं में डेटा एकत्र किया जाएगा। डिजिटल गणना से डेटा जुटाने और इसे सेंट्रल सर्वर तक सीधे भेजने की सुविधा होगी। यह भारत की पहली पूरी तरह से डिजिटल जनगणना होगी।

### गणना में पूछे जायेंगे 33 प्रशन

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** जिलाधिकारी ने बताया कि जनगणना की प्रक्रिया शुरू होने से पूर्व सभी चार्ज अधिकारियों को आवश्यक प्रशिक्षण दिया गया है। मकानों की गणना में 33 प्रश्न पूछे जाएंगे। जिसमें फर्श में प्रयुक्त सामग्री, दीवार में प्रयुक्त सामग्री, छत में प्रयुक्त सामग्री क्या-क्या लगी है। साथ ही जनगणना मकान का उपयोग रहने के लिए, दुकान, गोदाम आदि, उसकी स्थिति अच्छी है या खराब, परिवार की बुनियादी जानकारी। परिवार के मुखिया का नाम, मुखिया का लिंग, मुखिया एससी-एसटी या अन्य, मकान के स्वामित्व की स्थिति स्वयं का, किराए का, सरकारी आदि है। इसके अलावा परिवार के पास रहने के लिए उपलब्ध कमरों की संख्या, परिवार में रहने वाले विवाहित दंपत्तियों की संख्या, पेयजल का मुख्य स्रोत, उपलब्धता घर में, बाहर, दूरी आदि, प्रकाश बिजली, लालटेन, सोलर, शौचालय की सुलभता, प्रकार फ्लश, पिट, कोई नहीं, गंदे पानी की निकासी, स्नानगृह की उपलब्धता, लैपटॉप, कंप्यूटर, टेलीफोन, मोबाइल फोन, स्मार्ट फोन, साइकिल, स्कूटर, बाइक, मोपेड, कार, जीप, वैन की भी जानकारी ली जाएगी।

# तेज आंधी व बारिश से किसानों की फसलों को भारी नुकसान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** तेज आंधी के साथ हुई बारिश से गेहूं की फसल को भारी नुकसान हुआ है। आम की फसलों को भी नुकसान होने का अनुमान लगाया जा रहा है। मंगलवार को दोपहर के बाद अचानक तेज हवाएं चलने लगी। उसके कुछ देर के बाद ही बिजली कड़क के साथ बारिश होने लगी। बारिश होने के कारण जगह-जगह पानी खड़ा हो गया। इस समय किसान गेहूं की फसल को काट रहा है। कुछ किसानों की गेहूं की फसल कटी हुई खेतों में पड़ी है। बारिश होने के कारण किसानों की गेहूं की फसल सरसों आदि को भारी नुकसान होना बताया जा रहा है। इस समय आमों के बागों में आम तैयार होने लगा है। तेज हवा चलने के कारण भोर छोटे-छोटे आमों के साथ टूट कर नीचे गिरा है। तेज आंधी के साथ बारिश होने के कारण किसानों की फसलों को भारी नुकसान हुआ है। जिससे किसान मायूस हो गया है। इस बेमौसम बारिश के होने के कारण किसानों की अन्य फसलों को भी नुकसान होना बताया जा रहा है।

# समाचार पत्रों के माध्यम से बढ़ता है समसामायिक ज्ञान

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** नगर के ओपीएस इंटरनेशनल स्कूल में विद्यार्थियों को समाचार पत्र पढ़ने के महत्व के बारे में जागरूक किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के सचिव डॉ. पराग पंडित ने विद्यार्थियों को समाचार पत्र वित. रित किए तथा उन्हें प्रतिदिन समाचार पत्र पढ़ने के लिए प्रेरित किया।

### ओपीएस इण्टरनेशनल स्कूल में कार्यशाला आयोजित



मंगलवार को कार्यक्रम में सचिव ने कहा कि समाचार पत्र पढ़ना एक अच्छी आदत है, जिससे बच्चों को देश-विदेश की खबरों, समसामयिक घटनाओं, शैक्षिक जानकारियों एवं सामान्य ज्ञान की जानकारी प्राप्त होती है। बताया कि नियमित रूप से समाचार पत्र पढ़ने से पाठन की क्षमता, एकाग्रता, शब्दावली, समझने की क्षमता और आत्मविश्वास में वृद्धि होती है, साथ ही समाचार पत्र पढ़ने से भाषा में सुधार होता है। नए शब्द सीखने, सही वाक्य निर्माण, व्याकरण की समझ और शुद्ध उच्चारण में मदद मिलती है। इस मौके पर देव अग्रवाल, आस्था अग्रवाल, मनीष रावत अनमोल शर्मा, लव कुश, रितु, रोशनी, अहाना, योगिता, खुशी, अंजलि, वर्धय अग्रवाल, सूर्यांश चौहान, यशस्वी शर्मा, दिव्यांशी कश्यप, ऋत्विक, शिवि जिंदल विद्यार्थियों सहित नेहा शर्मा, नीरज राठी, श्वेता, साक्षी, सोनम, गरिमा, रक्षिता, नेहा चौहान, पलक, रेशू चौधरी, दीपा मौजूद रहीं।

## आयुष्मान आरोग्य मन्दिर में तोड़फोड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मंगरोला में असामाजिक तत्वों के हौसले बुलंद हैं। यहाँ स्थित श्आयुष्मान आरोग्य मंदिर को बीती रात अज्ञात उपद्रवियों ने अपना निशाना बनाया। शरारती तत्वों ने न केवल स्वास्थ्य केंद्र के खिड़की और दरवाजे तोड़ दिये।बल्कि कमरे के भीतर रखी जीवन रक्षक दवाइयों को भी बुरी तरह बिखेर कर भारी नुकसान पहुँचाया। घटना का खुलासा मंगलवार सुबह उस वक्त हुआ जब केंद्र की कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर महिमा यादव ड्यूटी पर पहुँचीं। स्वास्थ्य केंद्र का नजारा देखकर वह दंग रह गईं। अंदर का सामान अस्त-व्यस्त था और तोड़फोड़ की गई थी। उन्होंने तत्काल घटना की सूचना डायल 112 पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुँची और घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाये।

# प्रदेश में तीसरी बार बनेगी भाजपा सरकार

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** पूर्व सांसद देवेंद्र नागपाल ने भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारियों का फूल माला पहनकर स्वागत किया।

नगर के मालगोदाम रोड स्थित आवास पर आयोजित कार्यक्रम में पूर्व सांसद ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की नवमनोनीत कार्यकारिणी से पूरी उम्मीद है कि सभी पदाधिकारी पूरी मेहनत के साथ संगठन को मजबूत करने का काम करेंगे। पूर्व सांसद ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनावों में हम सभी को दिन रात मेहनत करके प्रदेश में तीसरी बार सुशासन की प्रतीक भारतीय जनता पार्टी की सरकार प्रचंड बहुमत के साथ बनानी है। जिलाध्यक्ष उदयगिरि गोस्वामी ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं के दम पर आज सबसे बड़ी पार्टी बन गई है। उन्होंने सभी पदाधिकारियों को बधाई दी। इस मौके पर जिला मीडिया प्रभारी सुनील गुप्ता, जिला महामंत्री भूप सिंह बेनीवाल, जिला उपाध्यक्ष अभिनव कौशिक, हिमांशु त्यागी, ईश्वर गुर्जर, शुभम चौधरी, सुधीर चौहान, विकास बाबू प्रजापति, धर्मेंद्र चौहान,पवनीत दिवाकर, जिला कोषाध्यक्ष आशु अग्रवाल, गौरव चौधरी, विजय शर्मा, विनोद गुर्जर, दीपक खत्री, नरेंद्र चौधरी, अनुराग बंसल, रविंद्र चौधरी, सुजीत चौधरी, अजय चौधरी, नितिन चौधरी, प्रमोद, अरुण, सलीम सिद्दीकी, प्रदीप वर्मा, अमित चौधरी, आदित्य चौधरी, अनुज शर्मा, हितेश रावत आदि मौजूद रहे।

### पूर्व सांसद ने किया नई कार्यकारिणी का स्वागत



# बिजली की लाइन से किसी को चोट पहुंचने पर विभाग जिम्मेदार: कोर्ट

## करंट लगने से हाथ गंवाने वाले मजदूर को मिली हाईकोर्ट से राहत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक याचिका पर सुनवाई के दौरान यह स्पष्ट किया कि करंट लगने से किसी को भी किसी तरह की चोट पहुंचती है तो बिजली विभाग अपनी जिम्मेदारी से बच नहीं सकता। इसके साथ ही कोर्ट ने साफ शब्दों में कहा कि इस मामले में कठोर दायित्व का सिद्धांत लागू होता है।

अनुसार पीड़ित को केवल यह साबित करना होता है कि उसे बिजली के झटके से चोट आई है। करंट लगने से हाथ गंवाने वाले मजदूर को मुआवजा दिये जाने हेतु पारित आदेश के खिलाफ उत्तर प्रदेश राज्य पावर कार्पोरेशन लिमिटेड की ओर से दायर विशेष अपीली याचिका की सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति संदीप जैन की एकल पीठ ने कहा कि इसकी जरूरत नहीं कि तारों का ठीक से रखरखाव न होने या कर्मचारियों की लापरवाही से हादसा हुआ। पीलीभीत निवासी याची मोहम्मद निसार उर्फ बड़े लल्ला श्रमिक थे। जनवरी 2007 में पूरनपुर कस्बे में अपने घर के बाहर खड़े थे। अचानक ऊपर से गुजर रही एचटी लाइन का तार टूटकर उन पर गिर गया। हादसे में वह गंभीर रूप से झुलस गए। वहीं, संक्रमण फैलने से जान बचाने के लिए उनका बायां हाथ काटना पड़ा। इसके अलावा गले और शरीर के अन्य हिस्सों पर भी गहरे घाव हुए। ट्रायल कोर्ट में मुआवजे की मांग कर आवेदन किया। इस पर ट्रायल कोर्ट ने 3,87,500 रुपये मुआवजा देने का आदेश दिया। इस फैसले के खिलाफ उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत परिषद ने हाईकोर्ट में विशेष अपील दायर की। बिजली विभाग के अधिवक्ता ने दलील दी कि हादसा विभाग की लापरवाही से नहीं हुआ। लाइन टूटने पर बिजली की आपूर्ति स्वत: बंद हो जाती है। करंट लगने का कोई सवाल ही नहीं है।हालांकि, विभाग ने दलीलों के समर्थन में कोई पुख्ता दस्तावेज पेश नहीं किए। कोर्ट ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद पाया कि पीड़ित राजमिस्त्री था। हाथ कटने के बाद उसकी कमाने की क्षमता पूरी तरह खत्म हो गई। ट्रायल कोर्ट ने टिप्पणी की थी कि मुआवजा वास्तव में कम था, लेकिन पीड़ित ने उसे बढ़ाने के लिए कोई अपील नहीं की थी। इसलिए हाईकोर्ट ने केवल मौजूदा मुआवजे की पुष्टि की व विभाग को मुकदमे का खर्च सहित भुगतान का आदेश दिया है।



### शिक्षामित्रों के नियमितीकरण पर दो महीने में फैसला लें अपर मुख्य सचिव: अदालत

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने शिक्षामित्रों के नियमितीकरण और सहायक अध्यापक के वेतन मामले में अपर मुख्य सचिव बेसिक शिक्षा को दो माह में सकारण आदेश पारित करने का निर्देश दिया है। साथ ही याचियों को तीन हफ्ते में प्रत्यावेदन देने के लिए कहा है। यह आदेश न्यायमूर्ति मंजू रानी चौहान ने देवरिया की निघत फिरदौस की याचिका को निस्तारित करते हुए दिया है। याची का कहना था कि वह लंबे समय से प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षामित्र के रूप में कार्यरत है। उसने सुप्रीम कोर्ट के फैसले का हवाला दिया। कहा कि जग्गो बनाम भारत संघ केस व श्रीपाल व अन्य केस एवं 11 जून, 2025 के केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के निर्देशानुसार उसे नियमित कर सहायक अध्यापक का वेतन दिया जाए। कोर्ट ने कहा कि तेज बहादुर मौर्य व 114 अन्य के केस में यही मुद्दा था, जिसमें कोर्ट ने निर्देश दिए हैं।

# हर्षोल्लास के साथ हुआ सुन्दरकांड का पाठ



**प्रयागराज।** ज्ञानगुण सागर वाहिनी के तत्वावधान में जिला अदालत परिसर स्थित हनुमान मंदिर में आयोजित एक दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान के तहत सुन्दरकांड का पाठ रामचरितमानस ममर्ज्ञों के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में भारी संख्या में भक्तजनों ने हर्षोल्लास के साथ प्रतिभाग कर पवनपुत्र हनुमान के समक्ष माथा टेका और सभी सुखों के करने की मंगलक. ामना की। कार्यक्रम संयोजक वरिष्ठ अधिवक्ता कुश श्रीवास्तव ने बताया कि वाहिनी के पदाधिक. ारियों की बैठक में सर्वसम्मति से लिये गये निर्णय के तहत एक दिवसीय सुन्दरकांड पाठ एवं प्रसाद वितरण कार्यक्रम का आयोजन हनुमानमंदिर परिसर में किया गया। इस धार्मिक अनुष्ठान का कार्य पवन सिंह पुण्डीर की अगुवाई में हुआ, जिसमें भारी संख्या में श्रद्वालु भक्तजनों ने बढचढकर हिस्सा लिया। दोपहर बारह बजे से प्रारंभ हुए सुन्दरकांड के पाठ पूरा होने के पश्चात प्रसाद वितरण एवं भण्डारे का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में न्यायमूर्ति राहुल चतुर्वेदी, न्यायमूर्ति वीसी दीक्षित, इलाहाबाद हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता वीपी श्रीवास्तव, वर्तमान अध्यक्ष राकेश पाण्डेय बबुआ, वरिष्ठ अधिवक्ता कृष्ण बिहारी तिवारी, संजय कुमार पाठक, अधिवक्ता जिला अदालत राजेन्द्र यादव, राज्य कर्मचारी महासंघ उत्तर प्रदेश के प्रान्तीय उपध्याक्ष एवं मंडल अध्यक्ष अश्वनी कुमार श्रीवास्तव, आदि ने सराहनीय मार्गदान करने व उत्कृष्ट योगदान भी दिया।

## थ्रेसर में गेहूं डाल रहा युवक अंदर खींच गया, दर्दनाक मौत

**प्रयागराज।** जिले के करनाईपुर क्षेत्र के मिझुरा गांव में मंगलवार को दोपहर लगभग एक बजे ट्रैक्टर से गेहूं की मंड़ाई के दौरान 22 वषईय सुमित कुमार गौतम हादसे का शिकार हो गए। बताया गया कि वह बोरी में गेहूं डाल रहे थे, तभी उनका हाथ थ्रेसर में फंस गया और युवक थ्रेसर के अंदर चला गया, जिससे उनकी दर्दनाक मौत हो गई। बहरिया पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना की खबर फैलते ही भारी संख्या में ग्रामीण और परिजन मौके पर इकठा हो गए। मृतक के परिजन रो-रो कर बुरे हाल में हैं और पूरे गांव में शोक की लहर फैल गई।

## ट्रैक्टर पलटने से चालक की मौत

**प्रयागराज।** चालक प्लांट से ट्रैक्टर पर गिट्टी लादकर जा रहा था। देवनहरी गांव के पास रास्ते में ट्रैक्टर पलट गया, जिसमें दबने से चालक की मौत हो गई। थरवई क्षेत्र के देवनहरी गांव के पास गिट्टी के प्लांट से चालक विकास बिंद ट्रैक्टर से गिट्टी लादकर जा रहा था। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना की सूचना पाकर मृतक के परिजन रोते-बिलखते मौके पर पहुंचे। जानकारी के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## कारोबारी की में हादसे में जान गई

**प्रयागराज।** जिले के मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम किरांव निवासी मुअज्जम अली उर्फ शेबू पुत्र ननकू मुर्गा कारोबारी था। वह अपने मित्र ग्राम पूरे मती निवासी शेबू उर्फ मोहम्मद शमीम द्ध25ऋ पुत्र मोहम्मद इस्लाम के साथ बाइक से कुंडा जा रहा था। जैसे ही दोनों लखनऊ प्रयागराज हाईवे के ग्राम मझिलगांव के निकट पहुंचे कि अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में मुअज्जम की मौके पर मौत हो गई। जबकि साथी शेबू घायल हो गया। सूचना पर पहुंची कुंडा पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया, जबकि शेबू को मऊआइमा के ग्राम बागी के निजी अस्पताल में भर्ती कराया है।

## फंदे से लटका मिला युवक का शव

प्रयागराज। इफको पुलिस चौकी क्षेत्र के सराय हुसैना गांव में एक युवक का कमरे में फंदे से लटका शव मिला। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फूलपुर के सराय हुसैना निवासी 26 वर्षीय अजय गौतम अप्पे चलाकर घर लौटा था। रात में खाना खाने के बाद वह अपने कमरे में सोने चला गया। सुबह भाभी वंदना देवी उसे जगाने गई, लेकिन अंदर से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई। शोर मचाने पर परिजन और आसपास के लोग जुट गए। दरवाजा खुलवाने पर देखा कि अजय फंदे से लटक रहा था। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नीचे उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के बड़े भाई संजय गौड़ ने बताया कि रविवार को वह पत्नी प्रीति को उसके मायके अरवासी फूलपुर छोड़कर आया था।

## कल्हेड़ी के एहसान से गाड़ी बरामद

**बिजनौर।** थाना मंडावर में पुलिस ने गोकशी के मामले में मुक. दमा अपराध संख्या 54/26 पंजीकृत किया था। विवेचना के दौरान अभियोग में पशु क्रूरता अधिनियम की धारा 11 की वृद्धि की गई थी। अभियोग में वसीम कुरैशी उर्फ बबलू पुत्र नसीम कुरैशी उर्फ बाबू, मुन्ना शेख पुत्र निसार अली निवासीगण ग्राम बख्शीवाला थाना कोतवाली शहर, राजकुमार पुत्र लाखन निवासी ग्राम गंगावाला थाना किरतपुर एवं नासिर अहमद उर्फ नासिर कुरैशी पुत्र सगीर अहमद निवासी ग्राम कामराजपुर, थाना नांगल का नाम प्रकाश में आया था।

## बंद पड़े घर में लाखों की चोरी

**रेहड़।** रेहड़ में जामा मस्जिद के निकट अज्ञात चोरों ने एक बंद मकान को निशाना बनाते हुए लाखों रुपए की चोरी की वारदात को अंजाम दिया। पीड़िता नाजमीन उर्फ मुन्नी पत्नी शहजाद हलवाई ने बताया कि उसका पति पिछले चार वर्षों से सऊदी अरब में रहकर काम कर रहा है। वह अपनी दस वर्षीय बेटी अल्फिया के साथ घर में रहती है। महिला नाजमीन उर्फ मुन्नी ने बताया कि वह तीन मार्च को अपनी बेटी अल्फिया के साथ मायके जसपुर, उत्तराखंड गई थी।

# ट्रैक्टर से कुचलकर हत्या के मामले में छह गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ/गोंडा।** गोंडा जिले के नवाबगंज में ट्रैक्टर से कुचल. कर युवक की हत्या करने के मामले का पुलिस ने खुलासा करते हुए छह नामजद आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त ट्रैक्टर और बांका भी बरामद किया है। थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि सोमवार को अंकित उर्फ छल्लू यादव, शोभा देवी, नेहा यादव, अंजली यादव व भरत यादव को पटपरगंज पुल के पास से गिरफ्तार किया। वहीं मंगलवार को मुख्य आरोपी राहुल यादव को तुलसीपुर मांझा गुरूशरन पुरवा से दबोच लिया गया। बताया कि रविवार की सायं पुरानी रंजिश के चलते आरोपियों ने रामरंग पर हमला कर दिया। जिसमें राहुल यादव ने ट्रैक्टर से रामरंग को कुचल दिया और फिर ट्रैक्टर घुमाकर दोबारा चढ़ा दिया। वहीं अंकित यादव ने बांके से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया।इलाज के दौरान जिला अस्पताल गोण्डा में रामरंग की मौत हो गई थी। इस मामले में मृतक के भाई उमेश यादव की तहरीर पर पुलिस ने सात नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। गिरफ्तार आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त महिन्द्रा 365 डीआई लाल रंग का ट्रैक्टर और बांका बरामद किया है। गिरफ्तार सभी आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने संबंधित धाराओं में कार्रवाई करते हुए उन्हें न्यायालय भेज दिया है सोमवार की शाम मृतक राम रंग का शव पोस्टमार्टम के बाद तुलस. ीपुर माझा गांव में पंहुचते ही भारी भीड़ इकट्ठा हो गये। परिजनों के रोने बिलखने से माहौल गमगीन हो गया। करीब आधे घंटे तक परि. जनों ने मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी ना होने तक शव का अंतिम संस्कार ना करने की बात कही, लेकिन थाना अध्यक्ष ने आश्वासन दिया था कि मात्र 10 घंटे में मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जायेगा। आश्वासन के महज 7 घंटे बाद ही मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी होना पुलिस की बडी उपलब्धि मानी जा रही है।स्थानीय लोग थाना अध्यक्ष अभय सिंह की कार्यशैली की सराहना कर रहे हैं।गिरफ्तार कर्ता टीम में थानाध्यक्ष अभय सिंह, एसएसआई विश्वास चतुर्वेदी, एसआई गौरव सिंह, मुख्य आरक्षी रोशन, आनंद, आरक्षी राम अवतार, रितेश खरवार, महिला आरक्षी, नीलम देवी, किरन चौहान, सविता सिंह, प्रिंसी यादव, नीलू सिंह शामिल रहीं।

# नहटौर में नुमाईश से सड़क जाम

## ट्रेड फेयर के नाम पर आंखों में झोंकी जा रही धूल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** नहटौर में ट्रेड फेयर के नाम पर धामपुर मार्ग पर नुमाईश लगा कर समस्याएं खड़ी की जा रही हैं। राजनीतिक संरक्षण प्राप्त करने के लिए स्थानीय भाजपा विधायक ओमकुमार का बड़ा फोटो लगा दिया गया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार नहटौर में धामपुर मार्ग पर ट्रेड फेयर के नाम से भाजपा विधायक ओमकुमार का फोटो लगा कर नुमाईश लगाई गई है। इस नुमाईश में आने वाले लोग अपने वाहन धामपुर मार्ग पर ही खड़े कर देते हैं। ई-रिक्शाएं भी सवारियों के चक्कर में मार्ग पर खड़ी रहती है। जिसकी वजह से यहां पर जाम




लग जाता है। जाम खुलवाने के लिए न तो पुलिसकर्मी मौजूद रहते हैं और न ही मेला आयोजकों के द्वारा व्यवस्था बनाने के लिए अपने कर्मचारियों को तैनात किया गया है।

जाम लगने की वजह से वाहन चालक परेशान रहते हैं। दूसरी तरफ मेले के अंदर भी छेड़छाड़ व जेब काटने की घटनाओं को रोकने के लिए पुलिस तैनात नहीं की गई है। यहां पर दूषित खाद्य सामग्री की बिक्री हो रही है। आम आदमी के स्वास्थ्य से खिलवाड़ किया जा रहा है।

खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारी भी यहां पर छापा मारकर सैंपल नहीं ले रहे हैं।

## बस स्टैंड से किशोर लापता, अपहरण की आशंका

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** जनपद के नजीबाबाद क्षेत्र से नगीना आए एक 15 वर्षीय किशोर के संदिग्ध परिस्थितियों में लापता होने का मामला सामने आया है। परिजनों ने अनहोनी की आशंका जताते हुए थाने में तहरीर दी है।

नजीबाबाद के मौहल्ला कचेड़ी सराय निवासी मौहम्मद इरशाद ने पुलिस को बताया कि शुक्रवार तीन अप्रैल को दोपहर करीब तीन बजे उन्होंने अपने बेटे हमजा को उसके दो साथियों, बशर और उवैस के साथ बस से नजीबाबाद से नगीना भेजा था। नगीना बस स्टैंड पर बस से उतरने के बाद, हमजा ने अपने साथियों से यह कहकर रुकने को कहा कि वह उनके लिए समोसे लेकर आ रहा है। काफी समय बीत जाने के बाद भी जब हमजा वापस नहीं लौटा, तो उसके साथियों ने राहगीर के फोन से परिजनों को सूचना दी। परिजनों के अनुसार, हमजा का रंग गोरा और कद करीब पांच फुट एक इंच है। गायब होने के समय उसने सफेद रंग का कुर्ता-पजामा पहना हुआ था और उसके पास काले व भूरे रंग का एक बैग भी था। थाना नगीना में भारतीय न्याय संहिता बीएनएस 2023 की धारा 137(2) के तहत एफआईआर दर्ज की गई है। थाना प्रभारी अवनीत मान ने उपनिरीक्षक रामचंद्र को जांच और किशोर की बरामदगी के निर्देश दिए हैं। पुलिस बस स्टैंड के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों और अन्य साक्ष्यों के जरिए किशोर का सुराग लगाने का प्रयास कर रही है।

**उत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/सा., मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, हज़रतगंज, लखनऊ द्वारा निर्धारित प्रारूप पर निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| | | |
|---|---|---|
| 1. | ई-निविदा सूचना सं. | 1213-वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता-उत्तर रेलवे-लखनऊ दिनांक 06.04.2026 |
| 2. | कार्य का नाम | उत्तर रेलवे मण्डल अस्पताल, लखनऊ में मरीजों और परिचारकों हेतु 02 लिफ्टों की व्यवस्था। |
| 3. | अनुमानित लागत | रु. 1,01,39,123/- (एक करोड़ एक लाख उनतालीस हजार एक सौ तेईस रूपये मात्र) |
| 4. | बयाना राशि | रु. 2,02,800/- (दो लाख दो हज़ार आठ सौ रूपये मात्र) |
| 5. | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 90 माह |
| 6. | ई-निविदा फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि व समय तथा खोलने की तिथि | दिनांक 29.04.2026 को 15:00 बजे तक तथा खुलने का समय उसी दिन 15:30 बजे वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/सा., उत्तर रेलवे, हज़रतगंज, लखनऊ के कार्यालय में। |
| 7. | प्रस्ताव की वैधता | ई-निविदा खुलने की तिथि से 60 दिन। |
| 8. | उत्तर रेलवे की वेबसाइट | अतिरिक्त सूचना उत्तर रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर चेक की जा सकती है। |

सूचना सं.: 1213-वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता-उत्तर रेलवे-लखनऊ
दिनांक: 06.04.2026 1155/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल, लखनऊ द्वारा निर्धारित निविदा प्रपत्रो पर निम्नलिखित कार्य हेतु अनुभवी एवं स्थापित सक्षम ठेकेदारों द्वारा ई-निविदायें सिंगिल पैकेट सिस्टम द्वारा आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| निविदा सं० | 106-सिग/टेंडर/01/2026-27 |
| कार्य का नाम: एस एंड टी कार्य आई.सी.डब्ल्यू, उत्तर रेलवे के एलकेओ डिवीजन पर नवीनतम आरडीएसओ दिशानिर्देश संख्या- आरडीएसओ-एसआईजीओएसपीडी (पीआरओजे)/1/2020, दिनांक 01.01.2025 के अनुसार अर्थिंग व्यवस्था में सुधार। | |
| अनुमानित लागत | रु 52842608.35/- |
| निविदा प्रपत्र की कीमत | शून्य |
| धरोहर राशि | रु 1056900.00/- |
| कार्य पूरा करने की अवधि | 365 दिन |
| निविदा दस्तावेज जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | 27.04.2026 15:30 Hrs. |
| वेबसाइट विवरण एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहाँ निविदा दस्तावेजों को देखा जा सकता है। | www.ireps.gov.in वरिष्ठ सिगनल एवं दूरसंचार अभियंता कार्यालय/म.रे.प्र. कार्यालय परिसर/उत्तर रेलवे/लखनऊ |

ठेकेदारों को ई-निविदा सिस्टम में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे की वेब साइट www.ireps.gov.in के अन्तर्गत पंजीकृत होना अनिवार्य हैं।

- समस्त नियम एवं शर्तें निविदा प्रपत्र में देखी जा सकती है।
- मैनुअल निविदायें स्वीकृत नहीं की जायेंगी।
- निविदा प्रपत्र एवं बयाना धनराशि का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिग या पेमेंट गेटवे द्वारा स्वीकृत की जायेंगी।

निविदा सू० सं०-106-सिग/टेन्डर/01/2026-27 दिनांक: 06.04.2026
1150/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# देव बलहारी व सुहानी ने जीती विवेक मैराथन

## विश्व स्वास्थ्य दिवस पर विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** विवेक विश्वविद्यालय द्वारा विश्व स्वास्थ्य दिवस पर मैराथन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें पुरुष वर्ग में देव बलहारी तथा महिला वर्ग में सुहानी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

द्वितीय स्थान पर पुरुष वर्ग में सनी कुमार तथा महिला वर्ग मे सानिया रही तथा तृतीय स्थान पर पुरुष वर्ग में अभिषेक एवं महिला वर्ग में मेघा रही। इसके अलावा प्रथम 40 प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार से नवाजा गया। मैराथन में प्रथम पुरस्कार ग्यारह हजार रुपए द्वितीय पुरस्कार 5100 रुपए तथा तृतीय पुरस्कार 2100 रुपए महिला व पुरुष दोनों वर्गो को अलग-अलग दिए गए। इस मौके पर विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सबको सम्मोहित कर दिया।





मैराथन का शुभारंभ प्रात: 7 बजे नेहरु स्टेडियम से सीएमओ डा. कौशलेंद्र, जिला क्रीड़ा अधिकारी राजकुमार विश्वविद्यालय के कुलाधिपति अमित गोयल प्रति कुलाधिपति दीपक मित्तल कुलपति एनके गुप्ता, सीईओ अनिल शर्मा द्वारा हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। पुरस्कार वितरण समारोह में यूपीएससी में 662 रैंक प्राप्त चंदवाहिनी चौधरी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि कोई भी लक्ष्य प्राप्त हो सकता है, अगर मेहनत ईमानदारी से की जाए। उन्होंने कहा की बड़े लक्ष्यों के लिए प्रयास भी बड़ ही हाते है।

विवेक मैराथन नेहरु स्टेडियम से प्रारंभ होकर शक्ति चौक थाना कोतवाली बुखारा रोड होते हुए जानी का चौराहा से नूरपुर रोड पर स्थित विवके विश्वविद्यालय पर समाप्त हुई। इस मैराथन में पॉच चैक पोस्ट बनाए गये थे। जिसमें सभी प्रतिभागियों के चैस्ट नम्बर को सत्यापित किया गया। इस प्रतियोगिता में 1400 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया।

विवेक विश्वविद्यालय के कुलाधिपति अमित गोयल ने कहा कि इस वर्श विश्व स्वास्थय संगठन की थीम विज्ञान के साथ स्वास्थय के लिए साथ आए पर यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इस मैराथन के माध्यम से सभी बिजनौर वासियों को अच्छे स्वास्थ का संदेश देना है।

कार्यक्रम के समापन में महाविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत गणेश वंदना, क्लासिकल फ्युजन, छलांग, योद्ध हू मैं, योगा डांस, युगचक्र, मैं लड़ जावा, ठान लिया आशाऐं आदि सांस्कृतिक कार्यक्रमों द्वारा श्रोताओं का भाव विभोर कर दिया। कार्यक्रम का संचालन विश्वजीत एवं रितु बिस्ट द्वारा किया गया तथा कार्यक्रम को स्फल बनाने में विश्वविद्यालय के डीन डा. दीप्ती डिमरी, डा. राजीव चौधरी, डा. सौरभ शर्मा, डा. सर्वेश शीतल, डा. रंगानाथन, डा. देवाशीष, डा. संजय कुमार त्यागी, डा. हर्ष कुमार, डा. अनुपम आजाद, डा. राशि तंवर, डा. अनुकूल द्विवेदी, डा. अंजली रानी, डा. मीना चौधरी, डा. पुष्पा जोशी, डा. शैलेंद्र शर्मा, डा. मनिका, मुकुल कुमार, पंकज त्यागी आदि सभी शिक्षकों एवं षिक्षणेत्तर कर्मचारियों का विशेष सहयोग रहा। विवेक हॉस्पिटल द्वारा रोहन पराशर एवं कोमल के सानिध्य में विद्यार्थियों की देखरेख हेतु मैराथन में चिकित्सा कैंप लगाया गया।

**सूचना**

प्रयागराज (इलाहाबाद) में समाचार व विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-

**अश्वनी कुमार श्रीवास्तव**

(प्रयागराज जोन प्रभारी/जिला प्रभारी/ब्यूरो चीफ)
मो. 9415351850
कार्यालय पता:- 99 ए/1, अशोक नगर (नवादा), प्रयागराज
email-shahtimesprayagrajjashwani@gmail.com

# विदेशी नागरिकों को ठगने वाले कॉल सेंटर का पर्दाफाश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** साइबर क्राइम थाने की पुलिस ने तकनीकी सहायता देने के नाम पर यूरोप और अमेरिका के नागरिकों के साथ ठगी करने वाले कॉल सेंटर का मंगलवार को पर्दाफाश कर सरगना समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी अब तक 250 से अधिक विदेशी नागरिकों से ठगी कर चुके हैं। डीसीपी साइबर शैव्या गोयल ने बताया कि थाना साइबर क्राइम की टीम ने तकनीकी सर्विलांस और लोकल इंटेलिजेंस के आधार पर सेक्टर-76 क्षेत्र में छापेमारी की। इस दौरान चारों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों की पहचान 26 वर्षीय मोहम्मद बिलाल, 25 वर्षीय देव कपाही 27 वर्षीय मुखेजा और 24 वर्षीय कुशाग्र निम्बेकर के रूप में हुई।

बिलाल गिरोह का सरगना है। तीन आरोपी दिल्ली के रहने वाले हैं, जबकि एक राजस्थान का है। पुलिस जांच में खुलासा हुआ है कि आरोपी इंटरनेट और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर टेक सपोर्ट के नाम से पेड विज्ञापन चलाते थे। इन विज्ञापनों में टोल-फ्री नंबर दिए जाते थे, जिन्हें देखकर विदेशी नागरिक खुद कॉल करते थे। कॉल आते ही ये आरोपी अपने लैपटॉप में इंस्टॉल कॉलिंग सॉफ्टवेयर के जरिए कॉल रिसीव करते और खुद को किसी प्रतिष्ठित कंपनी का टेक्निकल सपोर्ट एजेंट बताते थे। इसके बाद ये पीड़ितों को विश्वास दिलाते कि उनके कंप्यूटर या मोबाइल डिवाइस को हैक कर लिया गया है और उनका डाटा खतरे में है। डर का माहौल बनाने के लिए ये स्क्रीन शेयरिंग ऐप के जरिए पीड़ित के सिस्टम तक पहुंच बना लेते थे और कंप्यूटर स्क्रीन को ब्लैक कर देते थे। इससे पीड़ित घबरा जाता था और आरोपी के निर्देशों का पालन करने लगता। स्क्रीन एक्सेस मिलने



के बाद आरोपी पीड़ित की बैंकिंग जानकारी हासिल कर लेते। इसके जरिए वे खाते में मौजूद रकम का अंदाजा लगाते। यदि खाते में कम रकम होती तो 350 से दो हजार अमेरिकी डॉलर तक वसूल लेते। वहीं, अगर खाते में अधिक राशि होती तो मामला तथाकथित सीनियर एजेंट को ट्रांसफर कर दिया जाता, जो और बड़े स्तर पर ठगी करता। ठगी से प्राप्त रकम को आरोपी क्रिप्टो करेंसी के माध्यम से ट्रांसफर कर लेते, जिससे रुपये का पता लगाना मुश्किल हो जाता था।

**अंग्रेजी बोलकर झांसे में लेते थे:** पूछताछ में सामने आया कि ये सभी उच्च शिक्षित हैं और अंग्रेजी बोलकर आसानी से लोगों को अपने जाल में फंसा लेते थे। पुलिस ने आरोपियों के पास से चार लैपटॉप, आठ मोबाइल फोन, चार माइक्रोफोन हेडफोन और दो राउटर बरामद किए। शुरुआती जांच में सामने आया है कि ये लोग लंबे समय से विदेशी नागरिकों को निशाना बना रहे थे और करोड़ों रुपये की ठगी कर चुके हैं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि बरामद डिजिटल डिवाइस की फॉरेंसिक जांच कराई जा रही है। गिरोह से जुड़े अन्य लोगों की तलाश भी जारी है।

**हवाला के जरिए रकम आने का अंदेशा:** साइबर थाना प्रभारी ने बताया कि अब तक की जांच में आरोपियों के खाते में हवाला के जरिए भी रकम आने का इनपुट मिला है। इस एंगल से भी जांच की जा रही है। ठगी का कॉल सेंटर आरोपियों ने दो माह पहले खोला था। आरोपियों के पास जरूरी लाइसेंस नहीं थे। जिस इमारत में ठगों ने कॉल सेंटर का सेटअप तैयार किया था, उसे उन्होंने 40 हजार रुपये प्रतिमाह के हिसाब से किराये पर लिया था। पुलिस को पूछताछ के दौरान कुछ अन्य आरोपियों के नाम भी पता चले हैं।

**डर और तकनीक का इस्तेमाल:** पुलिस के अनुसार साइबर अपराधी अब केवल तकनीकी खामियों का फायदा नहीं उठा रहे, बल्कि मनोवैज्ञानिक दबाव और डर का भी इस्तेमाल कर रहे हैं। आपका सिस्टम हैक हो गया है। जैसा डर देकर लोगों को घबराहट में गलत फैसले लेने पर मजबूर किया जाता है। विशेषज्ञों के अनुसार टेक सपोर्ट फ्रॉड दुनिया भर में तेजी से बढ़ रहा है, जिसमें खासतौर पर विदेशी नागरिकों को निशाना बनाया जाता है। भारत में बैठकर ऐसे गिरोह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर साइबर अपराध को अंजाम दे रहे हैं।

## दुर्गा मंदिर से चांदी का छत्र चोरी

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के दादरी में चोरों ने एक दुर्गा मंदिर को निशाना बनाया है। दादरी थाना क्षेत्र के बिसाहड़ा रोड स्थ्थित दुर्गा मंदिर से देर रात चोरों ने माता की मूर्ति पर लगा चांदी का छत्र और सोने के जेवरात चोरी कर लिए। चोरी की यह पूरी घटना मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई।

जानकारी के मुताबिक, चोरों ने देर रात मंदिर में सेंध लगाई। वे मंदिर से लगभग 3 किलोग्राम से अधिक वजन का चांदी का छत्र और सोने की नथ चोरी कर फरार हो गए। सीसीटीवी फुटेज में साफ देखा जा सकता है कि एक चोर मंदिर के अंदर घुसकर दुर्गा मां की मूर्ति से छत्र उतारकर अपने बैग में रख रहा है।

इस चोरी की घटना के बाद स्थानीय लोगों में आक्रोश है। चोरी का पता तब चला जब सुबह मंदिर के पुजारी ने पूजा के लिए मंदिर खोला। उन्होंने देखा कि माता के श्रृंगार का सामान और चांदी का छत्र गायब था। इसके बाद सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए, जिसमें चोरी की पूरी वारदात कैद मिली। इस संबंध में दादरी पुलिस को शिकायत दी गई है।

दादरी पुलिस ने बताया कि उन्हें मंदिर में चोरी की सूचना मिली थी। पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शिकायत के आधार पर मामला दर्ज किया जा रहा है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज की मदद से चोरों की तलाश में जुट गई है और जल्द ही चोरी का खुलासा करने का दावा कर रही है।

यह उल्लेखनीय है कि दादरी में पहले भी मंदिरों में चोरी की वारदातें हुई हैं। पूर्व में नकाबपोश चोरों ने एक मंदिर में चोरी की थी, जिसकी घटना भी सीसीटीवी में कैद हुई थी। उस मामले में बुलंदशहर पुलिस ने चोरों को गिरफ्तार कर घटना का खुलासा किया था।

## लेडी टीचर का पीछा कर रहा था मनचला, गिरफ्तार




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में शिक्षिका के साथ लगातार हो रही छेड़छाड़ और पीछा करने की घटना ने उस समय नया मोड़ लिया, जब पीड़िता ने महिला हेल्पलाइन नंबर 1090 पर कॉल की। सूचना मिलते ही डायल 1090 की टीम तुरंत एक्टिव हो गई. इसके बाद पुलिस की टीम ने मनचले को गिरफ्तार कर उसे जेल भेज दिया है। पुलिस और महिला हेल्पलाइन टीम की संयुक्त कार्रवाई से शिक्षिका काफी खुश नजर आ रही है।

जानकारी के मुताबिक, ग्रेटर नोएडा की कासना थाना क्षेत्र के तहत आने वाले एक स्कूल में पढ़ाने वाली शिक्षिका का एक मनचला युवक पिछले 20 दिनों से पीछा कर रहा था। आरोपी युवक रोजाना स्कूल के बाहर खड़ा रहता था और छुट्टी के बाद शिक्षिका का पीछा करता था और कई बार उसने बात करने की भी कोशिश की, लेकिन शिक्षिका ने उसे हर बार नजरअंदाज किया। बावजूद आरोपी अपनी हरकतों से बाज नहीं आया।

**महिला हेल्पलाइन से मिली मदद:** शिक्षिका की परेशानी दिन-ब-दिन बढ़ती ही जा रही थी. एक दिन जब आरोपी फिर से महिला टीचर का पीछा कर रहा था, तभी उसे महिला हेल्पलाइन के बारे में याद आया. बिना देर किए उन्होंने हेल्पलाइन नंबर 1090 पर फोन कर मदद की मांग की। जानकारी मिलते ही महिला हेल्पलाइन टीम और स्थानीय पुलिस एक्टिव हो गई। 1090 पर मिली शिकायत पर तेजी से कार्रवाई करते हुए कासना पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और शिक्षिका के बयान पर आरोपी की पहचान कर उसे गिरफ्तार कर लिया।

**आरोपी को भेजा गया जेल:** जांच में आरोपी की पहचान अंकुश राय के रूप में हुई है, जो कि दलेलगढ़ गांव का रहने वाला बताया जा रहा है. पुलिस अधिकारियों ने साफ कहा है कि अगर कोई भी महिला परेशानी सहन न करें, वह बिना डरे महिला हेल्पलाइन नंबर 1090 पर शिकायत कर सकती हैं. मामले की जानकारी देते हुए कासना थाना प्रभारी धर्मेंद्र शुक्ला ने बताया की शिक्षिका की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है, जिसमें पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी युवक को जेल भेज दिया है।

## बुजुर्ग को गोली मारने वाला गिरफ्तार

- **रंजिश में की थी वारदात, मुठभेड़ में पैर में लगी गोली**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कोतवाली क्षेत्र में पुलिस ने एक बुजुर्ग को गोली मारने के मुख्य आरोपी को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया है। सोमवार देर रात हुई इस मुठभेड़ में आरोपी के पैर में गोली लगी, जिसके बाद उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। यह घटना अट्टा फतेहपुर गांव में पुरानी रंजिश के चलते हुई थी।

पुलिस के मुताबिक, आरोपी की पहचान कायदे आजम के रूप में हुई है। उसने सोमवार सुबह अपने पड़ोसी बुजुर्ग कासिम को उस समय गोली मार दी थी, जब कासिम खेत पर काम कर रहे थे। घायल कासिम का ग्रेटर नोएडा के एक अस्पताल में इलाज चल रहा है और उनकी हालत गंभीर बनी हुई है।

इस घटना के बाद पीड़ित पक्ष की शिकायत पर चार नामजद आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। पुलिस ने सोमवार देर रात यमुना एक्सप्रेसवे के सर्विस रोड पर मुख्य आरोपी कायदे आजम को मुठभेड़ के दौरान पकड़ा। उसके पास से एक तमंचा, तीन कारतूस और एक मोटरसाइकिल बरामद की गई है। दनकौर कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह ने बताया कि मामले के अन्य आरोपी अभी फरार हैं। पुलिस उनकी तलाश कर रही है और जल्द ही उन्हें भी गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

### टेंट गोदाम में लगी आग

**नोएडा।** सेक्टर-70 स्थित बीएच-11 बैंक्वेट हॉल के परिसर में सोमवार देर रात टेंट के गोदाम में आग लग गई। आग लगने से वहां रखा टेंट का सामान जल गया। सूचना मिलते ही अग्निशमन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। दमकल की तीन गाड़ियों ने डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। अग्निशमन अधिकारियों के अनुसार, घटना देर रात की है, जब बैंक्वेट हॉल के प्रांगण में बने अस्थायी गोदाम में अचानक आग भड़क उठी। आग तेजी से फैलती देख आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। तुरंत फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई, जिसके बाद दमकल कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर कड़ी मशक्कत के बाद आग को बुझाया। गनीमत रही कि हादसे के समय गोदाम में कोई व्यक्ति मौजूद नहीं था।

## कंपनी के पूर्व पदाधिकारी समेत छह लोगों पर करोड़ों के गबन का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** कंपनी के पूर्व पदाधिकारी समेत छह लोगों के खिलाफ 77.41 करोड़ रुपये के गबन का मामला सामने आया है। सेक्टर-60 स्थित कंपनी के अधिकृत प्रतिनिधि ने सेक्टर-58 थाने में आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कराया है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। दिल्ली के नांगलोई एक्सटेंशन निवासी मंजीत सिंह ने पुलिस को बताया कि वह सेक्टर-60 स्थित ईबिक्स स्मार्टक्लास एजुकेशनल सर्विस प्राइवेट लिमिटेड के अधिकृत प्रतिनिधि हैं। कंपनी द्वारा 17 जनवरी को एक शिकायती पत्र पुलिस को सौंपा गया। उस शिकायती पत्र में आरोप है कि रोबिन रैना, केके नागपाल, सुनील भंडारी, अमित सरोगी, विकास वर्मा, अमित सैनी और कुछ अज्ञात लोगों ने आपराधिक साजिश के तहत कंपनी के लगभग 77 करोड़ सात लाख 41 हजार 479 रुपये गबन कर लिए।

आरोपियों ने इस रकम में से 56 करोड़ 62 लाख 11 हजार 479 रुपये 90 से अधिक फर्जी एवं शेल संस्थाओं के माध्यम से ट्रांसफर किए। जिनका कोई वास्तविक अस्तित्व नहीं था, जिन्हें केवल धोखाधड़ी और धन के दुरुपयोग के उद्देश्य से बनाया गया था।शिकायतकर्ता का कहना है कि आरोपियों ने न केवल रकम का गबन किया, बल्कि अपने अवैध कृत्यों को छिपाने के उद्देश्य से कंपनी के अधिकारियों को 15 नवंबर 2024 का राइट-ऑफ पत्र हस्ताक्षर करने के लिए दबाव और धमकी दी ताकि ऑडिट ट्रेल नष्ट हो जाए और वसूली की कार्रवाई बाधित हो सके। शिकायतकर्ता का आरोप है कि 17 जनवरी को शिकायती पत्र दिया गया, लेकिन एफआईआर दर्ज नहीं हुई। यह देरी कंपनी के लिए गंभीर हानि का कारण बन रही है। आशंका है कि आरोपी साक्ष्यों के साथ छेड़छाड़ कर सकते हैं। इलेक्ट्रॉनिक, दस्तावेज नष्ट कर सकते हैं और गवाहों को प्रभावित कर सकते हैं।

## एक नजर

### झमाझम से बढ़ी ठंड, आज भी बारिश के आसार

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** मंगलवार की सुबह हल्की धूप निकलने के बाद 10 बजे के आसपास शहर में बादल छा गए। इसके बाद कई इलाकों में झमाझम बारिश हुई। इस दौरान हवा की रफ्तार 50 किलोमीटर प्रति घंटा रही, जिससे मौसम में ठंडापन और नमी का अहसास हुआ। मौसम विभाग के अनुसार, मंगलवार को अधिकतम तापमान 31 डिग्री और न्यूनतम 18 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। आज अधिकतम तापमान 27 डिग्री व न्यूनतम 17 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है। मौसम विभाग ने दो दिनों तक हल्की से मध्यम बारिश और तेज हवाओं की संभावना जताई है। नोएडा और ग्रेटर नोएडा का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) मंगलवार को 126 रिकॉर्ड किया गया, जो मध्यम श्रेणी में आता है।

### 636 शिक्षामित्रों व 36 अनुदेशकों को इसी महीने से बढ़ा हुआ मानदेय

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** जनपद के चारों ब्लॉक के स्कूलों में तैनात 636 शिक्षामित्रों व 36 अनुदेशकों को अप्रैल से ही बढ़ा हु मानदेय मिलेगा। कैबिनेट से इसे मंजूरी मिल गई है। हालांकि, बढ़ा हुआ पैसा उनके खातों में मई में आएगा। राज्य सरकार ने शिक्षामित्रों के मानदेय को 10,000 से बढ़ाकर 18,000 रुपये प्रतिमाह और अनुदेशकों का मानदेय 9,000 से बढ़ाकर 17,000 रुपये प्रतिमाह कर दिया गया है। यह निर्णय उन हजारों अनुदेशकों के लिए राहत भरा है जो वर्षों से कम मानदेय में सेवाएं दे रहे थे। उत्तर प्रदेश शिक्षामित्र संगठन के जिलाध्यक्ष जगवीर भाटी ने कहा कि लंबे समय से चली आ रही मांग से लाखों शिक्षामित्रों के परिवारों को राहत मिलेगी। अब इन्हें वेतन दिलाने का भी काम किया जाएगा।

### पंचशील ग्रीन्स 1 एओए को किया कोर्ट ने निरस्त

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** ग्रेनो वेस्ट स्थित पंचशील ग्रीन एक एओए को एसडीएम कोर्ट दादरी ने तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया है। उप जिलाधिकारी दादरी अनुज नेहरा ने आदेश में कहा है कि तथ्यों एवं साक्ष्यों के आधार पर कालातीत एओए द्वारा कराया गया चुनाव 28 अप्रैल 2024 और वर्तमान में उच्च न्यायालय में लंबित होने के बाद भी 13 अप्रैल 2025 को चुनाव करा दिए गए। दोनों चुनाव को एसडीएम कोर्ट ने अवैध माना है। कोर्ट ने डिप्टी रजिस्ट्रार को आगे की कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया है। निवासी विकास कुमार ने बताया कि उपजिलाधिकारी के आदेश से यह स्पष्ट है कि पिछले 2 वर्ष से एओए अवैध रूप से कार्य कर रही थी और डिप्टी रजिस्ट्रार के आदेशों का उल्लंघन कर रही थी। न्यायालय में वाद दायर होने के बाद भी बिना अनुमति खुद निर्णय ले रही थी। जिसके कारण एओए को निरस्त किया गया। उन्होंने बताया कि वह सोसायटी में शीघ्र नियमों के अनुसार और विधिमान्य चुनाव के लिए प्रयासरत है,लेकिन कुछ लोग अपने फायदे के लिए नियम कानून के विरुद्ध अपनी मनमानी करते जा रहे थे।

### स्क्रैप माफिया रवि काना की अग्रिम जमानत याचिका खारिज

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** जिला अदालत ने स्क्रैप माफिया रवि काना की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी। अदालत ने पूर्व के एक मुकदमे में अग्रिम जमानत देने के मामले में शर्तों का उल्लंघन करने पर जमानत देने से इनकार किया। एडवोकेट ललित मोहन गुप्ता के मुताबिक नोएडा की सेक्टर-39 कोतवाली में सेक्टर-62 इंडियन ऑयल अपार्टमेंट निवासी नोएडा मीडिया क्लब के अध्यक्ष आलोक कुमार द्विवेदी ने रवि काना के खिलाफ पांच करोड़ की रंगदारी मांगने का केस दर्ज कराया था। इस मामले में स्क्रैप माफिया रवि काना ने अग्रिम जमानत के लिए याचिका दाखिल की थी, जिस पर सोमवार को सुनवाई हुई। अदालत ने याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि आरोपी को पूर्व में एक मुकदमे में अग्रिम जमानत दी गई थी, जिसमें आरोपी ने शर्तों का उल्लंघन किया। ऐसे में इस बार भी आरोपी पर भरोसा नहीं किया जा सकता।

## कुत्ते से कुकृत्य करने का आरोपी गिरफ्तार

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेनो वेस्ट की सोसाइटी के पार्क में कुत्ते के साथ यौन उत्पीड़न का मामला सामने आया है। एक एनजीओ के संचालक की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। बिसरख कोतवाली पुलिस के मुताबिक फरीदाबाद हरियाणा के रहने वाले ऋषि शर्मा बीएमआर एनिमल ट्रस्ट के नाम से एक एनजीओ चलाते हैं। सोमवार को सोशल मीडिया पर एक वीडियो के माध्यम से उन्हें पता चला कि ग्रेनो वेस्ट की कासा ग्रीन सोसाइटी के पार्क में एक कुत्ते के साथ कुकर्म की घटना हुई है। वह तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी।

पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। एनजीओ संचालक ने इस मामले में आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की।

## जिम्स में विश्व स्वास्थ्य दिवस के मौके पर कॉल फॉर एप्लीकेशन का हुआ शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** राजकीय आयुर्विज्ञान संस्थान (जिम्स) के इंक्यूबेशन सेंटर विश्व स्वास्थ्य दिवस के मौके पर मंगलवार को उत्तर प्रदेश के मेडटेक स्टार्टअप्स के लिए कॉल फॉर एप्लीकेशन का ऑनलाइन शुभारंभ किया गया।

यह पहल स्टार्टइन यूपी के बायरैक बायोनेस्ट और स्टैंफोर्ड बायोडिजाइन के सिद्धांत से प्रेरित है। इसका उद्देश्य प्रदेश में हेल्थकेयर इनोवेशन को बढ़ावा देना है। सीएमई जिम्स के सीईओ डॉ. राहुल सिंह ने बताया कि इस कार्यक्रम के तहत चयनित होने वाले स्टार्टअप्स को बिना इक्विटी और रायल्टी के इंक्यूबेशन सपोर्ट दिया जाएगा। साथ ही, उन्हें सरकारी अस्पताल में क्लीनिकल ट्रायल, डॉक्टर से क्लीनिकल मार्गदर्शन, रेगुलेटरी सहायता और मार्केट एक्सेस व डिप्लायमेंट के अवसर भी मिलेंगे।

**पूरे प्रदेश से 10 स्टार्टअप का हुआ चुनाव:** पहल के तहत पूरे प्रदेश से 10 स्टार्टअप को चुना जाएगा। इसमें आवेदन की प्रकिया पूरी तरह से निश्शुल्क रखी गई है। इसके अलावा इसके तहत चयनित किए जाने वाले स्टार्टअप को एक वर्ष के लिए निश्शुल्क को-वर्किंग जिम्स में ही कर सकेंगे। इसमें उन्हें जिम्स परिसर में ही सारी सुविधाएं निश्शुल्क उपलब्ध कराई जाएंगी। कार्यक्रम के तहत केवल उत्तर प्रदेश में पंजीकृत स्टार्टअप्स को शामिल किया जाएगा। उसमें से जो मेडिकल डिवाइसेज, डायग्नोस्टिक्स, डिजिटल हेल्थ, बायोलाजिक्स, ड्रग्स एवं वैक्सीन जैसे क्षेत्रों में कार्य कर रहे हैं। इसके अलावा एआइ-आधारित हेल्थकेयर के क्षेत्र में काम करने वालों को भी प्राथमिकता दी जाएगी।

जिम्स निदेशक डॉ. बिग्रेडियर राकेश गुप्ता ने कहा कि यह पहल मेक इन इंडिया मेडिकल डिवाइसेज को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। जिम्स एक ऐसा इकोसिस्टम प्रदान करता है, जहां क्लीनिकल विशेषज्ञता, इंफ्रास्ट्राक्चर और नवाचार एक साथ आते हैं। हमें विश्वास है कि हम प्रयास स्टार्टअप्स को ऐसे समाधान विकसित करने में सक्षम बनाएगा जो तकनीकी रूप से सक्षम होने के साथ ही आम जनता के लिए उपयोगी व सुलभ हों।

## तेज रफ्तार कार ने पांच छात्रा-छात्राओं को मारी टक्कर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के नॉलेज पार्क थाना क्षेत्र में सोमवार शाम एक तेज रफ्तार एसयूवी कार ने दो छात्राओं समेत पांच छात्रों को टक्कर मार दी। हादसे में पांचों छात्र घायल हो गए। उनको अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद दो छात्रों को छुट्टी दे दी गई। जबकि बाकी का शारदा अस्पतल में इलाज चल रहा है। एक गंभीर का पैर बुरी तरह टूट गया है। उसको ऑपेरशन के लिए दिल्ली के एम्स में रेफर करने की तैयारी चल रही है।

घायल होने वाले पांच छात्रों में से दो छात्रा व एक छात्र शारदा विश्वविद्यायल में लॉ की पढ़ाई कर रहे हैं। जबकि दो अन्य छात्र जीएल बजाज कॉलेज में पढ़ रहे हैं। आरोप है कि शाम को कॉलेज की छुट्टी होने के बाद वो हॉस्टल जा रहे थे। जब जीएल बजाज कॉलेज के पास पहुंचे तो एक तेज रफ्तार एसयूवी कार ने पहले तीन छात्रों को टक्कर मारी। उसके बाद आगे जा रही दो छात्रों को भी टक्कर मार दी। हादसे में किसी छात्र के सिर में तो किसी का पैर टूट गया है। शारदा विश्वविद्यालय का छात्र अंकित राज का पैर कई जगह से टूट गया है। वो आईसीयू में भर्ती है। वहां से उसे दिल्ली में एम्स में भर्ती कराया जाएगा। वहीं पुलिस का कहना है कि एक कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराई गई थी। इस दौरान चार छात्र उसकी चपेट में आ गए। उनको मामूली चोट आई है। पुलिस ने कार को कब्जे में लेकर आरोपी को हिरासत में लिया गया है।

## कार सवारों ने ग्रेटर नोएडा में सुरक्षाकर्मी को पीटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के गौर सिटी सोसाइटी में कार सवार कुछ लोगों ने एक सुरक्षाकर्मी के साथ मारपीट की। आरोपियों ने सुरक्षाकर्मी को लाठी-डंडों से पीटा और जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। घायल सुरक्षाकर्मी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मंगलवार को एक नामजद समेत कुछ अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, मिर्जापुर निवासी रिंकू गौर सिटी सोसाइटी में सुरक्षाकर्मी के तौर पर तैनात हैं। रिंकू ने अपनी शिकायत में बताया कि सोमवार रात करीब 12:30 बजे वह सोसाइटी में गश्त कर रहे थे। इसी दौरान एक कार में सवार गब्बर (अरौंदा, बुलंदशहर) और उसके कुछ अज्ञात साथी उनके पास आए।

रिंकू का आरोप है कि कार सवारों ने बिना किसी कारण के उनके साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। जब उन्होंने इसका विरोध किया, तो आरोपियों ने उन्हें लाठी-डंडों से बेरहमी से पीटा। मारपीट के बाद आरोपी उन्हें जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से भाग गए। गंभीर रूप से घायल सुरक्षाकर्मी रिंकू को तत्काल एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर लिया है और मामले की विस्तृत जांच कर रही है।

**शाह टाइम्स**
आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।
**प्रवेश सिंह दतानियां**
जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा
ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर
9810967541, 8920145356
Email: parveshnoida@gmail.com
**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

## एग रोल खाने से चार लोग बीमार, जगत फार्म के स्टॉल से खरीदा था

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के जगत फार्म बाजार में स्ट्रीट फूड खाना एक परिवार के लिए परेशानी का सबब बन गया। यहां से चिकन एग रोल खाने के बाद एक ही परिवार के चार सदस्य बीमार पड़ गए, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। डॉक्टरों ने इसे फूड पॉइजनिंग का मामला बताया है। सूरजपुर स्थित लोटस पार्क निवासी अनिल पासवान ने बताया कि रविवार शाम को उन्होंने जगत फार्म स्थित श्रोशनी एग रोलश नामक स्टॉल से अपने परिवार के लिए चिकन एग रोल खरीदे थे।

परिवार के सदस्यों ने जैसे ही रोल का सेवन किया, कुछ ही घंटों बाद उनकी तबीयत बिगड़ने लगी। अनिल पासवान, उनकी बेटी और उनके दो दोस्तों को तेज बुखार, लगातार उल्टी और दस्त की शिकायत होने लगी। स्थिति गंभीर होते देख सभी को तुरंत नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों ने पुष्टि की कि यह फूड पॉइजनिंग का मामला है। फिलहाल सभी पीड़ितों का इलाज जारी है और उनकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। अनिल पासवान ने स्टॉल संचालक पर बासी या खराब गुणवत्ता का सामान बेचने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि स्टॉल पर साफ-सफाई का अभाव था और चिकन या अंडों की गुणवत्ता बेहद खराब थी, जिसके कारण उनके परिवार की जान जोखिम में पड़ गई।

## डीएम ने गैस एजेंसी का औचक निरीक्षण किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** जिलाधिकारी मेधा रूपम ने मंगलवार को ग्राम घंघोला, तहसील सदर स्थित शिव साईं एचपी गैस एजेंसी का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने गैस एजेंसी की व्यवस्थाओं का गहनता से जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान एजेंसी में उपलब्ध गैस सिलेंडरों के स्टॉक का भौतिक सत्यापन किया गया। सिलेंडरों की संख्या और उनकी क्षमता की भी जांच की गई। इसके अतिरिक्त, एजेंसी में संधारित किए जा रहे विभिन्न रजिस्टरों का अवलोकन कर उनके विधिवत रखरखाव की स्थिति का परीक्षण किया गया। जिलाधिकारी ने गैस



सिलेंडरों के परिवहन में प्रयुक्त ट्रकों की भी जांच की और संबंधित मानकों के अनुपालन की जानकारी ली। गोदाम प्रभारी के देरी से पहुंचने और अन्य व्यवस्थाओं की कमी पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त की। एजेंसी में कार्यरत स्टाफ की उपस्थिति और उनकी कार्यप्रणाली की भी जानकारी प्राप्त की गई। सुरक्षा एवं निगरानी व्यवस्था के लिए लगाए गए सीसीटीवी कैमरों की स्थिति का भी अवलोकन कर उनकी कार्यशीलता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। एजेंसी पर पर्याप्त पुलिस बल न होने के कारण, जिलाधिकारी ने चौकी इंचार्ज को निर्देश दिए कि सुरक्षा की दृष्टि से उक्त एजेंसी पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात कर संपूर्ण निगरानी रखी जाए। निरीक्षण के उपरांत, जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों और एजेंसी प्रबंधन को गैस वितरण प्रणाली में पारदर्शिता, सुरक्षा और उपभोक्ताओं की सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाया जाए। गैस वितरण से संबंधित पंजिकाओं को सुरक्षित रखा जाए, ताकि उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

# बाइकों की आमने-सामने भिड़त में एक की मौत, तीन गंभीर घायल

शाह टाइम्स संवाददाता

**बीसलपुर।** रसयखानपुर मार्ग पर अमृता खास पेट्रोल पंप के निकट दर्दनाक सड़क हादसा हो गया जिसमें दो बाईकों की आमने-सामने टक्कर हो गई मौके पर एक युवक की मौत हो गई तीन गंभीर रूप से घायल जिला अस्पताल रेफर किया।

सड़क हादसे में क्षेत्र के ग्राम रसिया खानपुर निवासी अब्दुल सलीम अपनी पुत्री जिया खालिदा की मंगनी होने के कारण कुछ सामान दिलाने बीसलपुर लाय थे। समान दिलाकर अपने घर वापस जा रहे थे तभी ग्राम अमृता खास निकट पेट्रोल पंप के पास पहुंचे सामने से अनियंत्रित गति से आ रहे बाइक सवार ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी टक्कर लगते ही दोनों बाईकों पर सवार चारों लोग रोड पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसमें कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रायपुर निवासी महेश कुमार के पुत्र 18 वर्ष अभिषेक कुमार की मौत हो गई जबकि साथी अर्जुन कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंची बीसलपुर पुलिस ने सभी घायलों को बीसलपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा जहां सभी



घायलों का डॉक्टर द्वारा प्राथमिक उपचार करने के बाद हालत गंभीर होने के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

वहीं पुलिस ने मृतक अभिषेक कुमार के शव का पंचायतनामां भरने के बाद पोस्टमार्टम हेतु जिला मुख्यालय भेज दिया है भाई युवक के परिवार वालों का रो-रो कर बुरा हाल है पुलिस ने दोनों भैंकों को अपने कब्जे में लेकर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दिए हैं।

# डीएम बरेली की पहल: अब शादियों में आसानी से मिलेंगे कमर्शियल गैस सिलेंडर

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** शादी-विवाह के सीजन में गैस सिलेंडर की किल्लत से जूझ रहे लोगों के लिए राहत भरी खबर है। जिलाधिकारी बरेली अविनाश सिंह की पहल पर अब विवाह आयोजनों के लिए कमर्शियल गैस सिलेंडर की व्यवस्था आसान कर दी गई है।

मंगलवार को कलेक्ट्रेट स्थित जनता दर्शन के दौरान दो लोग शादी का कार्ड और प्रार्थना पत्र लेकर गैस सिलेंडर की मांग को लेकर पहुंचे। जिलाधिकारी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तुरंत ऑयल कंपनियों के सहयोग से मौके पर ही 8 कमर्शियल गैस सिलेंडर उपलब्ध करा दिए। इससे जरूरतमंदों को तत्काल राहत मिली। जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद में आयोजित होने वाले विवाह समारोहों के लिए वैकल्पिक व्यवस्था के तहत कमर्शियल गैस सिलेंडर उपलब्ध कराए जा रहे हैं, ताकि किसी भी आयोजन में रुकावट न आए।

जिला पूर्ति अधिकारी के अनुसार, अब तक 225 आवेदकों को 725 कमर्शियल गैस सिलेंडर उपलब्ध कराए जा चुके हैं। इसके साथ ही आमजन को यह भी बताया गया है कि 5 किलोग्राम का 'छोटू' (एफटीएल) गैस सिलेंडर जनपद की 91 गैस एजेंसियों पर पर्याप्त



मात्रा में उपलब्ध है। इसके लिए कनेक्शन लेते समय 1509 रुपये सुरक्षा राशि जमा करनी होती है, जबकि रिफिल का मूल्य 565 रुपये निर्धारित है। प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया है कि जनपद में एलपीजी गैस सिलेंडर का बैकलॉग जल्द ही खत्म कर दिया जाएगा, जिससे बुकिंग के बाद उपभोक्ताओं को समय पर गैस की डिलीवरी मिल सके। इसके अलावा, पीएनजी कनेक्शन को बढ़ावा देने के लिए सीयूजीएल द्वारा शहर में कैंप लगाए जाएंगे। वर्तमान में नए पीएनजी कनेक्शन की कीमत 5000 रुपये है, जिस पर पहले बिल में 500 रुपये की अतिरिक्त छूट भी दी जा रही है।

## एक नजर

### कंबाइन से दबकर मजदूर की दर्दनाक मौत, परिजनों में मचा कोहराम चालक कंबाइन लेकर फरार

शाह टाइम्स संवाददाता

**पूरनपुर।** तहसील कलीनगर क्षेत्र से दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। ग्राम पंचायत धुरिया पलिया की वहती कॉलोनी निवासी 35 वर्षीय मजदूर हरिश्चंद्र की कंबाइन मशीन की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया।जानकारी के अनुसार, हरिश्चंद्र ग्राम पंचायत मझरा निवासी बलकार सिंह के फार्म पर मजदूरी करता था। मंगलवार सुबह बलकार सिंह अपने खेत में कंबाइन से गेहूं की कटाई करा रहे थे। इसी दौरान उन्होंने मजदूर हरिश्चंद्र से खेत के किनारे का गेहूं दराती से काटने को कहा। हरिश्चंद्र दराती लेकर किनारे का गेहूं काटने लगा,तभी कंबाइन मशीन अनियंत्रित होकर उसके ऊपर चढ़ गई। कंबाइन का अगला टायर हरिश्चंद्र के ऊपर चढ़ गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।घटना की सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक हरिश्चंद्र की मौत हो चुकी थी। बताया जा रहा है कि हादसे के बाद कंबाइन मालिक रुबेल सिंह और कंबाइन चालक मशीन लेकर मौके से फरार हो गए।मृतक हरिश्चंद्र अपने परिवार में सबसे छोटा था। उसके परिवार में पिता, दो बड़े भाई और दो बहनें हैं। हरिश्चंद्र की मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

### बेन-हर के सभी परिसरों में विश्व स्वास्थ्य दिवस पर जागरूकता कार्यक्रमों की धूम

शाह टाइम्स ब्यूरो

**पीलीभीत।** विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर बेन-हर के विभिन्न परिसरों बेन-हर गुरुकुल (टनकपुर रोड कैंपस व बेन-हर रोड कैंपस), बेनहर किड्स वर्ल्ड (बेन-हर रोड केंपस एवं एकता नगर कैंपस) में प्लेग्रुप से केजी तक के विद्यार्थियों के लिए स्वास्थ्य जागरूकता से संबंधित विविध कार्यक्रमों का आयोजन बड़े उत्साह के साथ किया गया। इन गति. विधियों का मुख्य उद्देश्य नन्हे-मुन्ने बच्चों में प्रारंभ से ही स्वस्थ जीवनशैली की आदतों का विकास करना था। बेन-हर संस्थापिका रंजीत कौर सैहमी ने बच्चों को मानसिक स्वास्थ्य, स्वच्छता (हाइजीन), पोषण एवं शारीरिक स्वास्थ्य के महत्व के बारे में जानकारी दी। साथ ही बच्चों को पौष्टिक आहार लेने तथा जंक फूड से दूर रहने की सलाह दी। विद्यालय के मैनेजिंग डायरेक्टर गुरदित्त सिंह सैहमी ने बच्चों को स्वस्थ जीवन अपनाने के लिए प्रेरित किया। बेन-हर गुरुकुल की प्रधानाचार्या डॉ. निर्मल कौर एवं हेडमिस्ट्रेस पल्लवी पांडेय ने बच्चों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए हाथ धोने, नाखून साफ रखने, दांतों की सही देखभाल, नियमित ब्रश करने तथा मीठी चीजों के सीमित सेवन के महत्व को सरल शब्दों में समझाया। वहीं, बेनहर किड्स वर्ल्ड में बच्चों को हेल्दी और अनहेल्दी फूड के बीच अंतर समझाया गया, तथा बच्चों ने लघु नाटिका के माध्यम से जंक फूड के दुष्प्रभाव और फलों-सब्जियों के महत्व को प्रस्तुत किया। सभी बच्चों ने हेल्दी फूड का आनंद भी लिया। यह सभी कार्यक्रम प्री-प्राइमरी इंचार्ज मोहिनी उपाध्याय एवं रीना सक्सेना की देखरेख में संपन्न हुए।कार्यक्रमों के संचालन में एक्टिविटी इंचार्ज गुरसेवक सिंह एवं ऐकैडमिक इंचार्ज आयुषी दीक्षित ने विशेष भूमिका निभाई।

### भाकियू टिकैत के पदाधिकारी ने डीएम को दिया ज्ञापन, गेहूं तौल की देरी से नाराज दिखे किसान नेता

शाह टाइम्स ब्यूरो

**पीलीभीत।** भारतीय किसान यूनियन का एक प्रतिनिधि मंडल जिला अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह से मिला जिसमें जनपद में सरकारी गेहूं क्रय केंद्रों पर बारदाना उपलब्ध कराने एवं भुगतान डस्टर मशीन को लेकर विस्तृत वार्ता हुई। जिसमें जिला अधिकारी पीलीभीत द्वारा आश्वासन दिया गया के तत्काल जनपद के किसानों का गेहूं खरीद प्राथमिकता के आधार पर कराया जाएगा। साथ ही यह भी कहा कि यदि कहीं किसानों के साथ अनदेखी की जाती है तो तत्काल सूचना दी जाए जिससे दोषियों पर कार्रवाई की जा सके। प्रतिनिधि मंडल में वेद प्रकाश शर्मा जिला अध्यक्ष, प्रदेश सचिव स्वराज सिंह, युवा जिला अध्यक्ष गुरदीप सिंह, सरदार घुम्मन सिंह, बंटी ठाकुर, विनय ठाकुर आदि लोग मौजूद रहे।

### तहसीलदार कार्यालय गेट पर मिला धमकी भरा पत्र

शाह टाइम्स संवाददाता

**पूरनपुर।** जनपद की कलीनगर तहसील में उस समय अफरा-तफरी का माहौल बन गया, जब तहसीलदार कार्यालय के मुख्य गेट पर किसी अज्ञात शरारती तत्व द्वारा धमकी भरा पोस्टर चस्पा कर दिया गया। सुबह जब तहसील कर्मचारी रोज की तरह अपने कार्य पर पहुंचे, तो गेट पर लगा संदिग्ध कागज देखकर सभी हैरान रह गए। बताया जा रहा है कि पोस्टर में कार्यालय को सील करने की धमकी के साथ-साथ अजीब और डराने वाली बातें लिखी गई थीं। इसमें "पृथ्वी को छोड़कर चले जाओ" जैसे वाक्य भी शामिल थे, जिससे कर्मचारियों में भय और असमंजस की स्थिति पैदा हो गई। घटना की सूचना मिलते ही तहसील परिसर में हड़कंप मच गया और मौके पर मौजूद कर्मचारियों ने तुरंत अधिकारियों को अवगत कराया, मामले की जांच की जा रही है।

### क्षेत्र के लोगों को चढ़ा तमंचे का शौक दो दिन में पुलिस ने चार को भेजा जेल



शाह टाइम्स संवाददाता

**नवाबगंज।** क्षेत्र के लोगों को इन दिनों तमंचा लेकर घूमने का शौक चढ़ा हुआ है। दो दिन में पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से अवैध तमंचा लेकर घूम रहे चार लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

रविवार की रात चौकी इंचार्ज सुनील कुमार ने रिछोला किफायतुल्ला गांव की पुलिया के पास नहर किनारे टहल रहे कस्बे के मोहल्ला नई बस्ती पश्चिमी निवासी इसरार उर्फ लाला पुत्र शमशाद को एक तमंचा 312 बोर और एक जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया था। वहीं सोमवार की रात में उपनिरीक्षक योगेन्द्र कुमार ने जेरली गांव की पुलिया के पास टहल रहे खतौआ गांव के धनी उर्फ अनीस को 312 बोर के तमंचे आर एक कारतूस के साथ पकड़ा था। पुलिस ने दोनों को जेल भेज दिया था। सोमवार की रात एसआई अभिषेक नागर ने कस्बे के बिथरी रोड पर शिव मंदिर के पास से कस्बे के ही अकरम कुरैशी पुत्र नियामु मोहल्ला बगिया को एक तमंचा 312 बोर और एक जिंदा कारतूस के साथ पकड़ा, सोमवार की रात में ही कोतवाली के एसआई दिनकर ने कस्बे के रामलीला ग्राउंड से जरेली गांव के कलीम हैदर पुत्र अहमद अली को 315 बोर के एक तमंचे और एक जिंदा कारतूस के साथ पकड़ लिया। मंगलवार को पुलिस ने उन दोनों को जेल भेज दिया।

बताया जाता है कि कुछ दिन पहले क्षेत्र के गांव सतुईया कला के निकट वह रही विनर्सी है किनारे गौकसी के अवशेष बरामद किए थे, इस मामले में पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी लेकिन पुलिस अभी तक इसका खुलासा नहीं कर सकी है। इस मामले में पुलिस ने कई लोगों को हिरासत में लिया है जिन्हें चार को तमंचा बरामद कर जेल भेजा जा चुका है कई लोगों से पूछताछ की जा रही है।

# डीएम पीलीभीत को धमकी देने वाला बलजिंदर सिंह गिरफ्तार

- घेरकर मारने की धमकी देने की ऑडियो हुई थी वायरल
- धमकी के बाद डीएम पीलीभीत ज्ञानेंद्र सिंह ने पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव के साथ पीलीभीत मंडी स्थित गेहूं क्रय केंद्रों का किया निरीक्षण



शाह टाइम्स ब्यूरो

**पीलीभीत।** जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह के ओएसडी को फोन कर किसान नेता बलजिंदर सिंह प्रदेश सचिव अन्नदाता किसान यूनियन ने पूरनपुर मंडी आने पर घेर कर मारने की धमकी दी है जिसका ऑडियो अब सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुआ। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने आरोपी बलजिंदर सिंह को मंगलवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। बताया जा रहा है कि पूरनपुर मंडी में गेहूं की तौल न होने और किसानों की समस्याओं को लेकर किसान नेता नाराज थे।

वायरल ऑडियो में आरोप है कि बलजिंदर सिंह ने डीएम के पीए को फोन किया और गुस्से में कहा कि अगर डीएम मंडी में दिख गए तो उन्हें 'घेरकर मारूंगा' ऑडियो में उन्होंने यह भी कहा कि चाहे रिकॉर्डिंग कर लो या एफआईआर करा दो, मुझे परवाह नहीं।

# पूरनपुर गन्ना समिति में 'फर्जी सट्टा सिंडिकेट' का पर्दाफाश

- कागजी किसानों के नाम पर भुगतान, करोड़ों के घोटाले की आशंका

शाह टाइम्स संवाददाता

**पूरनपुर।** क्षेत्र से एक बेहद चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जिसने न सिर्फ गन्ना विभाग बल्कि पूरे प्रशासनिक तंत्र पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं आरोप है कि पूरनपुर गन्ना समिति में सुनियोजित तरीके से "फर्जी सट्टा सिंडिकेट" चलाया जा रहा है, जिसके जरिए कागजों में किसानों को खड़ा कर सरकारी धन की बड़े स्तर पर हेराफेरी की जा रही है गन्ना सट्टा प्रणाली के तहत किसी भी किसान को गन्ना आपूर्ति का अधिकार देने से पहले उसकी भूमि, पहचान, बैंक खाता और अन्य अभिलेखों का सत्यापन अनिवार्य होता है लेकिन पूरनपुर समिति में इस पूरी प्रक्रिया को सिर्फ औपचारिकता बनाकर छोड़ दिया गया है।

जांच में सामने आया है कि बिना वैध अभिलेखों के किसानों के नाम पर सट्टा तैयार किया जा रहा है फर्जी कागजात लगाकर सट्टों को वैध दर्शाया जा रहा है वास्तविक किसान की जगह किसी अन्य व्यक्ति के बैंक खाते को जोड़कर भुगतान किया जा रहा है। इस पूरे मामले का सबसे बड़ा उदाहरण कृषक रूपराम पुत्र दयाराम का है आरोप है कि उनके नाम पर बिना किसी वैध दस्तावेज के सट्टा तैयार कर दिया गया फर्जी अभिलेखों के आधार पर किसी अन्य व्यक्ति का बैंक खाता जोड़ दिया गया उसी खाते में गन्ना मूल्य का भुगतान भी कर दिया गया।

यह न सिर्फ धोखाधड़ी है, बल्कि सरकारी धन के सीधे दुरुपयोग का मामला भी है। कम जमीन, ज्यादा सट्टा 'घोटाले का दूसरा चेहरा सूत्र बताते हैं कि समिति में कई ऐसे सट्टे चल रहे हैं जहां:जमीन वास्तविकता से कम है लेकिन सट्टा (गन्ना आपूर्ति की मात्रा) अधिक दिखाया गया है इससे दोहरा नुकसान हो रहा है सरकार को आर्थिक हानि,असली किसानों को उनका हक नहीं मिल पा रहा सबसे गंभीर आरोप समिति के सचिव और कुछ कर्मचारियों पर लगे हैं कहा जा रहा है कि:उनकी जानकारी और संरक्षण के बिना इतना बड़ा खेल संभव नहीं विभागीय कर्मचारी और तथाकथित "गन्ना माफिया" मिलकर इस रैकेट को चला रहे हैं यह कोई नया मामला नहीं, बल्कि लंबे समय से चल रही संगठित भ्रष्टाचार की कड़ी है संपत्ति में इजाफा भी जांच के घेरे में स्थानीय लोगों का दावा है कि इस अवैध खेल से जुड़े कुछ अधिकारियों और कर्मचारियों ने कम समय में भारी संपत्ति अर्जित की है जमीन, मकान और अन्य संपत्तियों में अचानक वृद्धि देखी गई है इसलिए अब सिर्फ सट्टा जांच ही नहीं, बल्कि आय से अधिक संपत्ति की जांच की भी मांग उठ रही है।

इस पूरे प्रकरण से क्षेत्र के किसानों में भारी आक्रोश है उनका कहना है कि फर्जी किसानों को लाभ देकर असली किसानों का हक छीना जा रहा है। भुगतान में गड़बड़ी से उनकी आर्थिक स्थिति पर असर पड़ रहा है यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई, तो किसान बड़े आंदोलन की राह पकड़ सकते हैं। पूर्व उपाध्यक्ष रवि यादव ने इस मामले को उठाते हुए प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग की है।

सभी फर्जी सट्टों को तत्काल प्रभाव से निरस्त किया जाए पूरे समिति क्षेत्र के सभी सट्टों की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए फर्जी सट्टा बनाने और सत्यापन करने वाले सभी कर्मचारियों/अधिकारियों पर कठोर कार्रवाई हो संबंधित सचिव और अन्य आरोपियों की संपत्ति की जांच कराई जाए भविष्य में इस तरह के घोटालों को रोकने के लिए सख्त और पारदर्शी व्यवस्था लागू की जाए। इतने गंभीर आरोपों के बावजूद अभी तक प्रशासन की ओर से कोई ठोस बयान या कार्रवाई सामने नहीं आई है, जिससे संदेह और गहरा गया है पूरनपुर गन्ना समिति का यह मामला सिर्फ एक घोटाला नहीं, बल्कि पूरे सिस्टम में व्याप्त भ्रष्टाचार की कहानी बयां कर रहा है अब नजरें प्रशासन और शासन पर टिकी हैं क्या दोषियों पर कार्रवाई होगी या यह मामला भी फाइलों में दबकर रह जाएगा।

# आजमपुर बरखेड़ा में गंदगी का अंबार, शौचालय और सोलर लाइट योजना पर उठे सवाल

शाह टाइम्स संवाददाता

**बीसलपुर।** ब्लॉक बिलसंडा के ग्राम आजमपुर बरखेड़ा में विकास कार्यों को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव में गंदगी का अंबार लगा हुआ है, जिससे लोग शौचालय का उपयोग करने से भी कतराते हैं और खुले में शौच जाने को मजबूर हैं।

ग्रामीणों के अनुसार, गांव में शौचालय निर्माण के नाम पर भारी बजट खर्च दिखाया गया, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही है। शौचालयों में न तो पानी की व्यवस्था है और न ही साफ-सफाई का कोई इंतजाम। कई शौचालय जर्जर हालत में हैं, जिससे उनका उपयोग करना मुश्किल हो गया है। गांव के लोगों ने प्रधान नरेंद्र कुमार और संबंधित लोगों पर आरोप लगाते हुए कहा कि शौचालय योजना में अनियमितताएं हुई हैं और बजट का सही उपयोग नहीं किया गया।

वहीं, सचिन इबरार ने भी आरा. ेप लगाया कि विकास कार्यों के नाम पर सिर्फ कागजी खानापूर्ति की गई है। इतना ही नहीं, गांव में सोलर लाइट लगाने के नाम पर भी लाखों रुपये खर्च दिखाए गए, लेकिन अधिकांश गलियां आज भी अंधेरे में डूबी हुई हैं। ग्रामीणों का कहना है कि सोलर पैनल और लाइट की व्यवस्था केवल कागजों में ही दिखाई देती है, जबकि जमीनी स्तर पर कोई सुविधा नजर नहीं आती। ग्रामीणों ने उच्च अधिकारियों पर भी मिलीभगत का आरोप लगाया है और मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। उनका कहना है कि यदि जल्द ही स्थिति में सुधार नहीं हुआ तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

गांव में व्याप्त गंदगी, अधूरे विकास कार्य और बुनियादी सुविधाओं की कमी ने ग्रामीणों की परेशानियां बढ़ा दी हैं। अब देखना होगा कि प्रशासन इन आरा. ेपों को कितनी गंभीरता से लेता है और क्या कार्रवाई करता है।

# पीलीभीत में 42 सड़कों को मिली मंजूरी, 12.41 करोड़ रुपये स्वीकृत

शाह टाइम्स ब्यूरो

**पीलीभीत।** जनपद में सड़क निर्माण को लेकर बड़ी सौगात मिली है। जितिन प्रसाद की पैरवी पर ग्रामीण अभियंत्रण विभाग (आरईएस) की 42 सड़कों को स्वीकृति मिल गई है। इन सड़कों के निर्माण के लिए 1241 लाख रुपये की धनराशि भी जारी कर दी गई है। कुल 37.36 किलोमीटर लंबी इन सड़कों से ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। स्वीकृत सड़कों में 15 सड़कें बरखेड़ा विधानसभा, 12 सदर, 10 पूरनपुर और 5 बीसलपुर विधानसभा क्षेत्र की शामिल हैं। इन सड़कों के निर्माण से गांव-गांव पक्की डामर सड़कों का जाल बिछेगा, जिससे लोगों को बेहतर और सुरक्षित यातायात सुविधा मिलेगी। किसान नेता एवं क्रांतिकारी विचार मंच उत्तर प्रदेश के प्रांतीय संरक्षक देव स्वरूप पटेल ने बताया कि मार्च माह में भी जितिन प्रसाद द्वारा योगी आदित्यनाथ से पैरवी कर पीडब्ल्यूडी और गन्ना विभाग की कई सड़कों को मंजूरी दिलाई गई थी।

उन्होंने बताया कि कलीनगर और डगा क्षेत्र में हरदोई नहर ब्रांच पर बड़े पुलों के निर्माण की भी स्वीकृति मिल चुकी है। इसके अलावा भगा मोहम्मद गंज और नगरिया कॉलोनी के बीच देवहा नदी पर पुल एवं सड़क निर्माण के लिए करीब सवा अरब रुपये की मंजूरी दिलाना एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। देव स्वरूप पटेल ने कहा कि जनपद में गन्ना विभाग के तहत भी कई सड़कों को स्वीकृति मिली है। अब आरईएस की 42 सड़कों की मंजूरी से विकास को और गति मिलेगी। उन्होंने विश्वास जताया कि शेष बची सड़कों को भी कार्य योजना में शामिल कर जल्द स्वीकृति दिलाई जाएगी।

इन परियोजनाओं के शुरू होने से जनपद में आवागमन पहले से अधिक सुगम और सुरक्षित हो जाएगा, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों के विकास को नई दिशा मिलेगी।

## शाही पुल की सुरक्षा हेतु 1.79 करोड़ की परियोजना का किया उद्घाटन

शाह टाइम्स संवाददाता

**मीरगंज।** मंगलवार शाम करीब छह बजे शाही पुल की सुरक्षा को लेकर महत्वपूर्ण पहल की गई। सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार एवं विधायक डॉ. डी. सी. वर्मा ने 1.79 करोड़ रुपये की लागत से प्रस्तावित सुरक्षा परियोजना का विधिवत उद्घाटन किया।परियोजना के तहत पुल के दोनों ओर पूर्व एवं पश्चिम दिशा में सुरक्षा दीवार का निर्माण कराया जाएगा, जिससे राहगीरों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। इसके अतिरिक्त पुल के पूर्वी छोर पर सड़क एवं पुल की मजबूती के लिए नाले का निर्माण कराया जाएगा। साथ ही पुल के दोनों किनारों पर करीब 200 मीटर तक पत्थर की पिचिंग कराई जाएगी और पुल की मरम्मत का कार्य भी किया जाएगा।इस मौके पर सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार ने विधायक डॉ. डी.सी. वर्मा के कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें षविकास पुरुषष की संज्ञा दी। उन्होंने कहा कि बरेली क्षेत्र में जितना विकास कार्य विधायक द्वारा कराया गया है, उतना किसी अन्य ने नहीं किया।वहीं विधायक डॉ. डी.सी. वर्मा ने कहा कि उनके कार्यकाल में अधिकांश गांवों की सड़कों का निर्माण कराया जा चुका है। यदि किसी गांव में सड़क निर्माण शेष है तो संबंधित लोग उन्हें अवगत कराएं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि कोई भी गांव सड़क मार्ग से वंचित नहीं रहेगा।इस अवसर पर पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियंता भगत सिंह, अवर अभियंता पूजा वर्मा, सहायक अभियंता प्रदीप गंगवार,अनुरोध सिंह,शिवम शर्मा, मुकेश रस्तोगी, दीप सिंह, रोहित शर्मा, राकेश वर्मा, केशव यादव आदि मौजूद थे।

# महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम का आयोजन

- सराहनीय कार्य करने वाली महिलाओं को किया गया सम्मानित

शाह टाइम्स ब्यूरो

**पीलीभीत।** जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह एवं पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव की अध्यक्षता में मिशन शक्ति फेज-5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के अंतर्गत पुलिस लाइन, पीलीभीत स्थित सभागार में महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों की महिलाओं द्वारा प्रतिभाग किया गया, जिनमें स्वयं सहायता समूह की महिलाएं, आंगनबाड़ी कार्यकर्त्री, एएनएम कर्मी तथा स्कूल/कॉलेज की अध्यापिकाएं शामिल रहीं। कार्यक्रम के दौरान स्वयं सहायता



समूह की महिलाओं द्वारा अपने द्वारा निर्मित उत्पादों एवं कलाकृतियों जैसे हस्तशिल्प सामग्री, सिलाई-कढ़ाई, खाद्य उत्पाद, सजावटी वस्तुएं एवं अन्य घरेलू उपयोग की सामग्री के स्टाल लगाए गए। इन स्टालों के माध्यम से महिलाओं ने अपनी कला, हुनर एवं उद्यमशीलता का प्रदर्शन किया। उपस्थित अधिकारियों एवं अतिथियों द्वारा स्टालों का निरीक्षण कर महिलाओं के कार्यों की

सराहना की गई तथा उनके उत्पादों की गुणवत्ता एवं नवाचार की प्रशंसा की गई। साथ ही महिलाओं को स्वरोजगार के अवसरों को बढ़ाने, अपने उत्पादों के विपणन एवं डिजिटल माध्यमों से जुड़कर आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा महिला सुरक्षा, स्वास्थ्य, पोषण एवं स्वावलंबन से संबंधित योजनाओं की जानकारी भी प्रदान की गई। महिलाओं को हेल्पलाइन नंबरों, महिला सुरक्षा संबंधी कानूनों एवं सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक किया गया, जिससे वे अपने अधिकारों के प्रति सजग रह सकें।

कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को उनके सराहनीय कार्यों के लिए सम्मानित किया गया तथा उन्हें आत्मनिर्भरता, सुरक्षा एवं जागरूकता के संबंध में प्रेरित किया गया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक, सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी सदर एवं क्षेत्राधिकारी नगर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# डीएम ने पूरनपुर मण्डी में स्थापित गेहूं क्रय केन्द्रों का किया निरीक्षण

शाह टाइम्स ब्यूरो

**पीलीभीत।** जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह ने पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव के साथ मंगलवार को पूरनपुर मण्डी में स्थापित गेहूं क्रय केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मण्डी में स्थापित क्रय केन्द्रों के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की।

केन्द्रों पर उपस्थित केन्द्र प्रभारियों एवं किसानों से संवाद कर उनकी समस्याओं से अवगत होते हुए गेहूँ की तौल की जानकारी प्राप्त की व गेहूँ खरीद को दैनिक लक्ष्य के अनुरूप करने के निर्देश दिये। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि किसानों को किसी भी समस्या का सामना न करना पड़े इसके लिए सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त कर ली जाए। उन्होंने क्रय केन्द्रों पर बारदाना, कांटा बांट, नमी मापक यंत्र आदि के बारे में केन्द्र प्रभारियों से जानकारी प्राप्त करते हुए उन्होंने केन्द्र प्रभारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि गेहूँ खरीद के उपरान्त उनका पूर्ण दायित्व है कि गेहूँ का भण्डारण कराना सुनिश्चित करें। गेहूँ खरीद में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाये,



प्रतिदिन मानक के अनुरूप गेहूँ की खरीददारी सुनिश्चित की जाय तथा किसानों का भुगतान उनके खाते में सीधे भेजा जाये। उन्होंने केन्द्रों पर किसानों को बैठने सहित अन्य सुविधा मुहैया कराने हेतु निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी पूरनपुर सहित अन्य अधिकारी एवं केन्द्र प्रभारी सहित अन्य उपस्थित रहे।

## गेहूं खरीद को लेकर डीएम सख्त

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में गेहूं खरीद व्यवस्था को लेकर महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें सभी क्रय केंद्र प्रभारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। बैठक में डिप्टी आरएमओ ने जानकारी दी कि जनपद में गेहूं खरीद की अवधि 30 मार्च 2026 से 15 जून 2026 तक निर्धारित की गई है। इस वर्ष समर्थन मूल्य में 160 रुपये प्रति कुंतल की वृद्धि के साथ कीमत 2585 रुपये प्रति कुंतल तय की गई है। सभी क्रय केंद्र प्रतिदिन सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक खुले रहेंगे। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि प्रत्येक क्रय केंद्र पर सभी आवश्यक अभिलेख अनिवार्य रूप से उपलब्ध रहें और तिरपाल व पॉलिथीन की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि बारिश या नमी के कारण किसानों का गेहूं खराब न हो। साथ ही किसानों को बैठने के लिए छायादार स्थान और पीने के पानी की व्यवस्था भी अनिवार्य रूप से की जाए। उन्होंने कहा कि केंद्रों पर शासन द्वारा निर्धारित बैनर एवं कंट्रोल रूम की जानक. ारी स्पष्ट रूप से प्रदर्शित होनी चाहिए।

# महानगर में बदला मौसम का मिजाज आंधी से कई इलाकों में नुकसान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** महानगर में मंगलवार शाम अचानक मौसम का मिजाज बदल गया। दिनभर की उमस और गर्मी के बाद आसमान पर काले बादल छा गए और तेज हवाओं के साथ रिमझिम बारिश शुरू हो गई, जिससे मौसम सुहावना हो गया। हालांकि, इस बदलाव के साथ आई तेज आंधी ने शहर के कई इलाकों में नुकसान भी पहुंचाया।विशेष रूप से मानसरोवर और शास्त्री नगर कॉलोनी में भीषण आंधी का असर अधिक देखने को मिला। तेज हवाओं और धूल भरी आंधी के चलते कई बड़े पेड़ जड़ से उखड़कर सड़कों और घरों के पास गिर गए। अचानक गिरे पेड़ों से लोगों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया।इस दौरान सड़कों किनारे खड़ी कारें और बैटरी रिक्शा पेड़ों के नीचे दब गए, जिससे उन्हें काफी नुकसान हुआ। स्थानीय लोगों के अनुसार, तेज हवाओं की गति इतनी अधिक थी कि कुछ ही मिनटों में हालात बिगड़ गए। कई जगहों पर बिजली आपूर्ति भी प्रभावित हुई, जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा।घटना की सूचना मिलते ही नगर निगम और संबंधित विभागों की टीमें मौके पर पहुंचीं और गिरे हुए पेड़ों को हटाने का कार्य शुरू किया।मौसम में आए इस बदलाव से जहां लोगों को गर्मी से राहत मिली, वहीं आंधी-तूफान ने शहर में नुकसान भी पहुंचाया।



# गुरु तेग बहादुर जी के प्रकाश पर्व पर गुरुद्वारा लाल बाग में भव्य कीर्तन समागम हुआ आयोजित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** शहर के लाल. बाग स्थित ऐतिहासिक गुरु तेग बहादुर जी गुरुद्वारा में गुरु तेग बहादुर जी के प्रकाश पर्व के अवसर पर भव्य कीर्तन समागम श्रद्धा और उत्साह के साथ आयोजित किया गया। इस पावन अवसर पर गुरुद्वारा परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया और पूरे वातावरण में भक्ति और आध्यात्मिकता की अनुभूति हुई।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर गुरु साहिब के प्रति अपनी गहरी आस्था प्रकट की। सुबह से ही संगत का गुरुद्वारे में पहुंचना शुरू हो गया था। श्रद्धालुओं ने मत्था टेककर गुरु साहिब का आशीर्वाद लिया और सुख-शांति की कामना की।समागम के दौरान विभिन्न स्थानों से आए रागी जत्थों ने मधुर शब्द-कीर्तन प्रस्तुत किए, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। कीर्तन सुनकर संगत भाव-विभोर हो गई और गुरु वाणी में लीन होकर आध्यात्मिक आनंद का अनुभव किया। कार्यक्रम के दौरान गुरु साहिब के जीवन, त्याग और बलिदान पर भी प्रकाश डाला गया, जिससे उपस्थित लोगों को प्रेरणा मिली।

गुरुद्वारा प्रबंधन समिति की ओर से श्रद्धालुओं के लिए लंगर की भी विशेष व्यवस्था की गई, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। सेवा कार्य में युवाओं और बुजुर्गों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

पूरे आयोजन के दौरान अनुशासन और व्यवस्था का विशेष ध्यान रखा गया। कार्यक्रम का समापन अरदास के साथ हुआ, जिसमें विश्व शांति और मानव कल्याण की कामना की गई।



## बिलारी समाचार

### खेत में पेड़ काट रहे किसान पर जानलेवा हमला करने का आरोप, लाठी-डंडों से पीटकर किया घायल



**कुंदरकी।** थाना क्षेत्र के गांव इंधनपुर नगला में खेत पर काम कर रहे एक किसान पर आरोप है । दबंगों द्वारा जानलेवा हमला किए जाने प्रयास का  मामला सामने आया है। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित इरशाद पुत्र इस्तेखार के अनुसार, रविवार शाम करीब 3 बजे वह अपने खेत में खड़े यूकेलिप्टस के पेड़ काट रहा था। इसी दौरान गांव के ही अंजार, अनवार और अफजाल मौके पर पहुंचे और गाली-गलौज करने लगे। जब उसने विरोध किया तो तीनों आरोपियों ने लाठी-डंडों से उस पर हमला कर दिया। हमले में इरशाद के सिर पर गंभीर चोट आई और वह जमीन पर गिर पड़ा। पीड़ित का आरोप है कि हमलावरों ने जान से मारने की नीयत से लगातार वार किए। शोर-शराबा सुनकर आसपास के खेतों में काम कर रहे ग्रामीण मौके पर पहुंचे, जिन्हें आता देख आरा.पी धमकी देते हुए फरार हो गए। घायल किसान किसी तरह अपनी जान बचाकर घर पहुंचा, जहां परिजनों ने उसका उपचार कराया। इसके बाद पीड़ित ने थाना कुंदरकी में लिखित तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और जांच के आधार पर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद गांव में आक्रोश का माहौल है और ग्रामीण आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं।

### कुन्दरकी की बहू ने बढ़ाया मान, ब्रेस्ट कैंसर पर शोध में हासिल की पीएचडी

**कुन्दरकी।** नगर के मोहल्ला सादात की बहू डॉ. फरहीन फातिमा कघ्जलबाश ने जामिया हमदर्द, नई दिल्ली से स्तन कैंसर अनुसंधान विषय पर अपना पीएचडी शोधकार्य सफलतापूर्वक पूर्ण कर नगर का नाम रोशन किया है। उनका शोधकार्य 02 अप्रैल 2026 को पूर्ण हुआ। उनका शोध विषय फोलिक एसिड सतह अभिकल्पित नैनो इमल्शन में एग्जेमेस्टेन और क्वेरसेटिन के संयोजन का निर्माण एवं मूल्यांकन स्तन कैंसर उपचार हेतु" रहा। इस शोधकार्य का मार्गदर्शन प्रोफेसर डॉ. जावेद अली, प्रोफेसर डॉ. असगर अली तथा प्रोफेसर डॉ. संजुला बाबूटा ने किया। डॉ. फरहीन पूर्व में भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद में वरिष्ठ शोध फेलो के पद पर कार्यरत रही हैं। उनके शोध कार्य विश्व के प्रतिष्ठित शोध पत्रिकाओं में प्रकाशित हो चुके हैं, जिनमें स्तन कैंसर उपचार में नैनो तकनीक की भूमिका तथा फोलिक एसिड आधारित नैनो इमल्शन पर आधारित शोध प्रमुख हैं। इसके अलावा उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के चिकित्सीय उत्पाद प्रशासन की नियामक प्रक्रियाओं पर एक पुस्तक अध्याय भी लिखा है।उनकी इस उपलब्धि पर क्षेत्र में खुशी का माहौल है। लोगों का मानना है कि उनकी सफलता अन्य बेटियों के लिए प्रेरणा बनेगी। परिवार और क्षेत्रवासियों ने उन्हें बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।



# मेधावी छात्रों का हौसला बढ़ाया ईमानदारी का दिया संदेश

## मंसूर आलम बोले कड़ी मेहनत और सच्चाई से संवरता है भविष्य

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुन्दरकी।** क्षेत्र में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान मैटल मास्टर्स मंसूर आलम ने मेधावी छात्रों का हौसला बढ़ाते हुए उन्हें सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में सफलता पाने के लिए कठिन परिश्रम और ईमानदारी सबसे जरूरी गुण हैं। बिना मेहनत के कोई भी लक्ष्य हासिल नहीं किया जा सकता और ईमानदारी इंसान को सही दिशा में आगे बढ़ाती है। मंसूर आलम ने कहा कि आज के दौर में छात्र-छात्राओं को केवल किताबों का ज्ञान ही नहीं, बल्कि नैतिक मूल्यों को भी अपनाना चाहिए। उन्होंने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि असफलताओं से घबराना नहीं चाहिए, बल्कि उनसे सीख लेकर आगे बढ़ना चाहिए। यही संघर्ष आगे चलकर सफलता का रास्ता बनाता है। कार्यक्रम में मौजूद अभिभावकों और शिक्षकों ने भी इस पहल की सराहना की और कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ता है।



# एसएसपी सतपाल अंतिल ने किया व्यापक पुलिस फेरबदल, कई थाना-चौकी प्रभारियों का स्थानांतरण

**मुरादाबाद।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने जनपद की कानून-व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से बड़े स्तर पर पुलिस विभाग में फेरबदल किया है। इस प्रशासनिक बदलाव के तहत कई उप निरीक्षकों और निरीक्षकों के कार्यक्षेत्र में परिवर्तन किया गया है।

जारी आदेश के अनुसार म.उ. नि. सुनीता रानी को चौकी बुध बाजार थाना कोतवाली से थाना मूंढ़ापाण्डे भेजा गया है, जबकि उ. नि. प्रवीण कुमार को चौकी काशीपुर तिराहा थाना कटघर से बुध बाजार चौकी का प्रभार सौंपा गया है। उ.नि. विशाल चौधरी को मझोला से काशीपुर तिराहा चौकी कटघर भेजा गया है। उ.नि. सचिन भाटी को पुलिस लाइन्स से लाइनपार चौकी मझोला का प्रभारी बनाया गया है।

इसी क्रम में म.उ.नि. चन्द्रप्रभा गौतम को कंजरी सराय चौकी से मिशन शक्ति थाना कोतवाली, जबकि उ.नि. देवेन्द्र सिंह को नागफनी चौकी से कंजरी सराय चौकी का प्रभार दिया गया है।

उ.नि. तेजेन्द्र सिंह को पुलिस लाइन्स से नागफनी चौकी भेजा गया है। उ.नि. विपिन कुमार को बंगला गांव चौकी से डीएमआर चौकी छजलैट तथा उ.नि. नरेश कुमार को कटघर से बंगला गांव चौकी का प्रभारी बनाया गया है।

अन्य तबादलों में उ.नि. लोक.श कुमार को लाजपत नगर चौकी कटघर, उ.नि. रोहित यादव को कोतवाली में वरिष्ठ उप निरीक्षक, उ.नि. शिवम को काशीराम नगर चौकी मझोला तथा उ.नि. जोगेन्द्र कुमार को रौण्डा झौण्डा चौकी मूंढ़ापाण्डे भेजा गया है। उ.नि. विकेश कुमार राणा को मैनाठेर, उ.नि. अनुज कुमार को पुलिस लाइन्स तथा उ.नि. विनीत गौतम को हकीमपुर चौकी पाकबड़ा में तैनात किया गया है।इसके अलावा कई अन्य उप निरीक्षकों के कार्यक्षेत्र में भी बदलाव किया गया है, जिसमें बिलारी, भगतपुर, कांठ, छजलैट, डिलारी और ठाकुरद्वारा थानों से जुड़े चौकी प्रभार शामिल हैं।

निरीक्षक स्तर पर भी परिवर्तन करते हुए निरीक्षक विजय सिंह को प्रशासनिक थाना कटघर तथा निरीक्षक नरेन्द्र कुमार गौड़ को मझोला थाना प्रशासनिक प्रभारी बनाया गया है।

एसएसपी ने स्पष्ट किया कि यह स्थानांतरण प्रशासनिक आवश्यकता और बेहतर पुलिसिंग के उद्देश्य से किए गए हैं, जिससे जनपद में कानून व्यवस्था को और अधिक मजबूत किया जा सके।

# बारिश व तेज हवाओं से बदला मौसम का मिजाज गेहूं की फसल को नुकसान की आशंका

**चन्दौसी।** नगर एवं आसपास के क्षेत्रों में पिछले कई दिनों से मौसम का मिजाज बदला-बदला नजर आ रहा था। तेज हवाएं, बादलों की आवाजाही और बीच-बीच में बूंदाबांदी का सिल.सिला जारी था। इसी क्रम में मंगलवार की शाम मौसम ने एक बार फिर करवट ली और हल्की बारिश के साथ ठंडी हवाएं चलने लगीं, जिससे वातावरण में ठंडक घुल गई और लोगों को हल्की सर्दी का अहसास हुआ। अचानक बदले मौसम से जहां एक ओर लोगों को बढ़ती गर्मी से राहत मिली और मौसम सुहावना हो गया, वहीं दूसरी ओर किसानों की चिंता बढ़ गई है। इस समय गेहूं की फसल पककर तैयार खड़ी है और कई स्थानों पर कटाई का कार्य भी चल रहा है। ऐसे में बारिश और तेज हवाएं फसल के लिए नुकसानदायक साबित हो सकती हैं। किसानों का कहना है कि तेज हवाओं के कारण खेतों में खड़ी गेहूं की फसल झुक या गिर सकती है, जिससे कटाई में दिक्कतें बढ़ेंगी और उत्पादन पर भी असर पड़ेगा। वहीं बारिश होने से फसल के दानों की गुणवत्ता खराब होने की आशंका भी बनी रहती है। यदि मौसम का यही रुख आगे भी जारी रहा तो किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है। कृषि विशेषज्ञों का भी मानना है कि इस समय मौसम का अस्थिर रहना रबी की फसलों के लिए ठीक नहीं है। उन्होंने किसानों को सतर्क रहने और मौसम को ध्यान में रखते हुए कटाई कार्य जल्द पूरा करने की सलाह दी है।



# विश्व स्वास्थ्य दिवस पर निशुल्क दंत परीक्षण शिविर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर 7 अप्रैल को 'स्वास्थ्य के लिए एकजुटकृविज्ञान के साथ खड़े रहें' थीम के तहत जायंट्स ग्रुप ऑफ चंदौसी सखी सहेली द्वारा लक्ष्मी देवी हर प्रसाद बाल विद्या मंदिर, स्टेशन रोड पर बच्चों के लिए निशुल्क दंत परीक्षण शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. मोहम्मद वसीम, प्रधानाचार्य अजय कुमार, यूनिट डायरेक्टर अंजू राजपूत, फेडरेशन ऑफिसर रीता बुदियाल एवं अध्यक्ष डॉ. मधु तोमर ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में 2 से 11 वर्ष तक के बच्चों के दांतों की जांच की गई। डॉ. वसीम ने बताया कि इस उम्र में बच्चों में कैविटी की समस्या अधिक होती है, क्योंकि वे मीठा अधिक खाते हैं और दांतों की सफाई पर ध्यान नहीं देते। उन्होंने बताया कि पानी में फ्लोराइड की अधिकता के कारण कई बच्चों के दांतों पर पीली परत जमी मिली, जबकि कुछ बच्चों के दांत अधिक खराब पाए गए। ऐसे बच्चों को 3 माह के भीतर क्लीनिक पर निशुल्क उपचार की सुविधा देने की बात कही गई।

बच्चों को सुबह-शाम ब्रश करने और साफ-सफाई बनाए रखने के लिए जागरूक किया गया। साथ ही स्कूल स्टाफ से भी सप्ताह में कम से कम एक बार बच्चों को स्वच्छता के प्रति प्रेरित करने की अपील की गई।

परीक्षण के बाद सभी बच्चों को ओरल केयर किट और बिस्किट वितरित किए गए। कक्षा 1 से 7 तक के बच्चों का क्रमवार परीक्षण किया गया। इस दौरान स्कूल स्टाफ एवं ग्रुप सदस्यों ने भी दंत परीक्षण कराया। कार्यक्रम में डॉ. वसीम, प्रधानाचार्य अजय कुमार और शिक्षिका लक्ष्मी पाठक को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. मधु तोमर ने की, जबकि संचालन राज.श्वरी श्रीवास्तव ने किया।



### नगर निगम कार्यालय में नवनिर्वाचित नामित पार्षदों का शपथ ग्रहण समारोह हुआ संपन्न

**मुरादाबाद।** शहर के टाउन हॉल स्थित नगर निगम कार्यालय में नवनिर्वाचित नामित पार्षदों का शपथ ग्रहण समारोह गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। समारोह में शहर के राजनीतिक एवं प्रशास.निक क्षेत्र की कई प्रमुख हस्तियों की उपस्थिति रही, जिससे कार्यक्रम की गरिमा और भी बढ़ गई।कार्यक्रम के दौरान सभी नवनिर्वाचित नामित पार्षदों ने अपने पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। इस अवसर पर महापौर विनोद अग्रवाल ने पार्षदों को विधिवत शपथ दिलाई और उन्हें अपने दायित्वों का निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ निर्वहन करने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि नगर के विकास, स्वच्छता और नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने में पार्षदों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है।समारोह में उपस्थित अधिकारियों ने भी नव नियुक्त पार्षदों को शुभकामनाएं देते हुए आशा जताई कि वे जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरेंगे और नगर निगम के कार्यों में सक्रिय सहभागिता निभाएंगे। कार्यक्रम के दौरान पार्षदों ने शहर के विकास के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया।इस मौके पर नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक भी मौजूद रहे। पूरे समारोह के दौरान उत्साह और सकारात्मक ऊर्जा का माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।



# श्रीराम कथा में वनगमन प्रसंग सुन श्रोता हुए भाव-विभोर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** बहजोई स्थित बड़े मैदान में चल रही श्रीराम कथा के तीसरे दिन निरंजन पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर डॉ. स्वामी कैलाशानंद गिरी महाराज ने श्रीराम-सीता स्वयंवर एवं वनगमन का मार्मिक वर्णन किया। उनके प्रवचनों से श्रोता भाव-विभोर हो उठे। कथाव्यास ने कहा कि हमें धार्मिक ग्रंथों का नियमित अध्ययन करना चाहिए। उन्होंने श्रीमद्भगवद्गीता का महत्व बताते हुए कहा कि जो व्यक्ति गीता का अनुसरण करता है, वह जीवन के सत्य को समझ पाता है। गीता भगवान के मुख से निकली दिव्य वाणी है, जिसमें अद्भुत ज्ञान और चमत्कार समाा.हत हैं। उन्होंने कहा कि केवल गीता का पाठ ही नहीं, बल्कि उसके भावों को जीवन में उतारना आवश्यक है। संतों का स्वभाव विनम्रता का प्रतीक होता है। जितना बड़ा साधु होता है, वह उतना ही विनम्र रहता है और अहंकार से दूर रहता है। कथाव्यास ने बताया कि कथा सुनने से ज्ञान की जागृति होती है, जबकि कीर्तन से मन पवित्र होता है। कीर्तन के समय मन, वाणी और शरीर को एकाग्र रखना चाहिए। उन्होंने भगवान श्रीराम के आदर्शों का उल्लेख करते हुए कहा कि उन्होंने अयोध्या को धर्म और मर्यादा की नगरी के रूप में स्थापित किया।




# राजकीय आईटीआई चन्दौसी में विदाई समारोह छात्रा राशिका को दी भावभीनी विदाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) चन्दौसी में मंगलवार को एक भावपूर्ण विदाई समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें स्टेनोग्राफर ट्रेड की अप्रेंटशिप पूरी करने वाली छात्रा राशिका को सम्मानपूर्वक विदाई दी गई। लगभग एक वर्ष तक संस्थान में प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद राशिका ने अपनी शिक्षुता (अप्रेंटशिप) सफलतापूर्वक पूर्ण की। समारोह के दौरान साथियों ने राशिका के साथ बिताए पलों को याद करते हुए भावुकता व्यक्त की। संस्थान के स्टाफ ने उन्हें फूल-मालाएं पहनाकर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उल्लेखनीय है कि राशिका ने इसी संस्थान से स्टेनोग्राफी में डिप्लोमा प्राप्त किया और बाद में यहीं अप्रेंटशिप का अवसर भी मिला। प्रधानाचार्य डॉ. नरेन्द्र सिंह पाल ने अपने संबोधन में कहा कि जीवन में आगे बढ़ने के लिए कई बार पुरानी जगहों को छोड़कर नए अवसरों को अपनाना पड़ता है। उन्होंने कहा कि अर्जित ज्ञान का सही उपयोग करते हुए उसे दूसरों तक पहुंचाना ही वास्तविक सफलता है। साथ ही उन्होंने छात्रों को अपने लक्ष्य के प्रति संकल्पित रहने और सफलता के बाद अपने साथियों को न भूलने की सीख दी। आईटीआई के फोरमैन मुकेश कुमार गौतम ने कहा कि साथियों से बिछड़ने का दुख तो होता है, लेकिन इस बात की खुशी भी होती है कि वे अपने भविष्य को बेहतर बनाने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। इस अवसर पर अमित कुमार शुक्ला, विवेक कुमार, सुधीर सिंह, शिवम, अशोक कुमार, मनोज कुमार, शालिनी शर्मा, आकाश कुमार, विष्णु कुमार सक्सेना, भागीरथ, सर्वेश कुमार, सूरजपाल सिंह, सुधाकर मिश्रा, वीरेन्द्र पाल, जितेन्द्र सिंह, वीरपाल, सतपाल, कुसुम, रमेश.चंद्र, संजय कुमार, मुकेश कुमार, अजय कुमार आदि मौजूद रहे।





### समानता दल ने राष्ट्रपति को ज्ञापन भेज कर जताई यूजीसी में अपनी सहमति

कांठ(शाह टाइम्स) राष्ट्रीय समानता दल के जिला अध्यक्ष तेज सिंह सैनी के नेतृत्व में आज तहसील में राष्ट्रपति को प्रेषित ज्ञापन एसडीएम को सोपा गया जिसमें उन्होंने यूजीसी इक्विटी रेगुलेशन का पूर्ण समर्थन किया और कहा कि यह रेगुलेशन उच्च शिक्षा संस्थानों में जातिगत भेदभाव को समाप्त करने एससी एसटी ओबीसी छात्रो को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने और वास्तविक समानता स्थापित करने की दिशा में एक ऐतिहा.सिक कदम है। जिसे दलित आदिवासी और पिछडे वर्ग के विद्यार्थियों को उत्पीड़न से बचाया जा सकता है ज्ञापन के माध्यम से कहा गया की शिकायत निवारण तंत्र से हर शिकायत का तुरंत निपटारा संभव होगा संवैधानिक मूल्यों की रक्षा अनुच्छेद 14 15 और 17 के तहत सामानता का अधिकार सुनिश्चित करना राष्ट्रपति के सम्मान देने के तहत के अनुरूप है। यह रेगुलेशन इस दिशा में मजबूत कदम है। समाज में सकारात्मक बदलाव रोहित दुमुला जैसे दुखद मामलों की पुनरावृत्ति को रोकने के लिए यह विश्वास दिलाता है कहा कि इससे कुछ वर्गों की भागीदारी बढ़ेगी और देश की प्रगति में योगदान बढ़ेगा इस मौके पर दयाराम सैनी श्याम सिंह अनीशा तेज सिंह सैनी ओम प्रकाश मोहम्मद अली वीरेंद्र सिंह हरि सिंह सैनी साबिर सैफी आदि मौजूद रहे।



# फैक्ट्री अधिकारी को सरिये और लाठी डंडो से पीटा

## एक नामजद सहित आठ आरोपियों पर केस दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। जुबिलेंट एग्री एंड कंज्यूमर्स लिमिटेड के वरिष्ठ अधिकारी को आठ युवकों ने सरिये और लाठी डंडो से पीटकर घायल कर दिया। घटना के समय हमलावरों ने चेहरे पर नकाब लगा रखा था। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करके आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

नगर के मौहल्ला अटल जी नगर निवासी हिमांशु सिंह भरतियाग्राम स्थित जुबिलेंट एग्री एंड कंज्यूमर्स लिमिटेड में प्रॉडक्शन अफसर हैं। वह 29 मार्च की रात करीब 9.20 बजे रात की शिफ्ट होने के कारण ड्यूटी पर जा रहे थे। वह श्रीराम मंदिर के पास वाले अंडरपास से निकले थे। उनका नाम लेकर किसी ने आवाज दी। जिसपर वह रुक गए। आरोप है कि इस दौरान चार बाइकों पर सवार होकर आए आठ युवकों ने उनको घेर लिया और लाठी डंडों और सरियों से जानलेवा हमला कर दिया। अफसर ने खुद को छुड़ाने का प्रयास किया तो एक हमलावर का नकाब खुल गया। जिसे उन्होंने पहचान लिया। कुनाल नामक यह युवक पहले फैक्ट्री में ही लेबर के रूप में काम करता था। अधिकारी ने यहां से भागकर जान बचाई। इसके बाद उन्होंने पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# खाद न मिलने पर महादेव चुंगी पर लगाया जाम



## घंटों लाइन में खड़े रहे किसान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा**। खाद की किल्लत से परेशान किसानों का गुस्सा मंगलवार को फूट पड़ा। सुबह से खाद लेने के लिए लाइन में लगे किसान जब खाली हाथ लौटने लगे तो उन्होंने महादेव चुंगी पर स्टेट हाईवे जाम कर दिया। किसान सड़क पर बैठ गए और जोरदार नारेबाजी शुरू कर दी, जिससे दोनों तरफ वाहनों की लंबी लाइन लग गई।

किसानों का कहना था कि इस समय गन्ने समेत रबी की फसलों में खाद की सबसे ज्यादा जरूरत है, लेकिन समिति पर खाद नहीं मिल रही। कई किसान सुबह तड़के ही सहकारी गन्ना विकास समिति के गोदाम पर पहुंच गए थे। घंटों इंतजार के बाद जब खाद वितरण रुक गया तो किसानों का सब्र टूट गया।किसानों ने बताया कि खेती का काम पहले ही मौसम और खर्चे से दबा है, ऊपर से खाद की कमी ने और मुश्किल बढ़ा दी है। गन्ने की फसल में समय पर यूरिया और डीएपी नहीं मिलने से पैदावार पर असर पड़ने का डर बना हुआ है। खाद गोदाम प्रभारी अरुण कुमार ने बताया कि सोमवार को जरूरत के हिसाब से खाद दी गई थी, लेकिन बाद में जिला कृषि अधिकारी के निर्देश पर जांच के बाद ही वितरण करने के आदेश मिले। अब एक हेक्टेयर जमीन पर 7 कट्टे यूरिया और 5 कट्टे एनपीके या डीएपी देने का नियम तय किया गया है। इसी जांच और नए नियम के चलते वितरण में देरी हुई, जिससे किसान नाराज हो गए।जाम की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी अमरपाल सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने किसानों से बातचीत की और अधिकारियों से फोन पर वार्ता कराई। प्रशासन की ओर से जल्द पर्याप्त खाद उपलब्ध कराने का भरोसा मिलने पर किसानों ने जाम खोल दिया और यातायात सामान्य हुआ। भाकियू (असली) के प्रवक्ता नरेश कुमार ने कहा कि अगर जल्द खाद की व्यवस्था नहीं हुई तो किसान फिर से आंदोलन करेंगे। मौके पर धीरज सिंह, कमल सिंह, अरविंद कुमार, जसपाल सिंह, यशपाल सिंह, वीरवती, त्रिपता, आशा, नासिर, दाताराम समेत बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

# गैस सिलेंडर ने मिलने पर स्टेट हाइवे जाम

## परेशान उपभोक्ताओं का फूटा गुस्सा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा**। रसोई गैस की किल्लत से परेशान उपभोक्ताओं का गुस्सा मंगलवार को सड़क पर फूट पड़ा। कई दिन से सिलेंडर न मिलने और ऑनलाइन भुगतान के बाद भी डिलीवरी न होने से नाराज महिलाओं और पुरुषों ने बदायूं-बिल्सी स्टेट हाईवे पर जाम लगा दिया। करीब आधा घंटे तक चले जाम से दोनों ओर वाहनों की लंबी लाइन लग गई और राहगीरों को तेज धूप में काफी दिक्कत उठानी पड़ी।

प्रदर्शन कर रहे लोगों का कहना था कि उन्होंने कई दिन पहले ही गैस बुक कर ऑनलाइन भुगतान कर दिया था, लेकिन इसके बाद भी सिलेंडर घर तक नहीं पहुंचाया गया। उपभोक्ताओं ने बताया कि रोज एजेंसी के चक्कर काटने के बाद भी उन्हें सिर्फ आज-कल का भरोसा देकर लौटा दिया जाता है। इससे नाराज होकर लोगों ने सड़क पर बैठकर एजेंसी प्रबंधन और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी। हाईवे जाम की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस और अधिकारियों ने लोगों को समझाकर शांत कराया। अधिकारियों ने भरोसा दिलाया कि जल्द ही गैस की सप्लाई शुरू कराकर डिलीवरी कराई जाएगी। आश्वासन मिलने के बाद करीब आधे घंटे बाद लोगों ने जाम खोल दिया, तब जाकर यातायात सामान्य हो सका। प्रदर्शन में शमा निवासी बछरायूं, मुन्नी और सुनीता निवासी शिवपुरी, मुकुल कुमार, राहुल शर्मा निवासी मलहुपुरा, इंद्रों, वीर सिंह और बीरबल निवासी टंडेरा समेत बड़ी संख्या में उपभोक्ता शामिल रहे। उधर, एचपी गैस एजेंसी संचालक योगेंद्र चौधरी ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से सप्लाई नहीं आने के कारण वितरण प्रभावित हुआ है। आपूर्ति अधिकारी अमित श्रीवास्तव ने बताया कि आपूर्ति व्यवस्था जल्द सामान्य कर दी जाएगी और उपभोक्ताओं को होम डिलीवरी के माध्यम से गैस उपलब्ध कराई जाएगी। ग्रामीणों का कहना है कि रसोई गैस की किल्लत से घरों का कामकाज प्रभावित हो रहा है। खासकर महिलाओं को खाना बनाने में भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि गैस की नियमित सप्लाई सुनिश्चित कराई जाए, ताकि आगे ऐसी स्थिति न बने।

# मारपीट की तीन घटनाओं में महिला समेत चार घायल

## घर में घुसकर दीवार गिराई, चार नामजद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। अमरोहा। मारपीट की तीन अलग-अलग घटनाओं में महिला समेत चार लोग घायल हो गए। दो घटनाएं डिडौली तो एक शहर कोतवाली क्षेत्र की है। दो घटनाओं में पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ मुक. दमा दर्ज कर लिया है।

मारपीट की पहली घटना अमरोहा शहर के मोहल्ला कटरा गुलाम अली की है। यहां रहने वाले निमित से उसके दोस्त पियाशु ने कुछ दिन पहले 3 हजार रुपये उधार लिए थे। सोमवार शाम लगभग 5 बजे दोनों की रास्ते में मुलाकात हुई। निमित का आरोप है कि जब उसने अपने पैसे लौटाने को लेकर तकादा किया तो पियाशु गालियां देने लगा। पैसे लौटाने से इनकार कर दिया। निमित ने गालियां देने का विरोध किया तो उसे मारपीट कर घायल कर दिया और धमकी देते हुए भाग गया। प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार ने आरोपी पियाशु के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने की बात कही। दूसरी घटना डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव श्योनाली की है। यहां रहने वाले अतर सिंह ने गांव के ही सोमवीर, कल्लू, महेंद्र व कन्हैई के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। उनका आरोप है कि एक अप्रैल को वह घर में मौजूद थे। रात में लगभग 10 बजे आरोपी घर में घुस आए और एक दीवार को गिरा दिया। विरोध करने पर आरोपियों ने गालियां दीं और फिर धमकी देते हुए चले गए। प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र बालियान ने मामले में चारों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर घटना की जांच शुरू करने की बात कही। तीसरी घटना डिडौली क्षेत्र के ही गांव पतेई खालसा की है। गांव निवासी दिलशाद का पत्नी सईदा से झगड़ा हो रहा था। मारपीट होती देख सास शायदा व देवर अफजाल बचाने पहुंचे तो पुत्रवधू सईदा ने छत पर चढ़कर उन पर पथराव कर दिया। हमले में सास शायदा और देवर अफजाल घायल हो गए। परिवार के लोगों के बीच पड़ोसियों ने बीच-बचाव कराया। प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र बालियान ने जांच के बाद मामले में कार्रवाई की बात कही।

# पुरानी रंजिश में प्रधान के भाई समेत दो गुट भिड़े

## दोनों ओर से जमकर मारपीट व पथराव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**।

रजबपुर थाना क्षेत्र के गांव अतरासी में सोमवार को ग्राम प्रधान शमशाद उर्फ भूरा के भाई नौशाद व कय्यूम पक्ष आपस भिड़ गए थे। जमकर हुई मारपीट के दौरान पथराव भी हुआ था। दरअसल, दोनों पक्षों के बीच पुरानी रंजिश चली आ रही है। कई दिन से तनाव बना हुआ था। घटना में दोनों तरफ से चार लोग घायल हुए थे। झगड़े से जुड़े वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गए थे। पुलिस ने मौके पर पहुंचते हुए हालात काबू किए थे। घायलों का उपचार जिला अस्पताल में चल रहा है। दोनों ही पक्षों ने रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए तहरीर दी थी। पुलिस ने इस मामले में दोनों पक्षों के 28 लोगों पर रिपोर्ट दर्ज की है। नौशाद की तहरीर पर कय्यूम, गामा, गुलजार उर्फ भूरे, अंसार उर्फ पप्पू, शहजाद, जुम्मा,

**चार घायल, 28 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज**

फैयाज, शाहिद, सालिम, आरिफ, आलिम, सिकंदर सैफ को नामजद किया है जबकि कय्यूम की तहरीर पर ग्राम प्रधान शमशाद उर्फ भूरा, नौशाद, दिलदार, हसनू, काले, दिलदार हुसैन, छोटे, इंतेखाब, नायाब, रिजवान, राजा, इरम, अफसाना, नाहिद व तहजीब के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने बताया कि दोनों पक्षों की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच की जा रही है। आरोपियों को जल्दी गिरफ्तार कर चालान किया जाएगा।

# महिलाओं का सम्मान व आत्मनिर्भरता ही उद्देश्य

## ब्लू बर्ड्स इंटरनेशनल स्कूल में मिशन शक्ति कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा**। ब्लू बर्ड्स इंटरनेशनल स्कूल में मंगलवार को मिशन शक्ति 5.0 कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और सशक्तिकरण को लेकर जागरूकता का संदेश दिया गया। मुख्य अतिथि के रूप में एडीएम गरिमा सिंह, एएसपी अखिलेश भदौरिया और सीओ अंजलि कटारिया मौजूद रहे। अतिथियों का विद्यालय प्रबंधन ने स्मृति चिन्ह, पौधा और शॉल भेंट कर स्वागत किया।



विद्यालय के प्रबंधक राहुल अग्रवाल ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह और पौधा देकर सम्मानित किया, जबकि निर्देशिका राखी अग्रवाल ने शॉल ओढ़ाकर अभिनंदन किया। कार्यक्रम के दौरान जिले में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं, पुलिसकर्मियों, ग्राम प्रधानों और जनप्रतिनिधियों को भी मंच पर सम्मानित किया गया। उनके सामा. जिक, प्रशासनिक और जनसेवा के कार्यों की सराहना करते हुए प्रशस्ति चिन्ह प्रदान किए गए। सम्मानित होने वालों में स्थानीय क्षेत्र की कई महिलाएं भी शामिल रहीं, जिन्होंने शिक्षा, समाज सेवा और महिला जागरूकता में सराहनीय योगदान दिया है। एडीएम गरिमा सिंह ने कहा कि मिशन शक्ति का उद्देश्य महिलाओं को सम्मान और आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ाना है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं, अभिभावक, ग्रामीण और गणमान्य लोग मौजूद रहे। पूरे आयोजन में महिला सशक्तिकरण और सम्मान का संदेश प्रमुख रूप से उभरकर सामने आया।

## कोर्ट के आदेश पर बहू समेत पांच पर मुकदमा

# जमीन के विवाद में बेटे की हत्या का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बछरायूं**। थाना क्षेत्र के गांव ततारपुर शर्की की 70 वर्षीय वृद्ध महिला ने अपनी बहू और उसके मायके पक्ष के चार लोगों पर इकलौते बेटे की हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस द्वारा कार्रवाई न किए जाने पर पीड़िता ने न्यायालय की शरण ली। सीजेएम कोर्ट के आदेश पर बछरायूं थाने में सोनम, राजकुमार, नितिन, मीना और लाल सिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

गांव ततारपुर शर्की निवासी ओमवती का आरोप है कि उनके इकलौते पुत्र सतेन्द्र सिंह की शादी करीब छह वर्ष पहले मुरादाबाद जनपद के थाना मैनाठेर क्षेत्र के गांव महमूदपुर माफी निवासी सोनम से हुई थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही सोनम का व्यवहार ठीक नहीं था। वह अक्सर बिना बताए मायके चली जाती थी और सतेन्द्र पर अपने नाम जमीन कराने का दबाव बनाती थी। अगस्त 2024 में सोनम मायके चली गई और लंबे समय तक वापस नहीं लौटी। 4 सितंबर 2025 को सतेन्द्र पत्नी को बुलाने ससुराल गया था। आरोप है कि वहां सोनम, उसके भाई राजकुमार व नितिन, बहन मीना और पिता लाल सिंह ने मिलकर उसके साथ मारपीट की। गंभीर हालत में उसे मंदिर के पास छोड़ दिया गया, जहां से वह किसी तरह अगले दिन घर पहुंचा और मां को पूरी घटना बताई। पीड़िता का आरोप है कि उसी शाम सोनम गांव पहुंची और घायल सतेन्द्र के साथ फिर मारपीट की। उसके सीने और गुप्तांगों पर लात मारने से वह बेहोश हो गया। बाद में उसे गजरौला और फिर मेरठ के अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पोस्टमार्टम में पेट में गंभीर चोट के कारण मौत होना बताया गया। पीड़िता ने बताया कि थाना बछरायूं में कई बार शिकायत करने के बावजूद रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई। पुलिस अधीक्षक को भी प्रार्थना पत्र भेजा गया, लेकिन सुनवाई न होने पर कोर्ट का सहारा लेना पड़ा। थाना अध्यक्ष कुलदीप तोमर ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर सोनम, राजकुमार, नितिन, मीना और लाल सिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है। गांव में इस घटना को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं हैं। वृद्ध मां ने अपने इकलौते बेटे की मौत को सुनियोजित हत्या बताया है, जबकि पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है।

# चामुंडा मन्दिर निर्माण विवाद में 128 पर कार्रवाई

## ग्रामीणों ने थाने पहुंचकर जतायी आपत्ति



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया**। चामुंडा मंदिर निर्माण को लेकर चल रहे विवाद में पुलिस ने 128 लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की है। कार्रवाई के विरोध में ग्रामीण थाने पहुंचे और नाराजगी जताई।

डिडौली थाना क्षेत्र के गांव श्यामपुर में चामुंडा मंदिर निर्माण को लेकर लंबे समय से चले आ रहे विवाद में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 128 लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की है। इस कार्रवाई के विरोध में बड़ी संख्या में ग्रामीण थाने पहुंचे और अपने खिलाफ हुई कार्रवाई पर नाराजगी व्यक्त की। ग्रामीणों ने कोतवाली प्रभारी निरीक्षक से मुलाकात कर कार्रवाई को लेकर आपत्ति जताई और इसे एकतरफा बताया। इस पर प्रभारी निरीक्षक ने स्पष्ट किया कि पुलिस ने दोनों पक्षों पर समान रूप से कानूनी कार्रवाई की है और किसी के साथ भेदभाव नहीं किया गया है। प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र कुमार बालियान ने बताया कि गांव श्यामपुर में चामुंडा मंदिर निर्माण को लेकर विवाद की स्थिति बनी हुई थी। उच्चाधिकारियों के निर्देश पर स्थिति को नियंत्रित करने और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए 128 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। उन्होंने सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि यदि किसी भी पक्ष द्वारा विवादित स्थल पर निर्माण कार्य करने का प्रयास किया गया तो उसके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल गांव में स्थिति पूरी तरह शांतिपूर्ण बताई जा रही है और किसी प्रकार का तनाव नहीं है। पुलिस प्रशासन लगातार नजर बनाए हुए है ताकि क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रह सके।

# चकबंदी में भ्रष्टाचार पर भड़की भाकियू शंकर

## कलेक्ट्रेट में धरना देकर ज्ञापन सौंपा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। भाकियू शंकर ने चकबंदी विभाग में जारी भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने व स्मार्ट मीटर प्रक्रिया पर रोक लगाने समेत अन्य मांगो को लेकर कलेक्ट्रेट मे धरना दिया। उन्होंने मुख्यमंत्री व प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन डिप्टी कलेक्टर को सौंपा।

कलेक्ट्रेट में भाकियू शंकर के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिवाकर चौधरी ने कहा कि स्मार्ट मीटर से हो रहे कथित शोषण, निजी विद्यालयों की मनमानी, चकबंदी विभाग में भ्रष्टाचार, एनएच-9 पर बढ़ती दुर्घटनाएं, बैंकिंग समस्याएं और विद्युत अव्यवस्था जैसे मुद्दों को प्रमुखता से उठाया गया। किसानों ने आरोप लगाया कि स्मार्ट मीटर के कारण उपभोक्ताओं को 3-4 गुना तक गलत बिल मिल रहे हैं, वहीं, निजी स्कूलों पर ड्रेस, किताबें और फीस के नाम पर अभिभावकों के आर्थिक



शोषण का आरोप लगाया गया। उन्होंने हाइवे पर अवैध कट और छुट्टा पशुओं के कारण हो रही दुर्घटनाओं पर भी चिंता जताई गई। धरने में राजपाल सिंह चौधरी, धर्मवीर सिंह, रवि गुर्जर, महिपाल प्रधान, वीरपाल सिंह, रामेश्वर सैनी, शिव स्वरूप सैनी, चंद्रभान सैनी, सुंदर सिंह, सरजीत सिंह, गंभीर सैनी, कचेदु सिंह, बलबीर सिंह, वीर सिंह, मोनू चौधरी, डॉ. योगेंद्र राणा, लोकेश प्रधान, शेर सिंह राणा, हरि सिंह सैनी, मंजू चौधरी, बबीता रानी, राहुल यादव, अमित कुमार, नरेश खड़ी, राकेश, मनजीत चौधरी, जितेंद्र, सोनू, पप्पू सिंह चौधरी, डॉ. गौतम, मोहम्मद अख्तर, एहसान, अर्चना यादव, शिवांशी यादव, जुनेद आलम, कैप्टन वीर सिंह चौहान, नकुल पवार, हरिओम सिंह समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# नहर किनारे गोवंश के अवशेष मिलने से सनसनी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। रजबपुर थाना क्षेत्र के शकरपुर गांव स्थित नहर में गोवंश के अवशेष मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों की भीड़ मौके पर जमा हो गई और आक्रोश का माहौल बन गया। सूचना पर बजरंग दल के कार्यकर्ता भी मौके पर पहुंचे और घटना पर कड़ी नाराजगी जताते हुए आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की।

यह घटना रजबपुर थाना क्षेत्र के गांव शकरपुर स्थित नहर की है। दरअसल मंगलवार को यहां सूखी पड़ी नहर में गोवंश के अवशेष पड़े मिले। वहां से गुजर रहे लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। जिसके थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच पड़ताल की। जानकारी पर बजरंग दल के कार्यकर्ता भी मौके पर पहुंच गए और घटना को लेकर नाराजगी व्यक्त की। कहा कि इस गो. कशी करने वाले आरोपियों को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए। सीओ ने भी घटनास्थल पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। लोगों को आश्वस्त किया कि मामले की गंभीरता से जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने गोवंश के अवशेषों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी संजय कुमार ने बताया कि मामले में अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

# शिक्षामित्रों ने किया खुशी का इज़हार

## मानदेय वृद्धि पर एक-दूसरे को खिलाई मिठाई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हसनपुर**। उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने राज्य के लाखों शिक्षामित्रों और अनुदेशकों को एक बड़ी सौगात दी है। कैबिनेट बैठक में सरकार ने शिक्षामित्रों और अनुदेशकों के मानदेय में वृद्धि के प्रस्ताव पर आधिकारिक मुहर लगा दी है। इस निर्णय के तहत अब शिक्षामित्रों का मानदेय बढ़ाकर 18,000 रुपये और अनुदेशकों का मानदेय 17,000 रुपये कर दिया गया है। सरकार के इस ऐतिहासिक फैसले से प्रदेश भर के शिक्षा मित्र जगत में हर्ष का माहौल है। कैबिनेट के फैसले की सूचना मिलते ही शिक्षामित्रों और अनुदेशकों में खुशी की लहर दौड़ गई। गंगेश्वरी क्षेत्र के संविलियन विद्यालय गंगाचोली में शिक्षक, शिक्षामित्र और अनुदेशक एकत्रित हुए। सभी ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर और गले मिलकर अपनी खुशी का इजहार किया। काफी समय से लंबित इस मांग के पूरा होने पर शिक्षकों ने इसे अपनी बड़ी जीत बताया।प्राथमिक शिक्षक संघ गंगेश्व. री के ब्लॉक अध्यक्ष रामवीर सिंह ने इस फैसले का स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह का विशेष रूप से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सरकार ने मानदेय में वृद्धि कर शिक्षाकर्मियों के सम्मान और उनकी आर्थिक स्थिति को मजबूती प्रदान की है। इस अवसर पर पूर्व एआरपी विकास राहुल, डॉ. रमेश सिंह, शिशिर सिंह,पंकज कुमार,हुस्ने आलम,शिक्षामित्र जसवंत सिंह,विक्रम सिंह,राहुल शर्मा, राशिद अली, संतराम सिंह,गरिमा राणा, अंशुल सिंघल, सीमा आदि मौजूद थे।



# गुजरात को पहली जीत की तलाश

## दो जीत के बाद दिल्ली की नजरे जीत की हैट्रिक पर, दोनो के बीच कोटला में भिड़ंत आज

**नई दिल्ली, वार्ता।** आईपीएल 2026 के बुधवार के मुकाबले में दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) का सामना गुजरात टाइटंस (जीटी) से दिल्ली में होगा। जहां डीसी को अपने शुरुआती दो मैचों में जीत मिली है, वहीं जीटी को अभी भी अपनी पहली जीत का इंतजार है। दोनों टीमों के बीच अब तक हुए सात मैचों में जीटी 4-3 से आगे है।

पिछले आईपीएल के दो मैचों में जीटी को दोनों में जीत मिली है, वहीं दिल्ली में भी दोनों टीमों के बीच खेले गए तीन मैचों में जीटी 2-1 से आगे है। राहुल को रहना होगा रबाडा और प्रसिद्ध से सावधान केएल राहुल के लिए आईपीएल 2026 की शुरुआत कुछ खास नहीं रही है और दो मैचों में उनका स्कोर 0 और 1 का है। राहुल का यह खराब फॉर्म जीटी के खिलाफ मैच में भी जारी रह सकता है क्योंकि जीटी के तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा और कगिसो रबाडा उन्हें परेशान करते हैं। प्रसिद्ध अपने राज्य के साथी को सात पारियों में तीन जबकि रबाडा भी उन्हें 12 पारियों में तीन बार आउट कर चुके हैं। राशिद खान ने भी राहुल को तीन बार आउट किया है, जिसका मतलब है कि अगर राहुल टिक भी जाते हैं




तो भी पावरप्ले के बाद उन्हें परेशान करने वाला कोई है। एनगिडी कर सकते हैं जीटी के शीर्ष क्रम को परेशान भारत में हुए टी-20 विश्व कप से ही लुंगी एनगिडी शानदार फॉर्म में हैं और अपनी स्लोअर गेंदों से बल्लेबाजों को परेशान करने की कला को उन्होंने आईपीएल 2026 में भी जारी रखा है। एनगिडी जीटी के खिलाफ भी अपनी स्लोअर गेंदों का जादू दिखा सकते हैं। जीटी के कप्तान और सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल को उन्होंने चार पारियों में दो बार आउट किया है, जबकि गिल उन पर सिर्फ 88 के स्ट्राइक रेट से सात रन ही बना पाए हैं। बटलर को भी एनगिडी ने तीन बार आउट किया है,

हालांकि बटलर उन पर 161 के स्ट्राइक रेट से रन बनाते हैं। बटलर को अक्षर पटेल और कुलदीप यादव की अनुभवी स्पिन जोड़ी भी परेशान करती है और दोनों उन्हें दो-दो बार आउट कर चुके हैं। बटलर दोनों स्पिनरों पर सिर्फ 132 के स्ट्राइक रेट से रन बना पाते हैं। मिलर का तोड़ राशिद के पास है डेविड मिलर को डीसी ने इस बार फिनिशर के तौर पर अपनी टीम में शामिल किया है,

लेकिन राशिद उनको अंतिम ओवरों में परेशान करने की कुव्वत रखते हैं। जीटी के अपने पूर्व साथी को राशिद ने चार बार आईपीएल में आउट किया है, जबकि मिलर, राशिद पर सिर्फ 119 के स्ट्राइक रेट से रन बना पाते हैं। सिराज और रबाडा ने भी मिलर को दो-दो बार आउट किया है और इन दोनों के खिलाफ भी मिलर का स्ट्राइक रेट सिर्फ 100 और 119 का है।

# आईपीएल टिकटों की कालाबाजारी का भंडाफोड़, 11 लोग गिरफ्तार

**बेंगलुरु, वार्ता।** आईपीएल टिकटों की कालाबाजारी के मामले पर, पुलिस कमिश्नर सीमांत कुमार सिंह ने बताया कि ऐसी खबरें मिली थीं कि चल रहे इंडियन प्रीमियर लीग मैचों के दौरान कुछ लोग ऑनलाइन ब्लैक मार्केट में मैच के टिकट बेच रहे हैं। उनके अनुसार, इन जानकारियों पर कार्रवाई करते हुए, सेंट्रल क्राइम ब्रांच (सीसीबी) ने एक गुप्त ऑपरेशन चलाया। इस ऑपरेशन के दौरान, अधिकारियों ने टिकटों की अवैध बिक्री में शामिल 11 लोगों को गिरफ्तार किया और 28 टिकट बरामद किए, जिन्हें ब्लैक मार्केट में बहुत ज्यादा कीमतों पर बेचा जा रहा था।

इस सीजन की शुरुआत में भी, सीसीबी के जासूसों ने इसी तरह के अभियान चलाए थे और ज्यादा मांग वाले मैचों से पहले एम- चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर टिकटों की कालाबाजारी में शामिल कई लोगों को गिरफ्तार किया था। ऐसे मामलों में, लगभग 1,000 से 1,500 रुपये की मूल



कीमत वाले टिकटों को कथित तौर पर मूल कीमत से कई गुना ज्यादा कीमत पर बेचा जा रहा थाद्ध कुछ मामलों में तो मांग के आधार पर कीमतें 5,000 से 7,000 रुपये तक पहुंच गई थीं। पुलिस ने बताया कि कुछ आरोपी छोटे-छोटे ग्रुप बनाकर काम कर रहे थे और सीधे पकड़े जाने से बचने के लिए बिचौलियों का इस्तेमाल कर रहे थे,

जबकि कुछ मामलों में, टिकट कथित तौर पर अंदरूनी सूत्रों या थोक आवंटन के जरिए हासिल किए गए थे और फिर उन्हें ब्लैक मार्केट में भेज दिया गया था। अधिकारियों ने आगे बताया कि लोकप्रिय टीमों वाले बड़े मैचों के दौरान कालाबाजारी बढ़ जाती है, जिससे असली प्रशंसकों के लिए टिकटों की कमी हो जाती है और ऑफलाइन नेटवर्क के साथ-साथ ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के जरिए भी बढ़ी हुई कीमतों पर टिकटों की दोबारा बिक्री को बढ़ावा मिलता है।

**खेल विशेष**

### फॉरवर्ड गिलबर्टसन संगमा के निधन पर शोक व्यक्त किया

**नई दिल्ली, वार्ता।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने भारत के पूर्व फॉरवर्ड गिलबर्टसन संगमा के निधन पर शोक व्यक्त किया, जिनका 3 अप्रैल को गुवाहाटी में निधन हो गया। वह 70 वर्ष के थे। असम के एक जाने-माने फॉरवर्ड, गिलबर्टसन संगमा ने 1975 में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व किया था। उन्होंने 17 अप्रैल, 1975 को जकार्ता में आयोजित 'मारा हलीम कप' में इंडोनेशिया के खिलाफ अपने सीनियर राष्ट्रीय टीम करियर की शुरुआत की थी। संगमा ने भारत के लिए कुल तीन मैच खेले, और ए सभी मैच इसी टूर्नामेंट के दौरान खेले गए थे।

### भारत की अंडर17 महिला टीम रूस के खिलाफ तीन मैत्री मैच खेलेगी

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत की अंडर17 महिला टीम सोची में 11, 14 और 17 अप्रैल को रूस के खिलाफ तीन मैत्री मैच खेलेगी। मुख्य कोच पामेला कोंटी ने इस दौरे के लिए 23 सदस्यों की टीम की घोषणा की है। 'यंग टाइग्रेस', जो एएफसी अंडर 17 महिला एशिया कप चीन 2026 की तैयारी कर रही हैं, सोमवार देर रात सोची पहुंचीं। पिछले महीने, वे मेजबान टीम के खिलाफ दो फेंडली मैच खेलने के लिए यंगून गई थीं।

### अमीनुल इस्लाम की अगुवाई वाला बोर्ड भंग

**ढाका, वार्ता।** बंगलादेश की नेशनल स्पोर्ट्स काउंसिल (एनएससी) ने मंगलवार को घोषणा की कि उसने बंगलादेश क्रिकेट बोर्ड को चलाने के लिए 11 सदस्यों वाली एक एड-हॉक कमेटी बनाने का फैसला किया है। यह फैसला अमीनुल इस्लाम बुल. बुल की अगुवाई वाले बोर्ड को भंग करने के बाद लिया गया, 11 सदस्यों वाली एड-हॉक कमेटी: अध्यक्ष: तमीम इकबाल सदस्य: रशना इमाम, मिर्जा यासिर अब्बार, सैयद इब्राहिम अहमद, इसराफिल खोसरू, मिन्हाजुल अबेदिन नन्नू, अथर अली खान, तंजुम चौधरी, सलमान इस्फहानी, रफीकुल इस्लाम बाबू, फहीम सिन्हा, अथर अली खान क्रिकबज ने पहले ही रिपोर्ट किया था कि मौजूदा बोर्ड के इस हफ्ते के भीतर भंग होने की संभावना है, और एनएससी एक एड-हॉक कमेटी बनाने की तैयारी में है।

### खालसा, रामजस और किरोड़ीमल कॉलेज जीते

**नई दिल्ली, वार्ता।** मेजबान श्री गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज, किरोड़ी मल कॉलेज, स्टनर अकादमी और रामजस कॉलेज ने 5वें पीएसपीबी बाबा दीप सिंह बास्केटबॉल (पुरुष एवं महिला) टूर्नामेंट के अपने शुरुआती मुकाबले जीत लिए। श्री गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज के प्राचार्य प्रो- गुरमोहिंदर सिंह और एसजीटीबी खालसा कॉलेज की शारीरिक शिक्षा एवं खेल विज्ञान निदेशक डा. इंदरप्रीत कौर ने किया। पुरुष वर्ग में एसजीटीबी खालसा ने एमिटी यूनिवर्सिटी को 77-42 से हराया।

# सात्विक-चिराग हटे, सिंधु लक्ष्य संभालेंगे भारतीय चुनौती

**नई दिल्ली, वार्ता।** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु और पेरिस 2024 के सेमीफाइनलिस्ट लक्ष्य सेन, बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप 2026 में भारत की पदक की उम्मीदों की अगुवाई करेंगे। यह चैंपियनशिप मंगलवार से चीन के निंगबो में शुरू होने वाली है।

2026 की बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप लगातार तीसरी बार है जब यह महाद्वीपीय प्रतियोगिता निंगबो में आयोजित की जा रही है। भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों ने अब तक दो बार एशियाई चैंपियन का खिताब जीता है। दिनेश खन्ना 1965 में पुरुषों के एकल (सिंगल्स) चैंपियन बने थे, जबकि सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी ने 2023 में पुरुषों के युगल (डबल्स) का खिताब जीता था। देश के शटलरों ने इस प्रतियोगिता में कई कांस्य पदक भी जीते हैं। सात्विक-चिराग को इस बार के टूर्नामेंट में खेलना था, लेकिन सात्विक के कंधे में चोट लगने के कारण उन्होंने आखिरी समय पर टूर्नामेंट से नाम वापस ले लिया। हरिहरन अमसकारुणन-एमआर अर्जुन और पृथ्वी केआर-साई प्रतीक के, निंगबो में पुरुषों के युगल वर्ग में भारत की ओर से दो. हरी चुनौती पेश करेंगे। पूर्व विश्व चैंपियन पीवी सिंधु, जो महिलाओं की एकल बैडमिंटन रैंकिंग में 13वें स्थान पर हैं, महिलाओं के एकल वर्ग में भारत की शीर्ष खिलाड़ी होंगी। सिंधु, जो 2014 और 2022 की एशियाई चैंपियनशिप में कांस्य पदक विज. ेता रही हैं, जनवरी में इंडोनेशिया मास्टर्स के क्वार्टर-फाइनल तक पहुंचने के बाद पहली बार किसी प्रतिस्पर्धी मुकाबले में वापसी कर रही हैं। चोट से उबरने के बाद, 30 वर्षीय सिंधु पिछले महीने ऑल इंग्लैंड ओपन में वापसी करने वाली थीं, लेकिन उन्हें अपनी योजना टालनी पड़ी। मालविका बंसोड़, उन्नति हुड्डा और उभरती हुई खिलाड़ी तन्वी शर्मा महिलाओं के वर्ग में सिंधु का साथ देंगी।

# ऑस्ट्रेलियाई लेग-स्पिनर अलाना किंग फिर से वनडे रैंकिंग में टॉप पर

**दुबई, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया के कैरेबियन दौरे के दौरान शानदार प्रदर्शन की बदौलत अलाना किंग आईसीसी महिला वनडे बॉलिग रैंकिंग में फिर से टॉप पर पहुंच गई हैं। किंग ने सेंट किट्स में अपने आखिरी मैच में पांच विकेट लिए, जिससे मंगलवार को जारी ताजा रैंकिंग में वह इंग्लैंड की सोफी एक्लेस्टोन से आगे निकल गईं।

इस लेग-स्पिनर (753) ने मार्च में रैंकिंग में टॉप पर एक्लेस्टोन के लगभग चार साल के दबदबे को खत्म कर दिया था, हालांकि पिछले हफ्ते की रैंकिंग में वह इंग्लैंड की इस लेफ्ट-आर्म ऑर्थोडॉक्स स्पिनर से पीछे रह गई थीं। 30 साल की इस खिलाड़ी ने बासेटेरे के वार्नर पार्क में 5/19 (10) के शानदार आंकड़े के साथ मैच खत्म किया। उन्होंने 44 डॉट गेंदें फेंकीं, जिससे ऑस्ट्रेलिया ने नौ विकेट से जीत



हासिल की और 3-0 से सीरीज अपने नाम कर ली। आईसीसी के अनुसार, उनके इस प्रदर्शन की बदौलत वह ऑलराउंडर रैंकिंग (281) में एक स्थान ऊपर चढ़कर सातवें स्थान पर पहुंच गईं और इंग्लैंड की नैट साइवर-ब्रंट (280) को पीछे छोड़ दिया। वहीं दूसरी ओर, न्यूजीलैंड की बल्लेबाजों ने भी शानदार प्रदर्शन किया, क्योंकि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू वनडे सीरीज में उनके बल्ले से खूब रन निकले। मैडी ग्रीन अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ रेटिंग 642 पर पहुंच गईं और चार स्थान ऊपर चढ़कर नौवें स्थान पर आ गईं। एमी केर, जिन्होंने बेसिन रिजर्व में 139 गेंदों पर 179 रन बनाकर इतिहास का सबसे बड़ा महिला व्क्ष् चेज पूरा किया और दुनिया का ध्यान अपनी ओर खींचा, वह छह स्थान ऊपर चढ़कर संयुक्त रूप से 14वें स्थान पर पहुंच गईं। एमी अपने शानदार प्रदर्शन की बदौलत वनडे ऑलराउंडर रैंकिंग में चौथे स्थान पर मौजूद मारिजैन कैप से भी आगे निकल गईं।

# महिला हॉकी टीम चार मैचों की सीरीज के लिए अर्जेंटीना दौरे पर जाएगी

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय सीनियर महिला हॉकी टीम अप्रैल में अर्जेंटीना के दौरे पर जाने के लिए तैयार है। इस दौरे पर चार मैचों की एक सीरीज खेली जाएगी, जो 13 से 17 अप्रैल तक ब्यूनस आयर्स के सेनार्ड में आयोजित होगी।

यह सीरीज एक बेहद कड़ा मुकाबला होने का वादा करती है, जिसमें भारत विदेशी जमीन पर दक्षिण अमेरिका के मजबूत प्रतिद्वंद्वियों का सामना करेगा। हाल के वर्षों में भारत और अर्जेंटीना के बीच कड़े मुकाबले देखने को मिले हैं, जिसमें पिछले जून में एफआईएच प्रो लीग 2024-25 में शूटआउट के जरिए 2-2 से ड्रॉ रहा एक रोमांचक मैच भी शामिल है। यह आगामी दौरा उच्च गुणवत्ता वाले अंतर्राष्ट्रीय प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ मैच अभ्यास का एक मूल्यवान अवसर



प्रदान करेगा। यह हॉकी इंडिया के रणनीतिक कैलेंडर के साथ पूरी तरह से मेल खाता है, जिसका उद्देश्य एफआईएच हॉकी विश्व कप बेल्जियम और नीदरलैंड्स 2026 और इस साल के अंत में होने वाले एशियाई खेलों से पहले टीम की लय को बनाए रखना है। यह सीरीज भारत के लिए एक महत्वपूर्ण तैयारी के तौर पर काम करेगी, जिसमें चार तेज-तर्रार मैच खेलने को मिलेंगे। साथ ही, यह टीम को अलग-अलग कॉम्बिनेशन और रणनीतियों को आजमाने का मौका भी देगी, क्योंकि टीम अपने कैलेंडर के एक अहम दौर में प्रवेश कर रही है। इस दौरे के बारे में बात करते हुए, भारतीय महिला हॉकी टीम के मुख्य कोच शुअर्ड मरिने ने कहा कि हम 24 खिलाड़ियों की टीम के साथ अर्जेंटीना जा रहे हैं, और यह एक बहुत ही सोच-समझकर लिया गया फैसला है।

इस दौरे का मकसद ज्यादा से ज्यादा खिलाड़ियों को उच्चतम स्तर पर प्रदर्शन करने का मौका देना है। अर्जेंटीना दुनिया की बेहत. रीन टीमों में से एक है, और वहां का माहौल हमें यह समझने में काफी मदद करेगा कि हर खिलाड़ी किस स्थिति में है। हम यह देखना चाहते हैं कि जब सबसे ज्यादा जरूरत हो, तो कौन खिलाड़ी आगे बढ़कर जम्मिेदारी लेता है। उन्होंने आगे कहा, ष्इस टीम में जगह बनाने के लिए, आपको सबसे पहले यह साबित करना होगा कि आप एक 'टीम प्लेयर' हैं। व्यक्तिगत कौशल महत्वपूर्ण है।

# मीनाक्षी और जैस्मीन का जलवा छह महिला मुक्केबाज फाइनल में

**उलानबटार, वार्ता।** एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप 2026 में भारत का शानदार अभियान जारी रहा, जिसमें कुल आठ मुक्केबाज-छह महिलाएं और दो पुरुष-फाइनल में पहुंच गए। मंगलवार को महिलाओं के सेमीफाइनल में मीनाक्षी और जैस्मीन ने शानदार प्रदर्शन किया, जबकि पुरुषों की श्रेणी में विश्वनाथ सुरेश और सचिन ने अपने दमदार प्रदर्शन से इस संख्या को और बढ़ाया।

महिलाओं के 48 किलोग्राम वर्ग के सेमीफाइनल में, मीनाक्षी ने थाईलैंड की थिप्सत्चा योदवारी पर 4:1 से आत्मविश्वास भरी जीत दर्ज करते हुए स्वर्ण पदक मुकाबले में अपनी जगह पक्की कर ली।

फाइनल में उनका साथ देते हुए, जैस्मीन ने महिलाओं के 57 किलोग्राम वर्ग में उज्बेकिस्तान की निगीना उक्तामोवा को एक



कड़े मुकाबले में 3:2 के फैसले से हराया। पुरुषों के वर्ग में, विश्वनाथ सुरेश (50 किलोग्राम) ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जॉर्डन के हुथैफा एशिश को 5:0 के सर्वसम्मत फैसले से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। सचिन (60 किलोग्राम) ने भी अपने सेमीफाइनल मुकाबले में थाईलैंड के सकदा रुआमथम पर 4:1 से ठोस जीत दर्ज कर सभी को प्रभावित किया। अन्य परिणामों में, आकाश उज्बेकिस्तान के जावोखिर अब्दुर खिमोव से 1:4 से हार गए। लोकेश उज्बेकिस्तान के जसरबेक युल्डोशेव के खिलाफ 0:5 से हार गए। नरेंद्र को चीन के बायिकेवुजी दानाबिएके के हाथों 1:4 से हार का सामना करना पड़ाद्ध यह मुकाबला पहले ही राउंड में चोट (कट) लगने के कारण रोक दिया गया था।

# पलक और मुकेश ने विश्व चैंपियनों को चौंकाया, भारत को दिलाया पहला स्वर्ण

**ग्रेनाडा (स्पेन)।** भारत ने स्पेन के ग्रेनाडा में चल रहे इंटरनेशनल शूटिंग स्पोर्ट फेडरेशन द्धआईएसएसएफक्ष वर्ल्ड कप राइफल/पिस्टल अभियान की धमाकेदार शुरुआत की।

पलक और मुकेश नेलावल्लि की जोड़ी ने 10 मीटर एयर पिस्टल मिक्स्ड टीम फाइनल में विश्व चैंपियन चीन के हू काई और कियानशुन को हराकर स्वर्ण पदक जीता। यह मुकाबला मंगलवार को लास गाबियास शूटिंग रेंज में खेला गया। 20 वर्षीय भारतीय जोड़ी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 487-7 का विश्व रिकॉर्ड स्कोर किया, जबकि 21 वर्षीय चीनी जोड़ी 484-8 तक ही पहुंच सकी। हंगरी की वेरोनिका मेजर और आकोस कारोली नागी की जोड़ी ने 414-9 के साथ कांस्य पदक जीता। इस जीत को और खास बनाता है कि मुकेश का यह सीनियर टीम में पदार्पण था। इस जोड़ी ने अपने प्रदर्शन से जूनियर विश्व रिकॉर्ड भी अपने नाम किया। एशियन गेम्स की पूर्व चैंपियन पालक ने मुकाबले के बाद कहा कि हम वही कर पाए जो करने आए थे। यह टीम के रूप में हमारी पहली प्रतियोगिता थी। हमारे पास फाइनल के लिए स्पष्ट रणनीति थी और हम शॉट दर शॉट अपने खेल पर ध्यान दे रहे थे।ष्मुकेश ने मुस्कुराते हुए कहा, ष्हमने मजा किया। मैं तो असल में पलक से ही मुकाबला कर रहा था। मुझे लगा कि मुझे उससे बेहतर करना है। इससे पहले भारतीय जोड़ी ने कठिन क्वालिफिकेशन राउंड में 581 का संयुक्त स्कोर बनाकर 42 टीमों के बीच दूसरा स्थान हासिल किया।

# अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह भारत का अगला सर्फिंग हब बनने की ओर

**लिटिल अंडमान, वार्ता।** अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह तेजी से भारत के अगले प्रमुख सर्फिंग गंतव्य के रूप में उभर रहे हैं। अंडमान पर्यटन ने इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए क्षेत्र में पहली बार राष्ट्रीय सर्फिंग और स्टैंड-अप पैडलिंग चैंपियनशिप, लिटिल अंडमान प्रो 2026 की मेजबानी करने जा रहा है। सर्फिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई) द्वारा आयोजित और अंडमान पर्यटन के पूर्ण सहयोग से होने वाली यह चैंपियनशिप 9 से 12 अप्रैल तक बटलर बे में आयोजित होगी,

जो भारत के सर्फिंग मानचित्र को पारंपरिक तटीय क्षेत्रों से आगे बढ़ाने में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। अपनी स्वच्छ तटरेखा, प्रवाल भित्तियों (कोरल रीफ)



और लगातार आने वाली लहरों (स्वेल पैटर्न) के लिए प्रसिद्ध, लिटिल अंडमान उच्च-स्तरीय सर्फिंग के लिए आदर्श परिस्थितियां प्रदान करता है। विशेष रूप से बटलर बे का रीफ ब्रेक देश के सबसे संभावनाशील सर्फिंग स्थलों में से एक के रूप में उभर रहा है, जो शीर्ष स्तर की प्रतियोगिताओं की मेजबानी करने और देश-विदेश के सर्फर्स को आकर्षित करने में सक्षम है। इस पहल से न केवल भारत में प्रतिस्पर्धी सर्फिंग के स्तर को ऊंचा उठाने की उम्मीद है, बल्कि अंडमान को समुद्री खेलों और एडवेंचर पर्यटन के प्रमुख गंतव्य के रूप में स्थापित कर पर्यटन को भी बड़ा बढ़ावा मिलेगा। इस पहल पर बोलते हुए, विनायक चमाडिया, आईएएस, निदेशक (आईपी एंड टी), अंडमान एवं निकोबार प्रशासन ने कहा कि अंडमान द्वीप अपनी प्राकृतिक सुंदरता के लिए हमेशा से जाने जाते रहे हैं, और सर्फिंग उसी पहचान का एक स्वाभाविक विस्तार है। लिटिल अंडमान प्रो 2026 की मेजबानी के माध्यम से हम इस क्षेत्र की अपार क्षमता को एक सर्फिंग गंतव्य के रूप में प्रदर्शित करना चाहते हैं, साथ ही टिकाऊ और अनुभव- आधारित पर्यटन को बढ़ावा देना चाहते हैं। हमारा उद्देश्य दीर्घकालिक रूप से अंडमान को वैश्विक सर्फिंग मानचित्र पर स्थापित करना है। यह पहल पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए खेलों के उपयोग पर बढ़ते फोकस को भी दर्शाती है, जहां विभिन्न गंतव्य नए दर्शकों को आकर्षित करने और अनूठे यात्रा अनुभव प्रदान करने के लिए विशिष्ट खेल आयोजनों में निवेश कर रहे हैं। वहीं सर्फिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष अरुण वासु ने नए क्षेत्रों में खेल के विस्तार के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि लिटिल अंडमान में राष्ट्रीय चैंपियनशिप की शुरुआत भारतीय सर्फिंग के लिए एक बड़ा कदम है। बटलर बे जैसे रीफ ब्रेक पर प्रतिस्पर्धा करने से हमारे खिलाड़ियों को अधिक तकनीकी लहरों का अनुभव मिलता है, जो अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं की तैयारी के लिए बेहद जरूरी है।

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# क्या कुछ बड़ा होगा

इस समय पूरा विश्व सहमा दिखाई दे रहा है, जोकि स्वाभाविक भी है। सोशल मीडिया, प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में इस बात को लेकर चर्चाएं गर्म हो रही हैं कि अपने अल्टीमेटम के अनुसार क्या अमेरिकी राष्ट्रपति आज (मंगलवार रात) ईरान पर ऐसा हमला करेंगे, जिसके बारे में उन्होंने अपनी प्रेस कान्फ्रेंस में कहा था, यह बात तो वह पहले ही कह चुके हैं कि वह जब चाहें ईरान को पाषाण युग में पहुंचा सकते हैं। उनकी कही इसी बात को ध्यान में रखते हुए ही तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं कि क्या अमेरिका ईरान पर इस तरह का हमला करेगा, जैसा उसने अब तक किसी देश पर नहीं किया है। सारी दुनिया इसलिए सहमी हुई है, क्योंकि यह युद्ध भले ही पश्चिमी एशिया में ईरान व इस्राईल/अमेरिका के बीच हो रहा हो, लेकिन इसमें पूरी दुनिया झुलसती दिखाई दे रही है। इस युद्ध को जारी हुए 38 दिन हो गए हैं और समय के साथ-साथ इसकी तपिश और बढ़ती जा रही है। जनता अभी भी इस युद्ध से प्रभावित होती दिखाई दे रही है। कई देशों में पेट्रोल, डीजल व गैस की किल्लत शुरू भी हो गई है। हालांकि भारत में ऐसा नहीं है, लेकिन अगर यह युद्ध जारी रहता है, तो कहीं भी दिक्कत आगे चलकर आ सकती है। यह अपनी तरह का शायद पहला युद्ध है, जिसमें एक से बढ़कर एक हमले हो रहे हैं और बातचीत के दावे भी किए जा रहे हैं। मंगलवार को भी खबर आई, जिसमें अमेरिका के एक अधिकारी ने कहा है कि उनकी ईरान के नेताओं से बातचीत चल रही है। अधिकारियों की तरफ से यह भी कहा गया कि बातचीत अच्छी चली है, लेकिन साथ ही यह भी कह डाला कि यह ईरान के लिए अच्छा होगा कि वह ट्रम्प का अल्टीमेटम खत्म होने से पहले किसी नतीजे पर पहुंचें। ईरान के मिजाज को देखते हुए ऐसा नहीं लगता कि वह किसी भी तरह के युद्ध विराम को लेकर लचक दिखा रहा है। वैसे देखा जाए तो ईरान के तर्क में दम है। ईरान का कहना है कि अस्थायी युद्ध विराम का कोई मतलब नहीं है। अगर बातचीत हो, तो स्थायी युद्ध विराम पर हो। उस पर लगाए प्रतिबंध हटें, हमले बंद हों। इसी तरह की बातों का उसने दस शर्तों का अपना एजेंडा तैयार किया है। जाहिर है इस तरह की बातें अमेरिका को पसंद नहीं आई और जिस तरह की बातें अमेरिका कर रहा है वह ईरान को अस्वीकार्य हैं। वैसे देखा जाए तो इस समय अगर दुनिया उलझी हुई दिखाई दे रही है, तो इसके लिए अमेरिका ही ज्यादा जिम्मेदार है। अब तो उनके बयान गाली-गलौज के स्तर तक भी आ गए हैं। जिसकी आलोचना बाहर की दुनिया को तो छोड़िए खुद उनके देश में ही हो रही है। जिस तरह ईरान में पुल, यूनिवर्सिटी व ऊर्जा के संस्थान हमले की जद में आ रहे हैं, वह किसी भी सुपर पॉवर देश के मयार के खिलाफ ही कहे जाएंगे, लेकिन दिक्कत यह है कि आखिर ट्रम्प को समझाएं कौन।

## हिमंता बिस्वा सरमा घबराए और परेशान



कांग्रेस मीडिया विभाग चेयरमेन पवन खेड़ा के घर पर एक जनहित के मुद्दे पर सवाल उठाने के लिए पुलिस की पूरी फौज लगाना इस बात का प्रमाण है कि असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा घबराए, परेशान और बौखलाए हुए हैं, यह कानून की उचित प्रक्रिया नहीं, बल्कि राजनीतिक प्रतिशोध है, राज्य की मशीनरी का इस्तेमाल विपक्ष की आवाज को दबाने और डराने के लिए किया जा रहा है, क्योंकि विपक्ष सरकार के काले कारनामों को उजागर कर रहा है, जो लोग डराने-धमकाने की राजनीति करते हैं, वही सबसे ज्यादा डरे हुए होते हैं और उनके पास छिपाने के लिए बहुत कुछ होता है, यह पूरी कार्रवाई इस बात का संकेत है कि असम के मुख्यमंत्री को अपनी हार साफ दिखाई दे रही है, इसलिए वह इस तरह के कदम उठा रहे हैं।

**-जयराम रमेश, प्रभारी, कांग्रेस संचार विभाग**

# क्यों कम हुई हेल्थ इंश्योरेंस कंपनियों की विश्वसनीयता



**रोहित कौशिक**




कोई भी इंसान हेल्थ इंश्योरेंस क्यों लेता है? जाहिर है कि इंसान हेल्थ इंश्योरेंस इसलिए लेता है कि बीमार होने पर अस्पताल के मोटे खर्चों का बोझ कुछ कम हो सके। इसीलिए एक आम इंसान थोड़े-थोड़े रुपये जोड़कर हेल्थ इंश्योरेंस की महंगी किश्त भरता है, लेकिन जब समय पर हेल्थ इंश्योरेंस भी काम न आ सके तो फिर हेल्थ इंश्योरेंस लेने का क्या लाभ है? जहां एक ओर अनेक हेल्थ इंश्योरेंस कंपनियां इस क्षेत्र में अच्छा काम कर रही है, वहीं दूसरी ओर अनेक हेल्थ इंश्योरेंस कंपनियों के खिलाफ अनेक शिकायतें भी आई हैं। कुछ समय पहले अस्पताल और बीमा कंपनियों के बीच कैशलेस इलाज को लेकर विवाद हो रहा था।

अस्पतालों के संगठन एसोसिएशन ऑफ हेल्थकेयर प्रोवाइडर्स ऑफ इंडिया (एएचपीआई) ने बीमा कंपनियों पर आरोप लगाया था कि बीमा कंपनियां इलाज की बढ़ती लागत को नहीं मान रही हैं। एएचपीआई का कहना था कि बीमा कंपनियां मनमानी कर रही हैं। एएचपीआई देशभर के कई अस्पतालों का संगठन है। इस संगठन का कहना था कि कोराना काल के बाद अस्पतालों का खर्च काफी बढ़ गया है। कारोना काल के बाद बदली हुई परिस्थितियों में अस्पतालों के लिए पुरानी दरों पर काम करना असंभव है। दूसरी तरफ बीमा कंपनियों का कहना था कि अस्पताल कोरोना काल के बाद उपजी परिस्थितियों के बहाने अनावश्यक रूप से इलाज का खर्च बढ़ा रहे हैं। बीमा कंपनियां अस्पतालों के खर्च को मनमानी वृद्धि बता रही थीं और रेट बढ़ाना नहीं चाहती थीं। इस विवाद का सीधा असर बीमाधारकों पर पड़ा। कुछ कंपनियां हेल्थ इंश्योरेंस के क्षेत्र में बेहतर तरीके से क्लेम दे रही हैं लेकिन अनेक लोगों का कहना है कि कुछ कंपनियां क्लेम देने में लोगों को काफी परेशान करती हैं। हालांकि हेल्थ इंश्योरेंस कंपनियों का कहना है कि हम उपभोक्ताओं के लिए ही हैं और उपभोक्ताओं को समस्त सुविधाएं देना चाहते हैं लेकिन हमें क्लेम देने से पहले सारी जांच करनी होती है ताकि लोग फर्जी तरीके से क्लेम न ले सकें। भारत में ज्यादातर लोग इस उम्मीद में केशलेस मेडिकल इंश्योरेंस लेते हैं कि जब वे अस्पताल में एडमिट होंगे तो उन्हें उस समय अपनी जेब से रूपए जमा नहीं करने पड़ेंगे बल्कि इंश्योरेंस कंपनी सीधे अस्पताल को पेमेंट कर देगीं। कुछ समय पहले हुए इस विवाद में दोनो पक्ष एक दूसरे को ब्लैक लिस्ट कर रहे थे। हालांकि अब कहा जा रहा है कि कुछ कंपनियों के साथ यह विवाद सुलझा लिया गया है। एएचपीआई का आरोप था कि कुछ हेल्थ इंश्योरेंस कंपनियों ने बहुत सारे अस्पतालों को ब्लैक लिस्ट कर दिया था। एएचपीआई ने इन कंपनियों से यह अपील की थी कि आप यह ब्लैक लिस्ट हटाइए और रोगियों को कैशलेस सुविधा दीजिए। दूसरी तरफ हेल्थ इंश्योरेंस कंपनियों ने अस्पतालों से कहा था कि आप इलाज का दाम कम कीजिए। इसके बाद एएचपीआई ने चेतावनी दी थी कि वह इन कंपनियों की लगातार आ रही शिकायतों के कारण इन कंपनियों के पॉलिसीधारकों के लिए कैशलेस सेवाएं बंद करेगा। पिछले दिनों एक हेल्थ इंश्योरेंस कंपनी ने पूरे भारत में मैक्स हॉस्पिटल के लिए कैशलेस इलाज सुविधा को स्थगित कर दिया था। बाद में कुछ अन्य मेडिकल इंश्योरेंस कंपनियों ने भी एक हॉस्पिटल के साथ कैशलेस इलाज की सुविधा बंद कर दी थी। इन कंपनियों का कहना था कि पॉलिसीधारक के लिए कैशलेस सेवाएं अब भी देशभर के कई अच्छे अस्पतालों में उपलब्ध हैं। इन कंपनियों का कहना था कि बीमाधारकों के लिए उन्होंने प्राथमिकता के साथ फास्ट ट्रेक रिइंबर्समेंट क्लेम प्रोसेसिंग की सुविधा शुरू की है।

यह सही है कि धीरे-धीरे हमारे देश की स्वास्थ्य सेवाओं मे सुधार हो रहा है लेकिन जनसंख्या को देखते हुए अभी भी स्वास्थ्य सेवाओं में बहुत ज्यादा सुधार की जरूरत है। पिछले दिनों नीति आयोग ने स्वास्थ्य सेवाओं के लिए खर्च बढ़ाने की जरूरत बताई थी। भारत में स्वास्थ्य सेवाओं में जीडीपी का मात्र डेढ़ फीसद ही खर्च होता है। दुनिया के कई देश स्वास्थ्य सेवाओं की मद में आठ से नौ फीसद तक खर्च कर रहे हैं। जब इस दौर में भी गंभीर रोगों से पीड़ित मरीजों के लिए अस्पतालों में स्ट्रेचर जैसी मूलभूत सुविधाएं न मिल पाएं, तो देश की स्वास्थ्य सेवाओं पर सवाल उठना लाजमी है। इस प्रगतिशील दौर में भी ऐसी अनेक खबरें प्रकाश में आई हैं कि जब अस्पताल गरीब मरीज के शव को घर पहुंचाने के लिए एम्बुलेंस तक उपलब्ध नहीं करा पाए। एक तरफ मरीज व्यवस्था की मार झेलता है तो दूसरी तरफ महंगी स्वास्थ्य सेवाओं से उसकी कमर टूट जाती है। ऐसे माहौल में यदि हेल्थ इंश्योरेंस का पूरा लाभ भी न मिल पाए तो इससे शर्मनाक और क्या हो सकता है ?

दरअसल पिछले कुछ समय से हेल्थ इंश्योरेंस कंपनियों की काफी शिकायतें आ रही हैं। जब मरीज अस्पताल में भर्ती हो जाता है तो हेल्थ इंश्योरेंस कंपनियां काफी तरह के नखरे करती हैं। अस्पताल में भर्ती रहने के दौरान बीमार इंसान के परिजनों को काफी समस्याओं का सामना करता है। कैशलेस मेडिकल इंश्योरेंस में भी कंपनियां अस्पतालों को पैसा भेजने में कई तरह की औपचारिकताएं पूरी करती हैं। इसके बावजूद कई बार अस्पतालों को पैसा नहीं भेजा जाता है। उस समय अस्पताल के संचालक रोगी के परिजनों को परेशान करते हैं। जिन अस्पतालों में कैशलेस सुविधा उपलब्ध नहीं होती है, वहां मरीज को पहले अस्पताल में अपनी जेब से रूपए देने होते हैं। बाद में बीमाधारक के पास मेडिकल इंश्योरेंस कंपनी से रूपए आते हैं। इस प्रक्रिया में भी मरीज और परिजनों को काफी परेशान किया जाता है। कभी कंपनी कहती है कि यह पेपर भेजो, कभी कहती है कि वह पेपर भेजो। कभी कहती है कि मेल भेजो। कभी कहती है कि डॉक्टर से अमुक बात लिखवाओ। यानी जो हेल्थ इंश्योरेंस कंपनियां पॉलिसी लेने के लिए जी जान लगा देती हैं। जो इंश्योरेंस कंपनियां पॉलिसी लेते वक्त विनम्र बनी रहती हैं, वे ही कंपनियां हेल्थ इंश्योरेंस का धन देने के वक्त तमाम तरह की औपचारिकताएं पूरी करवाकर भी पैसा देने में आनाकानी करने लगती है। यही कारण है कि एक-दो मेडिकल इंश्योरेंस कंपनियां तो इस मामले में काफी बदनाम हो चुकी हैं। क्लेम देने में आनाकानी करने के कारण ऐसी कंपनियों की काफी शिकायतें आ रही हैं। हालांकि सभी कंपनियां सभी मामलों में धन जारी करने में आनाकानी नहीं करती हैं। कई लोग हेस्थ इंश्योरेंस कंपनियों पर अब भी पूरा भरोसा करते हैं। इसके बावजूद पिछले कुछ समय से हेल्थ इंश्योरेंस कंपनियों की विश्वसनीयता कम हुई है। इसका सीधा असर बीमाधारकों पर पड़ रहा है। इस मामले में हेल्थ इंश्योरेंस कंपनियों की अपनी परेशानी है लेकिन कंपनियों को उपभोक्ता के हितों का ध्यान भी रखना होगा ताकि हेल्थ इंश्योरेंस कंपनियों की विश्वसनीयता बनी रह सके। इस दौर में जबकि निजी चिकित्सा सुविधाएं काफी महंगी होती जा रही है, जनता को हेल्थ इंश्योरेंस की काफी जरूरत है।

# प्रदूषण से यूं ही बच पाना आसान नहीं

**लोगों को अपशिष्ट प्लास्टिक उपयोग से बचने के लिए प्रेरित करना चाहिए और पुनः चक्रीय सामग्रियों का पुनर्चक्रण करने के लिए उत्साहित करना चाहिए। वृक्षारोपण कार्यक्रमों को समर्थन देना चाहिए जो जल, वायु और प्रदूषण को कम करने में मदद कर सकते हैं। कचरा प्रबंधन सही ढंग से कचरा प्रबंधन करना चाहिए।**

प्रदूषण एक समस्या है जो विश्वभर में बढ़ रही है और इसका असर सभी क्षेत्रों में महसूस हो रहा है। भारत में भी प्रदूषण की स्थिति गंभीर है और इसे नियंत्रित करने के लिए कदम उठाना आवश्यक है।

**प्रदूषण के प्रकार**

प्रदूषण कई प्रकार का हो सकता है, जैसे कि वायु, जल, ध्वनि, भूमि, और अन्य। वायु प्रदूषण में उदाहरण के लिए उद्योगी उद्यमों से निकलने वाले वायुमंडल के अनैतिक अंशों का समाहित होना शामिल है, जबकि जल प्रदूषण में जल स्रोतों में आने वाले विभिन्न आपदाएं शामिल हैं।

**प्रदूषण के कारण**

प्रदूषण के कारणों में व्यक्तिगत उपयोग, उद्योग, वाहन, और अन्य शामिल हैं। बढ़ती जनसंख्या और अत्यधिक उपभोक्ता सामग्रियों का उपयोग भी महत्वपूर्ण कारक हैं।

**प्रदूषण के प्रभाव**

प्रदूषण के प्रभावों में स्वास्थ्य समस्याएं, जलवायु परिवर्तन, और वन्यजीव संरक्षण की समस्याएं शामिल हैं। यह समस्याएं समृद्धि की दिशा में बड़े आंकड़े हैं और समाधान की आवश्यकता है।

भारत में बढ़ते पर्यावरण प्रदूषण को कम करने के लिए विभिन्न कदम उठाए जा रहे हैं। यहां सुझाव दिए जा रहे हैं जो लोग पर्यावरण प्रदूषण को कम करने में योगदान कर सकते हैं-

**विद्युत स्रोतों का परिवर्तन**

अधिकतम विद्युत स्रोतों का उपयोग करना जैसे कि सौर ऊर्जा और वायु ऊर्जा को बढ़ावा देना प्रदूषण को कम करने में मदद कर सकता है।

## समय रहते कुछ न कुछ करने की जरूरत, नहीं तो परिणाम गंभीर



मुख्य रूप से शीतकालीन मौसम में दिल्ली में बढ़ता प्रदूषण और प्रदूषण से जुड़े प्रॉब्लम्स में से एक है पाराली या पराली प्रदूषण। यह समस्या अक्टूबर और नवम्बर महीने में उत्तर भारत क्षेत्रों से आती है, जिसमें किसान अपने खेतों की फसल की शेषांशों को जला देते हैं। यह आमतौर पर उत्तर प्रदेश, हरियाणा, और पंजाब से आने वाली होती है।

पराली प्रदूषण के कारण दिल्ली में वायुमंडल में स्थानीय प्रदूषण की मात्रा में वृद्धि होती है, जिससे प्रदूषण का स्तर बहुत अधिक हो जाता है। यह प्रदूषण सांस लेने में कठिनाई, आंतरगत संघर्ष, और बच्चों और बूढ़ों के लिए स्वास्थ्य समस्याएं उत्पन्न कर सकता है। सरकार और नागरिक समूह इस समस्या का हल निकालने के लिए कई कदम उठा रहे हैं, जैसे कि पराली जलाने की प्रवृत्ति को कम करने के लिए किसानों को उत्तरदाताओं के साथ बातचीत करने के प्रेरित करना और पर्यावरण के लिए सही उपायों की ओर बढ़ना।

**पब्लिक परिवहन का उपयोग**

व्यक्तिगत वाहनों की तुलना में पब्लिक परिवहन का उपयोग करना प्रदूषण को कम कर सकता है।

**अपशिष्ट प्लास्टिक उपयोग को कम करें**

लोगों को अपशिष्ट प्लास्टिक उपयोग से बचने के लिए प्रेरित करना चाहिए और पुनः चक्रीय सामग्रियों का पुनर्चक्रण करने के लिए उत्साहित करना चाहिए।

**वृक्षारोपण**

वृक्षारोपण कार्यक्रमों को समर्थन देना चाहिए जो जल, वायु, और प्रदूषण को कम करने में मदद कर सकते हैं।

**कचरा प्रबंधन**

सही ढंग से कचरा प्रबंधन करना चाहिए, इसमें रीसाइकलिंग और शुद्धिकरण के प्रक्रियाओं को प्रोत्साहित करना चाहिए।

**उचित जल संवेदनशीलता**

जल संवेदनशीलता बढ़ाना चाहिए, और उचित जल उपयोग करने के लिए समर्थन देना चाहिए।

**संगठनित प्रयास**

लोगों को सामूहिक रूप से पर्यावरण के प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित करें, सामूहिक पर्यावरण संरक्षण परियोजनाओं में भाग लेने के लिए उत्साहित करना चाहिए।

# तेल की तलवार : पश्चिम एशिया संकट में भारत की अग्नि परीक्षा

दशकों पहले युद्ध केवल सीमाओं पर जमीन के टुकड़ों के लिए लड़े जाते थे लेकिन 2026 का यह दौर गवाह है कि आधुनिक युद्ध 'संप्रभुता' से ज्यादा 'संसाधनों' का है। युद्ध की गोलियां, मिसाइलें अब ऊर्जा की पाइपलाइनों और तेल के टैंकरों पर चलती है। पश्चिम एशिया में ईरान, इजरायल और अमेरिका के बीच छिड़ा यह त्रिकोणीय संघर्ष भी महज जमीन का विवाद नहीं है बल्कि वैश्विक अर्थव्यवस्था की जीवनरेखा 'ऊर्जा आपूर्ति' पर नियंत्रण की जंग है। भारत के लिए यह संकट केवल पैट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतों तक सीमित नहीं है बल्कि यह एक ऐसी राष्ट्रीय सुरक्षा चुनौती है, जिसने देश के सामने एक अदृश्य 'ऊर्जा लॉकडाउन' का खतरा पैदा कर दिया है। जब संसद में प्रधानमंत्री ने इस संकट की तुलना 'कोरोना काल' की विभीषिका से की तो उनका आशय घर में बंद होने से नहीं बल्कि उस वैश्विक अनिश्चितता से था, जो किसी भी क्षण भारत की विकास दर के पहियों को जाम कर सकती है। यदि 'स्ट्रेट ऑफ होर्मुज' पर ताला लगता है तो भारत की रगों में दौड़ने वाला 60 प्रतिशत तेल और एलएनजी का प्रवाह थम जाएगा, जो देश को एक भयावह 'ऊर्जा लॉकडाउन' की ओर धकेल सकता है।

**होर्मुज की घेराबंदी**

विश्व मानचित्र पर स्ट्रेट ऑफ होर्मुज वह संकरा जलमार्ग है, जिससे दुनिया का लगभग 20 प्रतिशत कच्चा तेल और भारी मात्रा में एलएनजी गुजरती है। ईरान द्वारा इस जलमार्ग को प्रभावित करने का अर्थ है, वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति की गर्दन दबाना। फरवरी 2026 के अंत से शुरू हुए इस युद्ध ने मात्र पांच हफ्तों में कच्चे तेल की कीमतों को 85 डॉलर से 110 डॉलर के पार पहुंचा दिया है। भारत अपनी एलपीजी जरूरतों का 40 प्रतिशत अकेले कतर से पूरा करता है। कतर के रास लाफान एलएनजी प्लांट पर हुए हमलों ने न केवल उत्पादन घटाया है बल्कि भारत के घरेलू चूल्हों तक पहुंचने वाली गैस की कीमतों में आग लगा दी है। युद्ध शुरू होने के बाद से अब तक कच्चे तेल की कीमतें 85 डॉलर से उछलकर 110 डॉलर प्रति बैरल को छू रही हैं। भारत के लिए गणित सीधा और क्रूर है, कच्चे तेल में 10 डॉलर की हर बढ़ोतरी हमारे चालू खाता घाटे में लगभग 12-15 अरब डॉलर की वृद्धि करती है। यह स्थिति हमें दो टूक शब्दों में चेतावनी दे रही है कि पराई बैसाखियों पर टिकी ऊर्जा सुरक्षा कभी भी धराशाई हो सकती है।

## सामरिक पैट्रोलियम भंडारः क्या पर्याप्त है चंद दिनों की सुरक्षा ?

ऊर्जा सुरक्षा के मोर्चे पर भारत की सबसे बड़ी कमजोरी उसका सीमित सामरिक पैट्रोलियम भंडार है। दुनिया के विकसित देश जैसे अमेरिका, जापान और चीन अपनी ऊर्जा सुरक्षा के लिए 90 दिनों का 'स्ट्रैटिजिक पेट्रोलियम रिजर्व' रखते हैं, वहीं भारत की स्थिति चिंताजनक है। वर्तमान में हमारे पास विशाखापट्टनम, मंगलुरु और पाडुर में कुल 53।3 लाख टन का भंडार है, जो मुश्किल से 9 दिन की आपूर्ति कर सकता है। हालांकि दूसरे चरण में चंडीखोल और बीकानेर जैसे स्थानों पर भंडार क्षमता बढ़ाकर इसे 60-65 दिनों तक ले जाने की योजना है लेकिन इसकी गति 'युद्धस्तर' पर नहीं है। हमारे मौजूदा भंडार का करीब 36 प्रतिशत हिस्सा खाली पड़ा है। एक तरफ हम तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने का स्वप्न देख रहे हैं और दूसरी तरफ हमारी ऊर्जा की 'लाइफलाइन' केवल कुछ दिनों के स्टॉक पर टिकी है। यदि आज हमारे पास 90 दिनों का सुरक्षित भंडार होता तो भारत को अपनी विदेश नीति में तटस्थता का नाटक नहीं करना पड़ता बल्कि वह एक सशक्त वैश्विक खिलाड़ी की तरह अपना पक्ष रख सकता था। यदि होर्मुज जलडमरूमध्य 30 दिनों के लिए बंद हो जाता है और भारत के लिए आपूर्ति बाधित होती है तो भारत की अर्थव्यवस्था 'वेंटिलेटर' पर आ जाएगी। इसलिए चंडीखोल और बीकानेर में प्रस्तावित दूसरे चरण के भंडारों का निर्माण युद्धस्तर पर होना अब विकल्प नहीं, अनिवार्यता है।

## कूटनीतिक विवशता और स्वतंत्रा विदेश नीति का संकट

भारत की रणनीतिक स्वायत्तता आज तेल की निर्भरता के कारण परीक्षा की घड़ी में है। तेल की निर्भरता केवल आर्थिक बोझ नहीं बल्कि कूटनीतिक बेड़ियां भी है। भारत को अपने पुराने और रणनीतिक मित्र ईरान का साथ छोड़कर इजरायल और अमेरिकी समर्थित खाड़ी देशों के पाले में खड़े होने पर मजबूर होना पड़ा है। यह बदलाव केवल नीतिगत नहीं बल्कि विवशतापूर्ण है। खाड़ी देशों में रहने वाले 90 लाख भारतीयों की सुरक्षा और वहां से आने वाला 'रेमिटेंस' भारत की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। इसलिए खाड़ी देशों में रहने वाले 90 लाख भारतीय प्रवासियों के हितों और तेल की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए ही भारत को अपनी स्वतंत्र विदेश नीति से समझौता करना पड़ रहा है। जब तक हम ऊर्जा के लिए आयात पर 85 प्रतिशत निर्भर रहेंगे, तब तक हमारी विदेश नीति की चाबी विदेशी राजधानियों के हाथों में रहेगी और वाशिंगटन या तेहरान में होने वाली हर हलचल नई दिल्ली के माथे पर चिंता की लकीरें खींचती रहेगी। यह युद्ध हमें सिखाता है कि सच्ची संप्रभुता केवल सीमाओं की रक्षा में नहीं बल्कि ऊर्जा की आत्मनिर्भरता में निहित है।

## अफवाहों का बाजार व डैमेज कंट्रोल

युद्ध के बीच भारत में लॉकडाउन की अफवाहों ने पैनिक पैदा किया है। हालांकि, तीन मंत्रियों निर्मला सीतारमण, किरेन रिजिजू और हरदीप पुरी ने स्पष्ट किया कि देश सुरक्षित है। सरकार की ओर से दावा किया जा रहा है कि भारत के पास तेल और गैस की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए विविधीकृत स्रोत हैं और पैनिक की कोई आवश्यकता नहीं है लेकिन सतर्कता और ऊर्जा संरक्षण हमारा सामूहिक धर्म है। सरकार का यह स्पष्टीकरण अल्पकालिक राहत तो देता है लेकिन एक दीर्घकालिक प्रश्न भी छोड़ता है कि क्या हम हर संकट के समय केवल डैमेज कंट्रोल ही करते रहेंगे या भविष्य की नींव रखेंगे? वैश्विक ऊर्जा संकट और बढ़ती आयात निर्भरता के इस दौर में वैकल्पिक ऊर्जा अब केवल एक विकल्प नहीं बल्कि राष्ट्रीय अनिवार्यता बन चुकी है। ऊर्जा आत्मनिर्भरता ही सच्ची स्वतंत्रता का आधार है और भारत को इस दिशा में निर्णायक कदम उठाने होंगे। प्रधानमंत्री की मुफ्त बिजली योजनाएं और रूफटॉप सोलर मिशन केवल नीतिगत पहल नहीं बल्कि आत्मनिर्भर भारत के सशक्त आधारस्तंभ हैं। भारत में 33 करोड़ एलपीजी उपभोक्ता हैं, जो बड़े पैमाने पर आयातित ईंधन पर निर्भर हैं। यदि रसोई को इंडक्शन कुकिंग और एथनॉल आधारित विकल्पों की ओर मोड़ा जाए तो न केवल खर्च कम होगा बल्कि ऊर्जा आयात का बोझ भी घटेगा। लगभग 8 रूपए प्रति यूनिट की दर से बिजली पर खाना बनाना एलपीजी की तुलना में किफायती है, वहीं कृषि अवशेषों से बनने वाला एथनॉल ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई दिशा दे सकता है। इससे 'अन्नदाता' ही 'ऊर्जादाता' बन सकता है। परिवहन क्षेत्र में विद्युतीकरण भी उतना ही आवश्यक है। वर्तमान में तेल की सबसे अधिक खपत इसी क्षेत्र में होती है जबकि बिजली की हिस्सेदारी नगण्य है। यदि सार्वजनिक और वाणिज्यिक परिवहन को इलैक्ट्रिक किया जाए तो अरबों डॉलर की विदेशी मुद्रा बचाई जा सकती है। सौर ऊर्जा और ग्रीन हाइड्रोजन जैसे विकल्प भारत को स्थाई, स्वच्छ और सुरक्षित ऊर्जा भविष्य की ओर ले जा सकते हैं। अब समय आ गया है कि भारत ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में निर्णायक परिवर्तन करे।

**-योगेश कुमार गोयल**

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## संक्षिप्त समाचार

### डब्ल्यूएचओ ने गाजा से मेडिकल निकासी रोकी

**जिनेवा।** विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने गाजा पट्टी से मरीजों की चिकित्सा निकासी अस्थाई रूप से रोक दी है। यह निर्णय संगठन से जुड़े एक कर्मचारी की मौत के बाद लिया गया। डब्ल्यूएचओ के महानिदेशक टेड्रोस अधानोम घेब्रेएसस ने सोमवार को सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि गाजा में संगठन के लिए कार्य कर रहे एक व्यक्ति की सुरक्षा से जुड़ी घटना में मृत्यु हो गई है और मामले की जांच संबंधित प्राधिकरणों द्वारा की जा रही है।

### विक्रम मिश्री आठ अप्रैल को अमेरिका की यात्रा पर जाएंगे

**नई दिल्ली।** विदेश सचिव विक्रम मिश्री से 10 अप्रैल तक अमेरिका की आधिकारिक यात्रा पर रहेंगे। मिकी यह यात्रा ऐसे समय में हो रही है जब वैश्विक अनिश्चितताएं बढ़ रही हैं। इस यात्रा का उद्देश्य प्रमुख क्षेत्रों में सहयोग को मजबूत करना और साथ ही महत्वपूर्ण क्षेत्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय मुद्दों का समाधान करना है। विदेश मंत्रालय के अनुसार विदेश सचिव की अमे. रिका यात्रा भारत-अमेरिका संबंधों के सभी पहलुओं की समीक्षा करने और व्यापार, रक्षा तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में सहयोग को आगे बढ़ाने का अवसर प्रदान करेगी।

### कैंसर से जूझ रहे लोगों ने श्रीनगर में बिताया उम्मीद भरा दिन

**श्रीनगर।** अस्पताल के माहौल से बाहर निकलकर कश्मीर के प्रसिद्ध ट्यूलिप गार्डन में पहुंचे कैंसर से जूझ रहे बच्चों के लिए मंगलवार का दिन खुशी और उम्मीद से भरा रहा। जबरवान पर्वत शृंखला की तलहटी में स्थित एशिया के सबसे बड़े ट्यूलिप उद्यान में आयोजित इस विशेष भ्रमण का उद्देश्य उपचार के बीच बच्चों का मनोबल बढ़ाना और उन्हें कुछ सुकून भरे पल देना था। शेर-ए-कश्मीर आयुर्विज्ञान संस्थान (स्किम्स) के चार से 18 वर्ष की उम्र के बच्चे इस कार्यक्रम में शामिल हुए।

# ईरान समर्थित समूहों का अमेरिकी ठिकानों पर ड्रोन हमला

## हमलों को ईरान के खिलाफ जारी अमेरिका-इजरायल अभियानों के प्रतिशोध के रूप में देखा जा रहा

**बगदाद/दमिश्क।** इराक और सीरिया में स्थित अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर ईरान समर्थित समूहों ने ड्रोन हमले किए गए हैं। इस्लामिक रेजिस्टेंस इन इराक के बैनर तले सक्रिय इन समूहों द्वारा किए गए हमलों को पश्चिम एशिया में ईरान के खिलाफ जारी अमेरिका-इजरायल अभियानों और अन्य क्षेत्रीय संघर्षों के प्रतिशोध के रूप में देखा जा रहा है।

इराकी मीडिया के अनुसार, इराक के अर्ध-स्वायत्त कुर्दिस्तान क्षेत्र में स्थित 'हरीर एयरबेस' पर मंगलवार तड़के एक मानव रहित विमान (ड्रोन) से हमला किया गया। अधिकारियों ने अभी तक हताहतों की संख्या या क्षति के विस्तार के बारे में विवरण जारी नहीं किया है। किसी भी समूह ने आधिकारिक तौर पर इस हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। हालांकि, 'इस्लामिक रेजिस्टेंस इन इराक' ने घोषणा की है कि उसने पिछले 24 घंटों के दौरान इराक और पूरे क्षेत्र में अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर आत्मघाती ड्रोनों से कम से कम 11 हमले किए हैं।

एक संबंधित घटना में, इराक-सीरिया सीमा के पास पूर्व अर्धसैनिक गठबंधन 'हशद अल-शाबी' (जिसे पॉपुलर मोबिलाइजेशन फोर्सेज के रूप में भी जाना जाता है) का एक लड़ाका मारा गया। स्थानीय मीडिया के अनुसार, गठबंधन ने इस हमले के लिए अमेरिकी और इजरायली सेना को जिम्मेदार ठहराया है। स्थानीय मीडिया ने गठबंधन के हवाले से बताया कि आज सुबह 4 बजे अनबार प्रांत के कायम जिले में 45वें ब्रिगेड पर विश्वासघाती अमेरिकी-इजरायली हमला किया गया।



- अधिकारियों ने अभी तक हताहतों की संख्या या क्षति के विस्तार के बारे में विवरण जारी नहीं किया
- पिछले 24 घंटों के दौरान इराक और पूरे क्षेत्र में अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर आत्मघाती ड्रोनों से कम से कम 11 हमले किए हैं

### ईरान के पारदीस प्रांत में अमेरिका-इजरायल हमला, छह की मौत

**तेहरान।** ईरान के पूर्वी प्रांत पारदीस में अमेरिका और इजरायल के हमले में तीन बच्चों समेत कम से कम छह लोग मारे गए हैं। मेहर न्यूज एजेंसी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। इस बीच सऊदी अरब के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि उसके वायु रक्षा बल ने सोमवार रात को देश के पूर्वी प्रांत में तेल इंडस्ट्री की जगहों के पास सात बैलिस्टिक मिसाइलों को रोक दिया। रक्षा मंत्रालय ने एक्स पर कहा कि पूर्वी प्रांत की ओर दागी गई सात बैलिस्टिक मिसाइलों को इंटरसेप्ट करके नष्ट कर दिया गया। मंत्रालय ने कहा कि बैलिस्टिक मिसाइलों के टुकड़े ऊर्जा स्थलों के पास गिरे हैं। नुकसान कितना हुआ है, इसका अंदाजा लगाया जा रहा है। पिछले कुछ घंटों में, वायु रक्षा प्रणाली ने देश के ऊपर 18 ड्रोन को रोका है। उल्लेखनीय है कि गत 28 फरवरी को अमेरिका और इजरायल ने तेहरान समेत ईरान के ठिकानों पर हमले किए, जिससे काफी जान माल का नुकसान हुआ। ईरान ने इसके जवाब में इजराइली इलाके और पश्चिम एशिया में अमरीकी सैन्य ठिकानों पर हमला किया।

### ईरान के लिए जासूसी करने के आरोप में दो हिरासत में

**दोहा।** बहरीन के लोक अभियोजक कार्यालय ने कहा कि ईरान के लिए जास. ूसी करने की कथित योजना में दो संदिग्धों को बहरीन के कानून प्रवर्तन अधिकारियों ने हिरासत में लिया है। बहरीन में अभियोजक कार्यालय ने सोमवार को एक बयान में कहा कि जासूसी करने और खुफिया सेवाओं तथा आतंकवादी इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर (आईआरजीसी) के लिए काम करने के आरोप में दो संदिग्धों को हिरासत में लिया गया है। बयान में आगे कहा गया कि आरोपियों पर देश में संवेदनशील ठिकानों की निगरानी करने, उनके बारे में जानक. ारी एकत्रित करने और उसे ईरान को हस्तांतरित करने का संदेह है। पिछले सप्ताह बहरीन में ईरान के लिए जासूसी के आरोप में हिरासत में लिए गए 32 वर्षीय व्यक्ति की पुलिस हिरासत में मौत के बाद विरोध प्रदर्शन हुए। उनके परिवार ने पुलिस पर जांच के दौरान यातना देने का आरोप लगाया लेकिन बहरीन के अधिकारियों ने इससे इनकार कर दिया। स्थानीय मानवाधिकार कार्यकर्ताओं के अनुसार, ईरान में संघर्ष शुरू होने के बाद से बहरीन के अधिकारियों ने कम से कम 250 लोगों को हिरासत में लिया है।

### युद्ध खत्म करने की कूटनीतिक कोशिशें 'निर्णयात्मक' चरण में: मोगादम

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में ईरान के राजदूत रेजा अमीरी मोगादम ने कहा है कि उनके देश के साथ अमेरिका-इजरायल युद्ध को रोकने की चल रही कूटनीतिक कोशिशें 'निर्णयात्मक, नाजुक' चरण में है, हालांकि उन्होंने और जानकारी नहीं दी।ईरान के अमेरिकी सम्पतियों और इलाके के दूसरे लक्ष्यों पर जवाबी हमलों के बाद खाड़ी के कई पारंपरिक मध्यस्थों के इस लड़ाई में शामिल होने के बाद पाकिस्तान एक मध्यस्थ के तौर पर सामने आया है। एक्सियोस ने एक वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी के हवाले से कहा कि अगर कोई कूटनीतिक समाधान जल्द ही होता दिखता है, तो अमेरिकी



राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ईरान के खिलाफ आगे की कार्रवाई में देरी कर सकते हैं।

### ईरान पर बातचीत अब भी जटिल, पक्ष बंटे हुए: रिपोर्ट

**अनताल्या।** ईरान युद्ध को खत्म करने से संबंधित बातचीत चुनौतीपूर्ण बनी हुई है और मूल मुद्दों पर दोनों पक्षों के बीच असहमति बरकरार है। तुर्की सरकार के एक सूत्र ने यह दावा किया। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सोमवार को कहा था कि अमेरिका-ईरान बातचीत सही दिशा में बढ़ रही हैं, हालांकि तुर्की सरकार के इस सूत्र ने ट्रम्प के दावे से बिल्कुल विप. रीत बयान दिया है। स्पूतनिक की एक रिपोर्ट में सूत्र के हवाले से कहा गया कि ईरान वार्ता बेहद तनावपूर्ण माहौल में चल रही है। दोनों पक्ष कई अहम मुद्दों पर अब भी असहमत हैं। इसकी वजह से समझौता मुश्किल हो गया है और पहले से अधिक कूटनीतिक प्रयासों की जरूरत बढ़ गई है।

# चीन पर क्यों नहीं पड़ा तेल संकट का असर

## 20 साल पहले इमरजेंसी भंडार बनाए, नए तरीकों से बिजली, केमिकल के लिए भी निर्भर नहीं

**बीजिंग।** पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच जहां कई देश ऊर्जा संकट से जूझ रहे हैं, वहीं चीन पर इसका असर बाकी दुनिया के मुकाबले कम दिखाई दे रहा है।

इसकी वजह यह है कि चीन खुद को कई सालों से ऐसे हालात के लिए तैयार कर रहा था। चीन दुनिया का सबसे बड़ा तेल खरीदने वाला देश है, इसलिए अगर तेल की सप्लाई में रुकावट आती है तो उसे सबसे ज्यादा नुकसान होना चाहिए था। लेकिन चीन ने पहले से ही बड़ी मात्रा में तेल जमा करके रखा हुआ है। इसके अलावा चीन बिजली से चलने वाले सिस्टम पर शिफ्ट कर चुका है और कोयले से भी जरूरी चीजें बना रहा है। चीन ने धीरे-धीरे अपनी ऊर्जा पालिसी को इस तरह बदला कि वह वैश्विक सप्लाई शाक का सामना कर सके।

- चीन दुनिया का सबसे बड़ा तेल खरीदने वाला देश है, चीन ने पहले से ही बड़ी मात्रा में तेल जमा करके रखा हुआ है



सरकार ने अहम सेक्टर्स में निवेश बढ़ाया और इंडस्ट्रियल स्ट्रेंथ को राष्ट्रीय सुरक्षा का हिस्सा बनाया। इसके साथ-साथ उसने बिजली बनाने के दूसरे तरीकों पर भी तेजी से काम किया है, जैसे सौर ऊर्जा, हवा से बनने वाली ऊर्जा और पानी से बनने वाली बिजली। इसी कारण अब चीन में पेट्रोल और डीजल की मांग धीरे-धीरे कम होती जा रही है। चीन की सरकार लंबे समय से यह मानती है कि मजबूत इंडस्ट्री ही देश की असली ताकत होती है। इसी सोच के तहत उसने अपनी फैक्ट्रियों और उत्पादन क्षमता को इतना मजबूत बना लिया है कि उसे बाहर के देशों पर कम निर्भर रहना पड़े। खास तौर पर उसने उन सेक्टर पर ज्यादा ध्यान दिया, जो उसके लिए रणनीतिक रूप से जरूरी हैं। सरकार सीधे तौर पर दिशा देती रही कि किन क्षेत्रों को मजबूत करना है, ताकि चीन किसी भी पश्चिमी देश के दबाव में न आए। ऊर्जा इस पूरी रणनीति का सबसे अहम हिस्सा रही है। कुछ साल पहले तक चीन पेट्रोल-डीजल वाली गाड़ियों का सबसे बड़ा बाजार था, लेकिन अब वह इलेक्ट्रिक गाड़ियों का सबसे बड़ा बाजार बन चुका है। इसका मतलब यह है कि वहां अब बड़ी संख्या में गाड़ियां तेल की जगह बिजली से चल रही हैं, जिससे तेल पर निर्भरता कम हो रही है।

# सील टीम-6 ने पहाड़ों से अमेरिकी पायलट को बचाया

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने ईरान में लापता दोनों पायलट्स को 36 घंटे के भीतर रेस्क्यू कर लिया। ईरान में 3 अप्रैल को एक ऑपरेशन पर गए एम-15ई फाइटर जेट्स पर हमला हुआ था। विमान के क्रैश होने से पहले दोनों पायलट्स पैराशूट की मदद से इजेक्ट हो गए थे।

इसमें से एक पायलट को अमेरिकी सेना ने कुछ ही घंटे बाद ढूंढ लिया जबकि दूसरे के लिए एक बड़ा रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया। इसकी सफलता की तारीफ अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भी की। उन्होंने इसे देश के इतिहास का सबसे खतरनाक रेस्क्यू मिशन बताया। एक रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि अमेरिकी नेवी की स्पेशल यूनिट 'सील टीम-6' ने इसे अंजाम दिया।


ग्राम के विकास के लिए समर्पित

फिरोज बेग



ग्राम प्रधान पद के युवा, शिक्षित व ईमानदार प्रत्याशी

ग्राम पंचायत रेहड़







## नेपाल की नई सरकार ने लिया बड़ा फैसला

**काठमांडू।** नेपाल सरकार ने एक बड़ा फैसला लेते हुए भारत समेत छह देशों से अपने राजदूतों को वापस बुला लिया है। इन सभी राजदूतों की नियुक्ति पिछली के.पी. शर्मा ओली सरकार ने की थी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लोक बहादुर क्षेत्री ने बताया कि कैबिनेट की बैठक में यह निर्णय लिया गया। जिन देशों से राजदूतों को वापस बुलाया गया है, उनमें भारत, आस्ट्रेलिया, श्रीलंका, डेनमार्क, दक्षिण कोरिया और दक्षिण अफ्रीका शामिल हैं। नेपाल सरकार के इस फैसले के बाद अब भारत में नेपाल के राजदूत शंकर प्रसाद शर्मा को भी अब वापस लौटना होगा। इसके अलावा जिन राजदूतों को वापस बुलाया गया है उनमें- आस्ट्रेलिया से चित्रलेखा यादव, डेनमार्क से सुम्निमा तुलाधर, श्रीलंका से पूर्ण बहादुर नेपाली, दक्षिण कोरिया से शिवमाया तुम्बाहाम्फे और दक्षिण अफ्रीका से कपिलमान श्रेष्ठ को वापस बुलाया गया है। नेपाली विदेश मंत्रालय मुताबिक ने सोमवार को इन सभी राजदूतों को पत्र जारी कर दिए हैं। सरकार ने उन्हें एक महीने के भीतर नेपाल लौटने का निर्देश दिया है। इससे पहले, अंतरिम प्रधानमंत्री सुशीला कार्की के नेतृत्व वाली कार्यवाहक सरकार ने भी ओली प्रशासन के समय राजनीतिक कोटे के तहत नियुक्त 17 में से 11 राज. दूतों को वापस बुला लिया था।


आवश्यकता है

जामिया इस्लामिया अरबिया मुरादिया स्कूल, चरथावल रोड

(English Medium - कक्षा 1 से 5 तक)

विद्यालय हेतु एक योग्य एवं अनुभवी प्रधानाचार्य (Principal) तथा प्रशिक्षित अध्यापकों (Teachers) की आवश्यकता है।

प्रधानाचार्य के लिए योग्यता: स्नातक/स्नातकोत्तर (शिक्षा में वरीयता) B.Ed

अध्यापक के लिए योग्यता: स्नातक/स्नातकोत्तर (संबंधित विषय में) B.Ed/BTC

आकर्षक वेतन (योग्यता एवं अनुभव के अनुसार), अनुशासित एवं शैक्षणिक वातावरण

प्रवेश संबंधित सूचना: प्रवेश प्रारंभ (Admissions Open)

मासिक शुल्क: 50 रु. मात्र, प्रवेश निःशुल्क (Free Admission)

स्थान: चरथावल रोड: इच्छुक अभ्यर्थी अपना Resume शीघ्र भेजें या संपर्क करें।

M. : 9368215210



अब खबरें आपके मोबाइल फोन पर... www.shahtimesnews.com



यौन समस्याएं

यौन समस्याओं के विशेषज्ञ



पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें

डा. सम्राट

नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।

नावल्टी सिनेमा चौक मुजफ्फरनगर (यू.पी.)

M-9412211108



श्री कृष्णा वोकेशनल एण्ड पैरामैडिकल कॉलेज

गांधी कॉलोनी, मेन पचैण्ड़ा रोड़, निकट गऊशाला, मुजफ्फरनगर

प्रवेश सूचना-पैरामेडिकल/वोकेशनल एण्ड यूनिवर्सिटी कोर्स

10th व 12th (OPEN Board) से करें (विषय-साइंस, आर्ट, कॉमर्स etc.)

प्रवेश- 10th हेतु- 8th पास/10th फेल, 12th हेतू-10th पास/12th फेल

(Fresh, Part Admission & TOC Facility Available) (Exam-July व Oct 2026)

NIOS(शिक्षा मंत्रालय) कोर्स- DNYS, Radiology (X-Ray Tech), CCH(एलोपैथिक), CAT(आयुर्वेदिक-पंचकर्म टैक), CHD(होम्यापैथिक), Diploma in Yoga & YTTP, ECCE-(प्री-प्राईमरी शिक्षक हेतु), CCA (कम्पयूटर), ET (इलेक्ट्रिकल टैक.) ETC.

Contact us for UGC Approved University Courses:- Dip. in CMS&ED, Dip. in Panchkarma Therapy, OT Tech., DMLT, BMLT, BNYS, Optometry, Ophthalmic, Dental Tech & Hygiene, Radiology & Imaging Tech, Dietician and Nutritionist, Optician Dispensing, MPHW, MRT, Agriculture, Bachelor (All Paramedical) BBA, MBA, BSC, MSC, B.Com, M.Com, M.A. B.A. Polytechnic, ITI, Nursing Assitant Etc.

M.: 8505978850, 9634519104



ADMISSION OPEN

Mom & Me

NURTURING WITH LOVE

PLAY | NURSERY | LKG | UKG | 1st to 4th

M.: 9997023008

Branch1- New Mandi, Near Bala ji Dham Chowk

Branch2- Circular Road, Opp. Canara Bank



जो माता-पिता अपने बच्चों की पढ़ाई से संतुष्ट नहीं हैं और अपने बच्चों को किसी भी क़ीमत पर होशियार और सफल बनाना चाहते हैं तो संपर्क करें!

ESTD. 1995

Unique COACHING CENTRE

UNIQUE SUCCESS POINT

पहले देखे! फिर विश्वास करें!

FREE 10 DAYS DEMO

आपकी एक मीटिंग हमारे साथ आपके बच्चों का जीवन बदल सकती है!

BOTH U.P. & C.B.S.E. BOARD STUDENTS CLASS I TO X

+91 7505612792
+91 9412507193

DIR- LOKESH CHAUHAN M.Sc (Phy.), B.Ed.